RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 222
लखनऊ, शनिवार, 3 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



लक्ष्य थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में
स्पोर्ट्स-12

# ओडिशा में तीन ट्रेनें भिड़ीं, 70 लोगों की मौत

## 350 से अधिक घायल, कोरोमंडल, बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेनें पटरी से उतरीं, मालगाड़ी टकराई, देर शाम हुई दुर्घटना, मृतकों और घायलों की बढ़ सकती है संख्या

**पीएनएस/एजेंसी।** बालासोर/हावड़ा

**ओडिशा** में शुक्रवार को बेंगलुरू-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी की टक्कर में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई और 350 से अधिक लोग घायल हो गए। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि हावड़ा जा रही 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कई डिब्बे बहनागाबाजार में पटरी से उतर गए और अप लाइन पर गिर गए।

उन्होंने कहा, 'पटरी से उतरे ये डिब्बे 12841 शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस से टकरा गए और इसके डिब्बे भी पलट गए।' अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना में एक मालगाड़ी भी शामिल थी क्योंकि कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतरने के बाद उसके डिब्बों से टकरा गए थे। उन्होंने कहा कि दुर्घटना हावड़ा से करीब 255 किलोमीटर दूर शाम करीब सात बजे हुई। अधिकारियों ने कहा कि जिले भर के विभिन्न अस्पतालों में 350 से अधिक लोगों को भर्ती कराया गया है, राज्य की राजधानी भुवनेश्वर सहित आसपास के जिलों में सभी निजी और सरकारी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है।

### ● रेल मंत्री ने मृतकों के लिए 10 लाख, गंभीर रूप से घायलों के लिए 2 लाख और मामूली रूप से घायलों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की

उन्होंने बताया कि अभी तक 50 शवों को पलटी हुई बोगियों के नीचे से निकाला जा सका है। घटनास्थल पर पीटीआई के एक रिपोर्टर ने कहा कि पटरी से उतरे डिब्बों के नीचे कई लोग फंसे हुए थे और स्थानीय लोग उन्हें बचाने के लिए आपातकालीन सेवा कर्मियों की मदद कर रहे थे, लेकिन अंधेरा ऑपरेशन में बाधा बन रहा था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वह दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना के लिए मेरी प्रार्थना। भुवनेश्वर और कोलकाता से बचाव दल बुलाए गए हैं। एनडीआरएफ, राज्य सरकार की टीमें और वायु सेना भी राहत व बचाव कार्य में जुटी है। उन्होंने मृतकों के लिए 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए 2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि उन्होंने स्थिति की समीक्षा की है और शनिवार तड़के दुर्घटनास्थल का दौरा करेंगे। ओडिशा के मुख्य सचिव प्रदीप जेना ने कहा कि 132 घायलों को सोरो, गोपालपुर और खांटापाड़ा स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया, जबकि 47 लोगों को बालासोर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विशेष राहत सचिव सत्यब्रत साहू और राजस्व मंत्री प्रमिला मलिक को दुर्घटनास्थल पर जाने का निर्देश दिया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना राहत ट्रेनों को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि



### हेल्पलाइन जारी

**ओडिशा** सरकार ने हेल्पलाइन 06782-262286 जारी की है। रेलवे हेल्पलाइन 033-26382217 (हावड़ा), 8972073925 (खड़गपुर), 8249591559 (बालासोर) और 044-25330952 (चेन्नई) हैं।

ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स (ओडीआरएएफ) की चार इकाइयां, एनडीआरएफ की तीन इकाइयां और 60 एंबुलेंस घायलों को बचाने के लिए काम कर रही हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह दुर्घटना से व्यथित हैं, और स्थिति का जायजा लेने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने कहा कि राज्य मंत्री मानस भुनिया और सांसद डोला सेन के नेतृत्व में एक टीम मौके पर भेज रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी कर रही हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि हम अपने लोगों की खातिर ओडिशा सरकार और दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ समन्वय कर रहे हैं। हमारे आपातकालीन नियंत्रण कक्ष को तुरंत 033- 22143526/ 22535185 नंबरों के साथ सक्रिय कर दिया गया है। बचाव और राहत के लिए सभी प्रयास शुरू किए गए हैं।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** ओडिशा रेल हादसे पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, रेल दुर्घटना में लोगों की मौत से अत्यंत दु:खी हूं, शोक संतप्त परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। मैं बचाव अभियान सफल होने और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ओडिशा में ट्रेन हादसे से दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने ओडिशा राज्य के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# समर्थन में उतरे 1983 विश्व कप विजेता

**पहलवानों का मुद्दा**

### ● पूर्व क्रिकेटरों ने हड़बड़ी में कोई भी फैसला न लेने का किया अनुरोध, उम्मीद जताई कि उनके मसलों को सुना जाएगा

### ● खाप पंचायत ने की बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग, सरकार को नौ जून तक का समय दिया

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/कुरुक्षेत्र

1983 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को पहलवानों के समर्थन में उतरते हुए उनसे आनन फानन में कोई फैसला नहीं लेने का अनुरोध किया और उम्मीद जताई कि उनके मसलों को सुना जाएगा और उसका हल निकाला जाएगा। एक संयुक्त बयान में 1983 विश्व कप विजेता टीम ने कहा कि वे चैम्पियन पहलवानों के साथ बदसलूकी की तस्वीरें देखकर काफी व्यथित हैं। लेकिन उन्हें उम्मीद है कि कानून अपना काम करेगा। वहीं हरियाणा के कुरुक्षेत्र में खाप महापंचायत ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की और सरकार को इस पर कार्रवाई के लिए नौ जून तक का समय दिया।



### बृजभूषण की अयोध्या रैली को नहीं मिली अनुमति

**अयोध्या।** अयोध्या जिला प्रशासन ने भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को यहां राम कथा पार्क में पांच जून को संत सम्मेलन के आयोजन की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृजभूषण महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे हुए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी (अयोध्या) एस पी गौतम ने कहा कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों के मद्देनजर बृजभूषण की ओर से भाजपा पार्षद चमेला देवी के माध्यम से मांगी गई अनुमति को नामंजूर कर दिया गया है।

### इंसाफ हो, लेकिन कानूनी प्रक्रिया के जरिए: ठाकुर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि हर कोई चाहता है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवानों को इंसाफ मिले लेकिन यह कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही संभव है। ठाकुर के इस बयान से दो दिन पहले एक महीने से अधिक समय से धरने पर बैठे शीर्ष पहलवानों ने अपने पदक हरिद्वार में गंगा नदी में बहाने की धमकी दी थी। ठाकुर ने टाइम्स नेटवर्क द्वारा आयोजित आर्थिक सम्मेलन में एक प्रश्न उत्तर सत्र में कहा, सरकार भी निष्पक्ष जांच चाहती है। हम सभी चाहते हैं कि न्याय मिले लेकिन इसके लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार करना होगा।

### भगवान राम की नई मूर्ति के अभिषेक के लिए मोदी को आमंत्रित करेगा ट्रस्ट

**अयोध्या।** राम मंदिर ट्रस्ट अगले साल मकर संक्रांति पर्व पर या उसके आसपास राम जन्मभूमि पर भगवान राम की नई मूर्ति के अभिषेक के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित करेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के सदस्यों की हालिया बैठक में यह फैसला लिया गया। राय ने कहा, राम जन्मभूमि पर भगवान राम की नई मूर्ति के अभिषेक के लिए प्रधानमंत्री मोदी को अनुरोध पत्र भेजा जाएगा। इस पत्र पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के हस्ताक्षर होंगे। राय ने कहा कि राम मंदिर का भूतल अक्टूबर 2023 तक बनकर तैयार हो जाएगा और दिसंबर 2023 तक रामलला को गर्भगृह में विराजमान किए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में रामलला की मूर्ति के अभिषेक के बाद पूजा-अर्चना के लिए मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। इस सप्ताह अयोध्या में हुई ट्रस्ट की बैठक में 11 सदस्य मौजूद थे, जबकि संस्थापक सदस्य के परासरन बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

# राहुल ने आईयूएमएल को बताया धर्मनिरपेक्ष

### ● कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखा आरोप-प्रत्यारोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष पार्टी बताने को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल के बीच तीखा आरोप-प्रत्यारोप देखने को मिला। भाजपा ने आरोप लगाया कि केरल में कांग्रेस की यह सहयोगी पार्टी मोहम्मद अली जिन्ना की ऑल इंडिया मुस्लिम लीग वाली मानसिकता का अनुसरण करती है। इस पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को अपने संस्थापक लालकृष्ण आडवाणी से पूछना चाहिए कि उन्होंने जिन्ना की मजार पर सलामी क्यों दी थी और जिन्ना को सबसे बड़ा धर्मनिरपेक्ष क्यों बताया था? राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा था, मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। उसमें गैर-धर्मनिरपेक्ष जैसा कुछ नहीं है। उनसे



वाशिंगटन में शुक्रवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

सवाल किया गया था कि वह भाजपा का विरोध करते हुए धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र की रक्षा की बात करते हैं, लेकिन ऐसा क्यों है कि वह केरल में आईयूएमएल से गठबंधन करते हैं? राहुल गांधी के इस बयान को लेकर भाजपा नेताओं ने उन पर और कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार किया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, ये वही लोग हैं, जो विभाजन के बाद यहीं रुक गए थे। उन्होंने विभाजन के बाद यहां मुस्लिम लीग का गठन किया और सांसद बने। उन्होंने शरिया कानून की वकालत की, मुसलमानों के लिए वे अलग सीट आरक्षित करना चाहते थे। ये वही लोग हैं, जो उसी मुस्लिम लीग का हिस्सा हैं। यह राहुल गांधी और कांग्रेस है, जिसे हिंदू आतंकवाद दिखता है, लेकिन उसे लगता है कि मुस्लिम लीग धर्मनिरपेक्ष है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि क्षेत्रीय पार्टी और जिन्ना के संगठन के बीच संबंध हैं। उन्होंने कहा कि जिन्ना की पार्टी ने मद्रास प्रेसीडेंसी में स्वतंत्रता पूर्व प्रांतीय चुनावों में जीत हासिल की थी, जिसका आज का केरल तब एक हिस्सा था। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि मालप्पुरम जिला निकाय ने 2013 में लड़कियों की शादी की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल करने का प्रस्ताव पारित किया था, क्योंकि इलाके में मुस्लिम बहुसंख्यक थे। त्रिवेदी ने कहा कि राज्य की तत्कालीन कांग्रेस सरकार, जिसमें मुस्लिम लीग भी शामिल थी, विपक्ष के उग्र विरोध के बाद ही इस मुद्दे पर पीछे हटी।भाजपा की केरल इकाई के नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री के जे अल्फोंस ने राहुल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें इस तरह की टिप्पणियों के लिए माफ कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि उनकी बौद्धिक क्षमता सीमित है।

## क्विक न्यूज

### शाह की अपील के बाद मणिपुर में लोगों ने सौंपे 144 हथियार

**इंफाल।** मणिपुर में शांति के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के चार दिवसीय दौरे का सकारात्मक असर उनकी यात्रा समाप्ति के अगले ही दिन दिखने लगा है। मणिपुर में शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर लोगों ने 144 हथियार सौंपा है। शाह ने मणिपुर में कई बैठकें करने के बाद शांति बनाने की अपील की थी। प्रदेश सरकारी तरफ से जारी बयान में कहा गया कि सुरक्षा एजेंसियों को अब तक 11 मैगजीन के साथ 144 हथियार प्राप्त हुए हैं। शाह की अपील के बाद सरेंडर किए गए 144 हथियारों में एसएलआर 29, कार्बाइन, एके 47, इंसास राइफल, इंसास एलएमजी, प्वाइंट 303 राइफल, 9 एमएम पिस्टल, प्वाइंट 32 पिस्टल, एम16 राइफल, स्मोक गन और आंसू गैस, स्थानीय निर्मित पिस्तौल, स्टेन गन, राइफल, ग्रेनेड लांचर और जेवीपी शामिल हैं। ज्ञात रहे कि मणिपुर में एक महीने पहले भड़की हिंसा में कम से कम 98 लोगों की जान जा चुकी है और 310 लोग घायल हो गए। सरकार ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी बयान के अनुसार इस समय 272 राहत शिविरों में कुल 37,450 लोग हैं।

# शहरी क्षेत्र में भी लागू होगी मातृभूमि योजना

### ● सीएम ने यूपी मातृभूमि योजना का किया शुभारम्भ, 370 उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को प्रदान किए पुरस्कार, 3145 ग्राम पंचायतों सचिवों को किया लैपटॉप का वितरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर योगी ने मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत 370 उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत उन्होंने 3145 ग्राम पंचायतों सचिवों को लैपटॉप वितरित किए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना' के शुभारम्भ तथा 'मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन योजना' के पुरस्कार वितरण एवं राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान' के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सचिवों के लैपटॉप वितरण कार्यक्रम के अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्री राम ने लक्ष्मण से कहा था 'अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते। जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।' उन्होंने कहा कि मां और जन्मभूमि स्वर्ग से बढ़कर होती है। इनकी कोई तुलना नहीं की जा सकती है। इसलिए मातृभूमि योजना से सबको जुड़ने का सौभाग्य मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अभी इस योजना को ग्रामीण क्षेत्र में लागू किया है। मातृभूमि योजना को हम शहरी क्षेत्र में भी लागू करेंगे। इससे दो तरह के कार्य होंगे एक तो व्यक्ति अपनी जड़ों के साथ जुड़ेगा, दूसरा अपनी मातृभूमि के लिए कुछ कर पाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग एक ऐसा मैकेनिज्म विकसित करे जिसके माध्यम से पैसा देने वाले व्यक्ति को उसकी एक-एक पाई का हिसाब दिया जा सके। योजना में सरकार की तरफ से 60 फीसदी पैसा अपनी मातृभूमि के लिए कुछ करने की सोच रखने वाला व्यक्ति देगा और 40 फीसदी पैसा एवं जमीन राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। सीएम योगी ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है इसलिए उसके मन में अपनी मातृभूमि के मन में आदर का भाव रहता है। हर व्यक्ति का अपनी मातृभूमि के प्रति लगाव होता है। आवश्यकता है उसे जोड़ने की है। उसके मन में विश्वास पैदा करने की है। पहले लोगों को पता था कि प्रदेश सरकार के बजट में बंदरबांट हो रहा है। हम पैसा भेजेंगे तो उसमें भी बंदरबांट हो जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 10 नगर निगम स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रहे हैं।



# देश में सबसे अधिक तंबाकू छोड़ने वाले उत्तर प्रदेश के

## केंद्र के अधीन काम करने वाली नेशनल टोबेको क्विटलाइन सर्विसेज ने कराया सर्वेक्षण

### ● 1,56,644 लोगों ने तंबाकू का सेवन सफलतापूर्वक छोड़ा इनमें सबसे अधिक 1,23,508 यूपी के

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार के अधीन काम करने वाली नेशनल टोबेको क्विटलाइन सर्विसेज (एनटीक्यूएलएस) द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के मुताबिक देश में सबसे अधिक तंबाकू छोड़ने वाले उत्तर प्रदेश के हैं।

सर्वेक्षण के नतीजों को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में 31 मई को वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट (वीपीसीआई) ने जारी किया। वीपीसीआई का अध्ययन एनटीक्यूएलएस के आंकड़ों पर अधारित है जिसमें खुलासा हुआ कि 30 अप्रैल 2016 से 30 मई 2023 तक 71,39,473 इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (आईवीआर) कॉल आए। इस केंद्र द्वारा प्राप्त कुल आईवीआर कॉल में 20,43,227 कॉल में परामर्श दिया गया जिनमें 9,96,302 इनबाउंड कॉल (ग्राहक द्वारा केंद्र को किया गया कॉल) और 26,80,657 आउट बाउंड कॉल (केंद्र से ग्राहक को किया गया कॉल) थे और 3,91,160 कॉल सेंटर द्वारा पंजीकृत किए गए।



सर्वेक्षण में अधिकतर कॉल करने वाले उत्तर प्रदेश से थे। सर्वेक्षण के मुताबिक 1,56,644(कॉलसेंटर में पंजीकृत लोगों का 40 प्रतिशत) लोगों ने तंबाकू का सेवन सफलतापूर्वक छोड़ दिया। इनमें से सबसे अधिक 1,23,508 उत्तर प्रदेश के थे। वीपीसीआई के निदेशक डॉ.राजकुमार ने कहा, मैं दो उद्देश्यों के साथ काम करना चाहूंगा। पहला, जिन्होंने तंबाकू का सेवन शुरू नहीं किया है, वे इसे शुरू नहीं करें।

दूसरा जिन्होंने यह गलती कर दी है उन्हें यह छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आपको तंबाकू छोड़ने के लिए कोई मदद चाहिए तो हम मदद को तैयार हैं। एनटीक्यूएलएस पहले ही सही सूचना और तंबाकू छोड़ने संबंधी उचित परामर्श देकर मदद करने के लिए तैयार है। सर्वेक्षण के आंकड़ों में सकेंत मिला है कि 98 प्रतिशत कॉल करने वाले पुरुष हैं जबकि पांच प्रतिशत ट्रांसजेंडर ने तंबाकू छोड़ने में मदद के लिए कॉल किया। वहीं महिलाओं की संख्या सबसे कम दो प्रतिशत रही। अध्ययन के मुताबिक सर्वेक्षण में शामिल सबसे अधिक तंबाकू ग्राहकों (1,74,097) ने 10वीं तक की पढ़ाई की है।

# विश्व मानवता के लिए अनुपम उपहार है योग

## मुख्यमंत्री ने की अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा, 15 से 21 जून तक मिलकर योग सप्ताह मनाने को कहा

● सभी मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिले में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल सहयोगियों और शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपने सरकारी आवास पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि योग भारतीय मनीषा द्वारा विश्व मानवता को प्रदान किया गया वह अमूल्य उपहार है जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। हमारे ऋषि मुनियों के इस प्रसाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया को परिचित कराया है। इस वर्ष 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'हर घर-आंगन योग' रखी गई है, जिससे योग के माध्यम से प्रत्येक परिवार को कल्याण एवं स्वास्थ्य प्राप्त हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस वर्ष 15 जून से 21 जून 2023 तक 'योग सप्ताह' के रूप में मनाया जाना चाहिए। योग सप्ताह की अवधि में जिला मुख्यालयों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सार्वजनिक पार्कों में प्रतिदिन प्रात:काल 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास हो। विश्ववविद्यालय, महाविद्यालय, स्कूल, कॉलेज में योग से संबंधित सेमिनार व कार्यशाला आयोजित हों, जिसमें आधुनिक जीवन शैली में योग की भूमिका की भूमिका, मानसिक विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका, योग, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली-पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन, आशु भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

योगी ने कहा कि योग सप्ताह के विविध कार्यक्रमों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों की सहभागिता भी होनी चाहिए। आम जन की सुविधा और जागरूकता के लिए कॉमन योग प्रोटोकॉल के वीडियो लिंक भी प्रसारित किए जाने चाहिए।

स्वयंसेवी संस्थाओं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, योग संस्थानों, एनसीसी कैडेट, स्काउड एंड गाइड और एनएसएस स्वयंसेवकों को योग दिवस से जोड़ा जाना चाहिए। अधिकाधिक जन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्वपूर्ण आयोजन से जोड़ने के लिए जन जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन सभी मंत्री अपने प्रभार वाले जनपद में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रमों से जोड़ें। योग प्रशिक्षक भी दिए जाएं। विश्वविद्यालयों के विशाल परिसर में बड़े योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। 21 जून के मुख्य समारोह को सभी 58 हजार ग्राम पंचायतों और 762 नगरीय निकायों में आयोजित किया जाए। अमृत सरोवर, ऐतिहासिक महत्व के स्थलों और सांस्कृतिक स्थलों में हो योगाभ्यास कराया जाना उचित होगा। सभी 14 हजार वार्डों में योगाभ्यास के लिए पार्षदों के माध्यम से स्थान चिन्हित कराएं।

उन्होंने कहा कि 20 जून को नगर विकासए ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग स्थानीय शिक्षण संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्वच्छता का विशेष अभियान चलाए। बच्चों को फल-मिष्ठान वितरण भी हो। नगर विकास विभाग द्वारा योगाभ्यास के लिए प्रस्तावित स्थलों पार्कों की साफ-सफाई करा ली जाए।

# इस साल 17 हजार ग्राम पंचायतों में चलेंगी किसान पाठशालाएं

● लैब टू लैंड नारे को साकार कर रहे मिलियन फार्मर्स स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खेतीबाड़ी** की बेहतरी और किसानों की खुशहाली से जुड़े संस्थानों में जो शोध कार्य हो रहे हैं वह प्रगतिशील किसानों के जरिए आम किसानों तक कैसे पहुंचे। इस बाबत बहुत पहले 'लैब टू लैंड' का नारा दिया गया था। यह नारा आज भी उतना ही प्रासंगिक है। इस नारे को पहली बार योगी सरकार ने 'द मिलियन फार्मर्स स्कूल' के जरिए साकार किया। इस सिलसिले को जारी रखते हुए सरकार ने खरीफ के मौजूदा एवं रबी के आगामी सीजन में प्रदेश के 17 हजार ग्राम पंचायतों में किसान पाठशाला आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस पर सरकार करीब 21 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इस दौरान सामयिक फसलों के लिए खेत की तैयारी से लेकर उन्नत प्रजाति के बीजए बीज शोधन, बोआई का समय, खाद-पानी और समय-समय पर फसल संरक्षा के उपायों की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। यही नहीं अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के मद्देनजर इस बार मोटे अनाजों की खेती पर भी जोर होगा। अलग.अलग फसलों का जिलेवार प्रति हेक्टेयर, प्रति कुंतल अधिकतम एवं न्यूनतम उत्पादन का पता लगाने के बाद इन किसान पाठशालाओं के जरिए न्यूनतम उत्पादन वाले जिलों में संभव कशिश करके उत्पादन बढ़ाने पर भी फोकस करेगी। उल्लेखनीय है कि 'लैब टू लैंड' नारे को साकार करने के लिए पहले कार्यकाल 2017-2018 में रबी के सीजन में योगी सरकार ने 'द मिलियन फार्मर्स स्कूल' (किसान पाठशाला) के नाम से एक अभिनव प्रयोग किया था।

# अधिकारी ओवरलोड वाहनों की कड़ाई से नियमित करें जांच: दयाशंकर सिंह

● परिवहन मंत्री ने ड्राइविंग ट्रेनिंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट खोलने के मुद्दे पर अफसरों व ऑटो मोबाइल सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम मुख्यालय टेहरी कोठी लखनऊ स्थित सभागार कक्ष में 14 मडलीय जिलों में खुलने वाले ड्राइविंग ट्रेनिंग टेस्टिंग इंस्टीट्यूट के सम्बंध में विभागीय अधिकारियों एवं ऑटोमाबाइल सेक्टर से जुड़ी प्रतिष्ठित कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रतिनिधियों से पीपीपी मॉडल अथवा सीएसआर के माध्यम से इन 14 डीटीटीआई सेन्टरों के संचालन, मेंटेनेन्स इत्यादि के लिए अपने प्रस्ताव विभाग को दो सप्ताह में देने के निर्देश दिए। परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा महत्वपूर्ण विषय है। प्रतिवर्ष दुर्घटना से होने वाली मृत्यु को कम करने के लिए हम सभी को प्रयास करना है जिससे कि लोगों को सुरक्षित यात्रा मुहैया करायी जा सके। यह एक लोकहित का विषय भी है। लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा में लोगों की सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। मंत्री के निर्देशों के क्रम में ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में विजीट करके अपना प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध करा देंगे। इसी प्रकार अन्य कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भी दो सप्ताह में विभाग को अपना प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया।

परिवहन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को ओवरलोड वाहनों के नियमित चेकिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग की शिकायतें लगातार आ रही हैं। ओवरलोडिंग की नियमित जांच हो और ओवरलोडिंग वाहनों का नियमानुसार चालान किया जायए जिससे कि ओवरलोडिंग को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी सम्भागीयध्उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी क्षेत्र में जाएं और वाहनों के ओवरलोडिंग के साथ-साथ बिना एचएसआरपी वाले वाहन या नम्बर प्लेट छिपाकर चलने वाले वाहनों की कड़ाई से जांच करें। शिकायत मिलने पर अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन श्री वेंकटेश्वर लूए परिवहन आयुक्त श्री चन्द्रभूषण सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आईआईटी मंडी में एडवांस कंप्यूटिंग व रोबोटिक्स सीखेंगे छात्र

## यूपी के 100 छात्रों और 100 शिक्षकों का ग्रुप आईआईटी मंडी के लिए हुआ रवाना

● समर कोर्स की समाप्ति के बाद ट्रेन्ड शिक्षक प्रदेश के अन्य छात्रों के लिए बनेंगे मास्टर ट्रेनर'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के छात्र अब आईआईटी जैसे देश के प्रख्यात प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थानों से जुड़कर नए और रोजगारपरक कोर्सेज का हिस्सा बन सकेंगे। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के 100 छात्रों और 100 शिक्षकों का एक ग्रुप शुक्रवार को लखनऊ से हिमाचल प्रदेश के आईआईटी मंडी के लिए रवाना हो गया। यह ग्रुप एक माह तक (5 जून से 5 जुलाई तक) वहां न्यू एज यानी मॉडर्न टेक्नोलॉजी वाले कोर्स का अध्ययन करेगा। समर कोर्सेज का हिस्सा बने इन छात्रों को इस न्यू एज कोर्स के माध्यम से देश और दुनिया में रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तो वहीं अध्ययन करने वाले शिक्षक दूसरे छात्रों को इन कोर्सेज के जरिए लाभान्वित कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी कौशल विकास के माध्यम से 'सबको हुनर, सबको काम' दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। सीएम की मंशा के अनुरूप कौशल विकास मिशन ने युवाओं को नए और डिमांड वाले कोर्सेज में छात्रों को निखारने के लिए मिशन श्प्रयासश् की शुरुआत की है। कौशल विकास मिशन के एक अधिकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और आईआईटी मंडी के बीच बीते दिनों एक एमओयू हुआ था। इसके अनुसार जो भी बच्चे इस वर्ष 12वीं में पास हुए हैं उन्हें एडवांस कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स जैसी नई तकनीक वाले समर कोर्स कराए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने एक ऑनलाइन टेस्ट का आयोजन किया था। टेस्ट में सफल बच्चों का मेरिट लिस्ट के आधार पर 100 छात्रों का चयन किया गया। इनमें 48 लड़कियां भी सम्मिलित हैं।

इन छात्र-छात्राओं की लिस्ट आईआईटी मंडी ने कौशल विकास मिशन को सौंपी, जिसके बाद हमने उन्हें संपर्क किया। यह 100 छात्र इंटर कॉलेज और आईटीआई से जुड़े हुए हैं। इसमें माध्यमिक के वो छात्र चुने गए हैं, जिन्होंने इस साल विज्ञान विषय के साथ इंटर पास किया है। इसके अलावाए माध्यमिक के 50 शिक्षक और आईटीआई के 50 शिक्षकों को भी इन कोर्सेज के लिए चयनित किया गया है। इनको लेकर शुक्रवार को 5 बसें मंडी के लिए रवाना हो गई हैं। व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल व माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने इन बसों को रवाना किया।

### सीखकर लौटने वाले शिक्षक बनेंगे मास्टर ट्रेनर

**अधिकारी** के अनुसार इस पूरे कार्यक्रम की फंडिंग उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा की जाएगी। उनके अनुसार माध्यमिक शिक्षा से जो 50 शिक्षक चुने गए हैं, उन्हें उनके विभाग ने नामित किया है। इसी तरह आईटीआई के इंस्ट्रक्टर्स को भी निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन द्वारा नामित किया गया है। ये शिक्षक जब आईटीआई मंडी से नए कोर्स सीखकर लौटेंगे तो ये हमारे मास्टर ट्रेनर बन जाएंगे। आगे चलकर इंटर कॉलेज और आईटीआई में हम इनके माध्यम से इन नए कोर्सेज की एक श्रंखला की शुरुआत कर सकेंगे। वहीं, जो बच्चे इन कोर्सेज का हिस्सा बन रहे हैं, उनका प्रोफाइल और मजबूत होगा और उन्हें आर्टिफि शियल इंटेलीजेंस, एडवांस कंप्यूटिंग और रोबोटिक्स जैसे सेक्टर में अपने सुनहरे करियर का मार्ग प्रशस्त करने का अवसर मिलेगा। आने वाले समय में यूपी के छात्रों के लिए आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी तिरुपति, आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू जैसे संस्थान भी इस तरह के समर कोर्सेज की शुरुआत कर सकते हैं। कौशल विकास मिशन की इन तकनीकी संस्थानों के साथ भी बातचीत चल रही है और जल्द ही इनके बीच एमओयू की संभावना है। कौशल विकास मिशन विभिन्न निजी कंपनियों के माध्यम से भी यूपी के छात्रों को नए तरह के कौशल से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। एचसीएल टेक्नोलॉजी जैसी कंपनियों के साथ कई नए कोर्सेज शुरू करने के प्रस्तावों पर सहमति की संभावना है। इसी तरह 5जी जैसी तकनीक में भी युवाओं को स्किल्ड बनाने के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए जाने की संभावना है।

# राहुल के बयान की मायावती ने की निंदा, बताया भाजपा-कांग्रेस को दोषी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने राहुल गांधी पर साधा निशाना है। राहुल गांधी के विदेश में बयान पर मायावती ने ट्वीट कर निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसी कड़वी सच्चाई के लिए केंद्र की सरकारें दोषी हैं। कांग्रेस, बीजेपी व अन्य पार्टियों की रही सरकारें दोषी। गरीबों, वंचितों पर अन्याय-अत्याचार, शोषण आम बात है। संविधान के बाद लगातार शोषित पीड़ित लाचार हैं। यूपी में केवल बीएसपी ने कानून का राज स्थापित किया। शुक्रवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए मायावती ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष द्वारा अमेरिकी दौरे में भारत के करोड़ों दलितों व मुस्लिम समाज की दयनीय दशा एवं उनके जान.माल, मजहब की असुरक्षा आदि के बारे में दिया गया बयान ऐसी कड़वी सच्चाई है जिसके लिए केन्द्र में कांग्रेस, बीजेपी व अन्य पार्टियों की रही सरकारें पूर्ण रूप से दोषी। उन्होंने आगे कहा कि देश में यूपी सहित अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकार हो या बीजेपी अथवा सपा की, बहुसंख्यक बहुजन समाज के गरीबों व वंचितों पर हर स्तर पर अन्याय-अत्याचार व शोषण आम बात है।

# महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार ही भाजपा सरकार की पहचान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की पहचान है। गरीबों, पिछड़ों और दलितों के साथ अन्याय हो रहा है। भाजपा का सबसे बड़ा हथियार झूठ का सहारा है। संविधान और लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। इसलिए लोकसभा के चुनाव में भाजपा को पराजित किया जाना बहुत जरूरी हो गया है।

यादव शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में जनपद सोनभद्र और मिर्जापुर के कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करनेए मतदाता सूची पर निगरानी रखने और व्यापक जनसम्पर्क करने का आग्रह किया।

यादव ने कहा कि नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के अध्यक्षों के चुनाव में भाजपा द्वारा सत्ता का दुरुपयोग करने के बाद भी वह अधिकांश क्षेत्रों में पराजित हुई। नगर निगम के चुनाव में जमकर धांधली की गई। भाजपा सरकारी संसाधनों से चुनाव को प्रभावित करती है।

सपा अध्यक्ष ने कहा भाजपा सरकार जनता के हित में कोई काम नहीं कर रही है। निष्क्रियता और अकर्मण्यता उसका स्वभाव है। आदिवासी बहुल क्षेत्र में कोल, बिंद, गोंड, सियार, निषाद, खरवार जातियां है उनके उन्नयन व विकास के लिए कुछ नहीं हो रहा है। जमीन के पट्टे के आवंटन में धांधली की शिकायतें हैं। जो काम समाजवादी सरकार में हो रहे थे उन्हें भी बर्बाद कर दिया गया है या रोक दिया गया है। भाजपा सरकार आदिवासियों के साथ छलावा कर रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की कुनीतियों से समाज का हर वर्ग परेशान है। अब उसके सब्र का बांध टूट रहा है। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बेदखल करके ही मानेगी।

## सपा प्रमुख को ज्ञापन सौंपकर सोनभद्र के दुद्धी क्षेत्र की दुर्दशा पर आकृष्ट कराया ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव को ज्ञापन सौंपकर जनपद सोनभद्र के दुद्धी विधानसभा क्षेत्र के सपा अध्यक्ष जुबेर आलम ने इस पिछड़े क्षेत्र की भाजपा राज में हो रही उपेक्षा, आदिवासियों के साथ धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार पर ध्यान आकर्षित करते हुए उनके समाधान कराने की प्रार्थना की है। ज्ञापन में कहा गया है कि समाजवादी सरकार के समय जो काम हो रहे थे उन्हें भी रोक दिया गया है।

अखिलेश यादव को बताया गया कि दुद्धी विधानसभा के अन्तर्गत बभनी ब्लाक के ग्राम पोखरा में उनके द्वारा वर्ष 2013-14 में एक डिग्री कालेज बनवाया गया जो बनकर तैयार है, वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा उसे चालू न कर लोगों को उच्च शिक्षा से वंचित रखा जा रहा है। इसी प्रकार अमवार कनहर परियोजना का समाजवादी सरकार में 75 प्रतिशत काम हो गया था। भाजपा के 6 वर्ष के शासनकाल में बिना मौजा व नहर सुविधा के आदिवासियों को जेसीबी से घर ढहाकर उजाड़ा जा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि कारीडांड चपकी बभनी जो दुद्धी विधानसभा क्षेत्र में है, भाजपा सरकार द्वारा वहां आदिवासियों को लगभग 25 हजार भूमि पट्टा देने की घोषणा की गयी। इसका टीवी अखबारों में झूठा प्रचार हुआ लेकिन जो पट्टे दिए गए उसमें न तो रकबा, नहीं गाटा संख्या अंकित है। मौके पर जमीन ही नहीं है जो कि जनता के साथ धोखा और छलावा है। सोनभद्र में बालू खनन में घोर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार व्याप्त है।

# देश की समृद्ध संगीतमय सांस्कृतिक विरासत से काशी में रूबरू होंगे जी-20 मेहमान

● शिवनगरी में लोकनृत्यों, गायन, वादन और नाट्यकलाओं से परिचित होंगे 20 ताकतवर देशों के प्रतिनिधि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गीतं** वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते। संगीत की तीनों कलाओं के देवता, भगवान नटराज (शिव) की नगरी काशी में जी-20 के मेहमानों का स्वागत भी पूरी तरह से संगीतमय होने जा रहा है। वसुधैव कुटुम्बकम् के ध्येय वाक्य के साथ भारत के विभिन्न शहरों में जी-20 बैठकों का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में वाराणसी में दो महीने में दूसरी बार 11 से 13 जून तक जी-20 की बैठक होने जा रही है। डेवलपमेंट मिनिस्टर्स मीटिंग के लिए विश्व के दिग्गज देशों के नेताओं का आगमन दुनिया की सबसे प्राचीन नगरी में होगा। अतिथियों की मेहमाननवाजी के लिए योगी सरकार ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को संभावित काशी दौरे के वक्त इसे लेकर अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस बार भी विदेशी मेहमानों के आतिथ्य में कहीं कोई कोर कसर नहीं रहेगी। जी-20 प्रतिनिधिमंडल की अगवानी से लेकर विदाई तक उनकी हर सुख-सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के साथ ही प्रदेश की अनूठी संस्कृति के साथ जोड़ते हुए मनोरंजन की भी व्यवस्था की गई है। योगी सरकार विदेशी मेहमानों के आतिथ्य में तीन दिन के भीतर 15 विशेष प्रकार के संगीतमय सांस्कृतिक आयोजन करेगी। इसमें एयरपोर्ट पर उनके आगमन से लेकर सारनाथ संग्रहालय के अवलोकन तक के लिए रंगारंग कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तय की गई है। बता दें कि जी-20 बैठक के लिए दुनियाभर से 160 विदेशी डेलीगेट्स वाराणसी पहुंच रहे हैं। इनके साथ ही 100 विदेशी पत्रकार भी वाराणसी में कार्यक्रम के कवरेज के लिए मौजूद होंगे।

11 जून को वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अन्तरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सभी जी-20 डेलीगेट्स का भव्य तरीके पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। इस दौरान शिव की नगरी काशी में डमरुओं के नाद से विदेशी मेहमानों का जोरदार स्वागत होगा तो वहीं बुंदेलखंड का मशहूर 'दिवारी पाई डंडा नृत्य' भी जी-20 प्रतिनिधियों को आकर्षित करेगा। एयरपोर्ट से शहर के रास्ते में तरना नामक स्थान पर 'कर्मा लोकनृत्य' विदेशी नेताओं को भारत की अनादिकालीन विरासत से रूबरू कराएगा।

# प्रदेश में फूड प्रॉसेसिंग इंडस्ट्री लगाने वालों को योगी सरकार देगी चौतरफा राहत

● सरकार की नीतियों का लाभ लेने के लिए निवेशक ऑनलाइन भी कर सकेंगे आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-23 लेकर आयी है। इसके तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने पर तमाम तरह की सब्सिडी एवं अन्य सहूलियतें दी जा रही हैं। योगी सरकार निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हे अनुदान, ब्याज उपादान, परिवहन अनुदान समेत अतिरिक्त सुविधाएं दे रही है। इसे योगी सरकार ने चार भागों में विभाजित किया है, जिसमें पहला परियोजनाओं के अनुदान, दूसरा ब्याज उपादान, तीसरा परिवहन अनुदान और चौथा प्रमुख प्रोत्साहन विशेषताएं हैं। इतना ही नहीं योगी सरकार की इन सहूलियतों को लाभ लेने के लिए निवेशकों को विभाग के चक्कर लगाने की भी जरूरत नहीं है। वह ऑनलाइन आवेदन कर इसका लाभ उठा सकते हैं।



योगी सरकार नई खाद्य प्रसंस्करण नीति-23 के तहत नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर परियोजना लागत (तकनीकी सिविल कार्य प्लांट मशीनरी) का 35 प्रतिशत या अधिकतम 5 करोड़ का अनुदान दे रही है। इसके अलावा इकाइयों के विस्तारीकरण, आधुनिकीकरण, उन्नयन की परियोजना लागत (तकनीकी सिविल कार्य प्लांट मशीनरी) का 35 प्रतिशत या अधिकतम 1 करोड़ का अनुदान दिया जा रहा है। वहीं एकीकृत कोल्ड श्रृंखला एवं मूल्य संवर्धन इंफ्रास्ट्रक्चर की परियोजना लागत (प्राथमिक उपकरण, प्लांट मशीनरी एवं 50 फ्रोजन इरेडिएशन सुविधाएं) का 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 करोड़ का अनुदान दिया जा रहा है। इसी तरह कृषि प्रसंस्करण समूह द्वारा न्यूनतम निवेश 25 करोड़ (5 इकाई) के परियोजना लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 करोड़, बैकवर्ड और फारवर्ड लिंकेज के तहत फार्म गेट पर प्राथमिकत संस्करण केंद्र, संग्रह केंद्र, कोल्ड स्टोरेज ड्राई वेयरहाउस, मोबाइल प्री कूलिंग यूनिट, रेफर ट्रक, आईक्यूएफ की सुविधा वितरण केंद्र और खुदरा आउटलेट परियोजना लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम 5 करोड़ का अनुदान दिया जा रहा है। इतना ही नहीं कृषि संवर्धन श्रृंखला विकास अध्ययन के लिए परियोजना लागत का अधिकतम 5 करोड़, विकेंद्रीकृत खरीद भंडारण एवं प्रसंस्करण के निर्माण पर परियोजना लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 50 लाख का अनुदान दिया जा रहा है। योगी सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए निवेशकों को ब्याज पर उपादान दे रही है। मोबाइल प्रीकूलिंग यूनिट रेफर वैन पर के ऋण पर अधिकतम पांच वर्ष के लिए 50 लाख पर ब्याज उपादान की सुविधा दी जा रही है। वहीं खाद्य प्रसंस्करण इकाई से निर्यातक देश तक परिवहन लागत का 25 प्रतिशत परिवहन अनुदान भी दिया जा रहा है। इसके साथ प्रमुख प्रोत्साहन विशेषताओं के तहत गैर कृषि उपयोगी की घोषणा पर 2 प्रतिशत शुल्क पर छूट, सरकारी भूमि के विनिमय पर सर्किल रेट पर 25 प्रतिशत की छूट, भूमि उपयोग का रुपांतरण पर परिवर्तन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट, बाहरी विकास शुल्क पर 75 प्रतिशत छूट, भूमि क्रय के लिए स्टांप शुल्क की प्रतिपूर्ति, प्रदेश में प्रसंस्करण के लिए खरीदे गए कच्चे माल पर मंडी शुल्क, उपकार में छूट, प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा कृषकों से सीधे खरीदे कृषि उत्पाद पर मंडी शुल्क और उपकार शुल्क में छूट दी जा रही है। योगी सरकार की इन सभी रियायतों को फायदा उठाने के लिए निवेश पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Nyaz Ahamad Holding Indian Passport No: T3439538 Issued at DUBAI on 21/07/2013, Permanent Resident of 377 Gram/Post Lendiyari Tahsil Koraon Leriyari Allahabad UP 212106, presently residing at Dubai UAE do hereby change my name from Nyaz Ahamad to Niyaj (Given name) Ahamad (Surname) with immediate effect.

PD(049)C

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपने पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी श्रीमती राखी कुमारी को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा लेन-देन, अनैतिक कार्यों की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की न होगी। मौजीलाल आदित्य निवासी मकान नं0 डी-3/377 सेक्टर एच, एल0डी0ए0 कालोनी कानपुर रोड, लखनऊ।

PPGCL
PRAYAGRAJ POWER GENERATION COMPANY LTD.
Regd Office: Shatabdi Bhawan, B12 & 13, Sector 4, Gautam Budh Nagar, Noida, Uttar Pradesh-201301
Plant Adress: PO- Lohgara,Tehsil-Bara,Prayagraj(Allahabad), Uttar Pradesh-212107
Phone : +91-120-6102000/6102009 CIN: U40101UP2007PLC032835

NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST

Prayagraj Power Generation Company Limited invites expression of interest (EOI) from eligible vendors for Township Area Facility & Labour Camp Housekeeping and Facility Management Services of 3x660 MW Thermal Power Plant at Prayagraj Power Generation Company Limited, Bara, Dist. Prayagraj, Uttar Pradesh, India.
Details of pre-qualification requirements, bid security, purchasing of tender document etc. may be downloaded using the URL-https://www.ppgcl.co.in/tenders.php Eligible vendors willing to participate may submit their expression of interest along with the tender fee for issue of bid document latest by 12th June 2023.

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# अब वार्डों में कूड़ा कलेक्शन का कार्य करेगा नगर निगम

● नगर क्षेत्र में इकोग्रीन द्वारा कूड़ा उठान न कराये जाने पर महापौर ने जताई नाराजगी

पायनिर समाचार सेवा। लखनऊ



**नगर** क्षेत्रों के वार्डों से कूड़ा कलेक्शन का कार्य अब नगर निगम स्वयं देखेगा। नगर निगम को यह निर्णय मजबूरी वश उस समय लेना पड़ा जब कूड़ा कलेक्शन कार्य के लिए लगाए गए इकोग्रीन ने लापरवाही करते हुए कई स्थानों पर कूड़ा कलेक्शन के कार्य में घोर लापरवाही बरती। ईकोग्रीन द्वारा बरती जा रही लापरवाही पर नवनियुक्त महापौर ने सख्त रवैया अपनाते हुए कूड़ा कलेक्शन का कार्य अब नगर निगम से करवाने का निर्णय लिया। इसके लिए महापौर द्वारा पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। खराब कूड़ा निस्तारण पर महापौर द्वारा नाराजगी जताते हुए आग्रिम व्यवस्था लागू होने तक वार्डों में प्राइमरी कूड़ा कलेक्शन का कार्य नगर निगम स्वयं करायेगा।

शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने इकोग्रीन, पार्षद एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर नगर निगम लखनऊ क्षेत्र में प्राइमरी एवं सेकेण्ड्री कूड़ा निस्तारण कार्यो की समीक्षा की। बैठक के दौरान बीते तीन दिनों से इकोग्रीन ने नगर क्षेत्र में कूड़ा उठान न कराये जाने पर नाराजगी जताई। नगर निगम अधिकारियों ने महापौर को बताया कि अनुबन्ध के अनुसार कार्य न करने के कारण पूर्व में इकोग्रीन को अनुबन्ध निरस्तीकरण के लिए विधिक नोटिस जारी की हैं, लेकिन कार्यों में कोई सुधार परिलक्षित नही हो रहा है। अग्रिम व्यवस्था लागू होने तक समस्त वार्डो में प्राईमरी कूड़ा कलेक्शन का कार्य नगर निगम ने स्वयं करायेगा। वार्ड में सफ ाई कार्य के लिए पूर्व से कार्यदायी संस्था से प्राइमरी कूड़ा कलेक्शन कार्य के लिए कर्मचारी प्राप्त किये जायेंगे और इन श्रमिकों को इस कार्यदायी संस्था से भुगतान किया जायेगा। सम्बन्धित जोनल सेनेटरी अधिकारी एवं सफ ाई एवं खाद्य निरीक्षक कार्यवाही करेंगे। वार्ड में पूर्व से जो वेण्डर्स कार्य कर रहे थे उनसे सेकेण्ड्री कूड़ा कलेक्शन कार्य के सम्बन्ध में वार्ता कर ली जाये। यदि इन वेण्डर्स नगर निगम द्वारा पूर्व निर्धारित दरों व टेण्डर की दरों पर कार्य करने के लिए सहमत हो तों उनसे कार्य कराया जाय। वेन्डर्स नगर निगम द्वारा स्वीकृत दरों पर कार्य करने के लिये सहमत न हो तो सेकेण्ड्री कूड़ा कलेक्शन निस्तारण का कार्य भी स्वयं नगर निगम द्वारा कराया जाय। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने तक इकोग्रीन द्वारा वसूले जा रहे यूज़र चार्जेज को सम्बन्धित नोडल अधिकारी द्वारा कलेक्शन कुशलतापूर्वक कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

## ईकोग्रीन पर संकट के बादल

**नगर** निगम के इस फैसले बाद पर ईकोग्रीन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। वैसे भी नगर निगम पूर्व में ही कूड़ा प्रबंधन में लगी ईकोग्रीन का अनुबंधस निरस्त किया जा चुका है लेकिन अनुबंधन त्रिपक्षीय होने के कारण शासन के प्रतिनिधि के तौर पर अनुबंध में शामिल जल निगम की सीएंडडीएस इकाई को भी अनुबंध निरस्त करना होगा। इसके बाद ही कंपनी का काम पूरी तरह से हटायाज जा सकता है। ईकोग्रीन की काम में लापरवाही की रिपोर्ट काफी पहले ही नगर आयुक्त द्वारा प्रमुख सचिव नगर विकास को भेजी जा चुकी हैं। शुक्रवार को नवनियुक्त महापौर द्वारा बैठक कर कूड़ा कलेक्शन का कार्य नगर निगम द्वारा कराए जाने के निर्णय के बाद अब यह साफ हो गया है कि ईकोग्रीन को नगर निगम से पत्ता कटने वाला है।

# अरविंद कुमार जैन बने विभागाध्यक्ष लोनिवि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रमुख** अभियंता लोक निर्माण विभाग अरविंद कुमार जैन को प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग बनाया गया है। अरविंद कुमार जैन आईआईटी कानपुर से एम' टेक है। अरविंद कुमार की छवि एक तेज तर्रार, योग्य एवम कुशल अभियंता की है। अरविंद कुमार को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। नवनियुक्त प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग अरविन्द कुमार जैने ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर अरविंद कुमार जैन ने विभाग में प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं को ससमय व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने की बात कही।

## एनईपी के सारथी बने दिव्यांशी, प्रियांशी व आशुतोष



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक और परास्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय है, जिसने अपने सभी शैक्षणिक पाठ्यक्रम में एनईपी को लागू किया है। ऐसे में नई शिक्षा नीति में छात्रों की भूमिका को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने एनईपी सारथी को नियुक्त किया है। इस बारे में विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि एनईपी सारथी का लक्ष्य छात्रों की भागीदारी को बढ़ाना और उच्च शिक्षा प्रणाली में विभिन्न सुधारों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस पहल के एक भाग के रूप में यूजीसी के अनुरोध पर डीन छात्र कल्याण के कार्यालय ने एनईपी सारथी का चयन करने के लिए एक अभियान चलाया। संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों और निदेशकों से नामांकन आमंत्रित किए गए थे। 40 से अधिक छात्रों के नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें से 33 ने साक्षात्कार, समूह चर्चा में भाग लिया। चर्चा के बाद दिव्यांशी गुप्ता बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर, प्रियांशी राय बीटेक सीएसई छठा सेमेस्टर, आशुतोष वाजपेयी एमए राजनीति विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर को एनईपी सारथी घोषित किया गया है।

## लुआक्टा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, हस्तक्षेप की मांग

**लखनऊ।** महज 71 दिन की कक्षाओं के संचालन के बाद परीक्षाओं की घोषणा को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा)ने लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह उठाते हुए राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर हस्तक्षेप की मांग की है। संघ ने राज्यपाल से नई शिक्षा नीति के नियमों का पालन कराते हुए, परीक्षाओं के संचालन कराये जाने के आदेश देने की मांग की है। लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय की तरफ से राज्यपाल को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि विगत सेमेस्टर की परीक्षाओं के संचालन में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा घोर लापरवाही बरतते लगभग हुए 9 माह का समय कक्षाओं एवं परीक्षाओं के संचालन में लगा दिया गया। जिसकी सजा विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों को देना चाहता है। जबकि विश्वविद्यालय की 5वे सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 अप्रैल 2023 को सम्पूर्ण हो पायी हैं तथा कक्षाओं का संचालन 12 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हुआ है एवं अभी तक सभी विषयों का परीक्षा परिणाम भी घोषित नहीं हुआ है । विवि ने अपनी गलती को छुपाने के लिए मात्र 71 दिन (जिसमे रविवार एवं अन्य अवकाश दिवस भी शामिल है) की कक्षाओं के संचालन के पश्चात परीक्षा सम्पन्न कराने का कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया है, जिससे छात्रों का घोर नुकसान होगा। वर्तमान सत्र की परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर सम्पादित की जायेगी, जिसमें प्रश्न पूरे पाठ्यक्रम के आधार पर पूछे जायेंगे एवं समुचित तैयारी के अभाव में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रो का अन्य विश्वविद्यालय के छात्रों से प्रतिस्पर्धा में बने रहने में कठिनाई होगी। नयी शिक्षा नीति भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की राष्ट्र निर्माण की एक महत्वपूर्ण योजना है। शिक्षा से ही राष्ट्र का सर्वांगीण विकास सम्भव है। नई शिक्षा नीति 2020 एवं यूजीसी अधिनियम में 90 दिन का शिक्षण कार्य एवं प्रवेशए परीक्षा एवं परीक्षा संबंधी तैयारी के लिये विश्वविद्यालय में प्रति सेमेस्टर 6 सप्ताह एवं महाविद्यालय में 5 सप्ताह का समय प्रदान किया जाना आवश्यक है ।

## कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा सिखाएगा एकेटीयू

**लखनऊ।** यदि आप बीटेक, एमबीए और एमसीए के छात्र हैं तो डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय सुनहरा अवसर लेकर आया है। विश्वविद्यालय वाईबीआई फाउंडेशन के साथ मिलकर कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा पाइथन सिखायेगा। एक महीने के इस सर्टिफिकेट कोर्स के दौरान विशेषज्ञ छात्रों को मल्टीनेशनल कंपनियों की मांग के अनुसार तैयार करेंगे। यह ऑनलाइन कोर्स छात्रों के लिए निःशुल्क रहेगा। इसमें शामिल होने के लिए पंजीकरण कराना होगा। विश्वविद्यालय से जुड़े साढ़े सात सौ से ज्यादा संस्थानों के छात्र इसमें भाग लेंगे। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से छात्रों के लिए यह सर्टिफिकेट कोर्स कराया जा रहा है। विभाग की डीन प्रो अरूणिमा वर्मा के नेतृत्व में चार सप्ताह का यह कोर्स छह जून से ऑनलाइन शुरू होगा। पाइथन प्रोग्रामिंग विद स्टक्रर्स एंड एलगोरिदम प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विभाग की ओर से छात्रों को मेल किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के ज्यादा से ज्यादा छात्र हिस्सा ले सकें। इस ऑनलाइन कोर्स में बीटेक-सीएसई, आईटी, ईई, ईईई, ईसीए मैकेनिकल, सिविल और केमिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के अलावा एमबीए और एमसीए छात्र हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए छात्रों को पंजीकरण कराना होगा। जो कि दो से छह जून तक होगा। पंजीकरण करने के लिए छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं। छात्रों को एक महीने के कोर्स के दौरान प्रशिक्षण उद्योग और तकनीकी विशेषज्ञ देंगे। जिससे की छात्र सीधे इंडस्टी की मांग के अनुसार तैयार हो सकें। इस दौरान छात्रों के लिए एक सेशन भी होगा। जिसमें वो अपनी समस्याएं विशेषज्ञों से पूछ सकेंगे। इसके अलावा छात्रों के लिए 10 प्रोजेक्ट वर्क भी कराया जाएगा। जिसका अनुभव छात्रों को आगे काम आएगा। साथ ही तमाम मल्टीनेशनल कंपनियों संग मेटा, एमेजॉन, एप्पल, नेटफ्लिक्स और गूगल जैसी बड़ी कंपनियों में प्लेसमेंट के लिए भी तैयार किया जाएगा।

# निर्माणाधीन अवैध कॉम्पलेक्स होटल व रो हाउस किए गए सील



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** द्वारा जानकीपुरम में एक निर्माणाधीन अवैध कॉम्पलेक्स, होटल व रो.हाउस भवनों को सील किया गया। साठ फिटा रोड पर 400 वर्ग मीटर पर निर्माणाधीन काम्पलेक्स बना डाला। एलडीए विहित प्राधिकारी द्वारा वाद दर्ज किया गया था। वहीं लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफ्ल के भूखण्ड पर 4 रो.हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए के आदेश पर कार्रवाई की गयी। शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन जोन.5 की टीम ने कार्रवाई की। प्रवर्तन जोन.5 की जोनल अधिकारी श्रद्धा चौधरी ने बताया कि मोहम्मद हैदर अली व अन्य द्वारा जानकीपुरम में 60 फ्टि रोड पर द्रोणाचार्य एकेडमी स्कूल के पास लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड में बेसमेंट भूतल प्रथम तल एवं द्वितीय तल तक हॉल व दुकानों का निर्माण कराया गया था। इसके अतिरिक्त शिव कुमार सिंघानियाए आलोक कुमार व अन्य द्वारा गुड़म्बा में स्कार्पियो क्लब तिराहा रोड पर मॉ चन्देश्वरी मंदिर के बगल में लगभग 600 वर्गमीटर क्षेत्रफल में ग्राउंड तल समेत तीन मंजिला होटल का निर्माण कराया जा रहा था।

# बयान से मुकरने वाली कथित दुराचार पीड़िता के खिलाफ ट्रायल कोर्ट कार्यवाही करेंः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता। लखनऊ

**पॉक्सो** और दुराचार के मुकदमे में गवाही के दौरान अपने पूर्व में दिए गए बयान से मुकरने वाली पीड़िता के खिलाफ हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कार्यवाही का आदेश ट्रायल कोर्ट को दिया है। साथ ही इस मामले के मुल्जिम की जमानत याचिका भी मंजूर कर ली है।

जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश पिंकू उर्फ छोटू की जमानत याचिका पर दिया है। याचिका पर बहस करते हुए कहा गया कि मुल्जिम के खिलाफ उन्नाव के बीघापुर थाने में आईपीसी की धारा 376 व पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। यह एफ्आईआर स्वयं पीड़िता ने लिखाई थी। आरोप था कि 19 जूनए 2022 को जब वह खेत में काम कर रहे अपने भाई को खाना देने जा रहे थी तो रास्ते में मुल्जिम ने उसे अकेला पाकर पकड़ लिया व जबरन दुराचार किया। लेकिन इस मामले की गवाही दौरान पीड़िता अपने पूर्व के इस बयान से पलट गई व कहा कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कहा गया कि उसे अभियोजन द्वारा पक्षद्रोही भी घोषित किया जा चुका है। मुल्जिम 20 जून, 2022 से ही इस मामले में जेल में है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार द्विवेदी ने जमानत याचिका का विरोध किया। एकल पीठ ने सुनवाई के पश्चात हाईकोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि आपराधिक परीक्षण एक गंभीर विषय है। दुराचार जैसे मामले में स्वयं पीड़िता को होस्टाइल होने की इजाजत देकर इसे मजाक बनाने नहीं दिया जा सकता। चूंकि पीड़िता पक्षद्रोही हो गईए लिहाजा उसे सरकार से कोई मुआवजा भी नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में झूठी गवाही देने के लिए सीआरपीसी की धारा 344 के तहत भी कार्रवाई होनी चाहिए।

## मुख्तार के करीबी जुगनू वालिया की याचिका खारिज

● लखनऊ में पेशी पर लाने में बताया था जान का खतरा

**लखनऊ ( विसं )।** मुख्तार अंसारी के करीबी जुगनू वालिया की याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। उसने याचिका में अपने खिलाफ जारी प्रोडक्शन वारंट को चुनौती दी थीए यह कहते हुए कि लखनऊ में पेशी पर आने में उसकी जान को खतरा है।

वर्ष 2021 में थाना आलमबाग क्षेत्र में रेस्टोरेंट मालिक जसविंदर सिंह उर्फ रोमी की हत्या के मामले में यह मुल्जिम है। इस समय पंजाब की रोपड़ जेल में निरुद्ध है। सीजेएमए लखनऊ ने हत्या के इस मामले में प्रोडक्शन वारंट जारी कर इसे पेश करने का आदेश दिया है। सीजेएम के इसी आदेश को चुनौती देते हुए उसका कहना था कि लखनऊ लाने में उसकी जान को खतरा है। लिहाजा उक्त आदेश को रद् किया जाए। जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम की एकल पीठ के समक्ष इसकी याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका के जवाब में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता की आशंका निराधार है। उसे या किसी को भी ऐसी आशंका नहीं होनी चाहिए। राज्य सरकार पेशी के समय पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का बंदोबस्त करती है। राज्य सरकार के जवाब के बाद जुगनू वालिया के वकील ने याचिका को वापस लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया। एकल पीठ ने इसे स्वीकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

# फर्जी संस्था संचालित कर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने वाला गिरफ्तार

● गिरोह का मुख्य सरकाना फरार, सैंकड़ों अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र और दर्जनों कूटरचित नियुक्ति पत्र बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** के विभूतिखंड थाना क्षेत्र में आफिस खोलकर फर्जी संस्था संचालित कर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजागरों को ठगने वाले गिरोह के एक जालसाज को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है जबकि गिरोह का मुख्य सरगना फरार है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से स्वस्थ्य सेवा संस्थान से सम्बंधित फ र्जी एवं कूटरचित 75 नियुक्ति पत्र, 18 अभ्यर्थियों के मूल अंकपत्र व प्रमाणपत्र, 36 फर्जी एवं कूट रचित नियुक्ति पत्र की फोटो प्रति, 41 शपथ पत्र मय प्रमाण पत्र व प्रशिक्षण आदेश और एक दर्जन से अधिक जिलों से संबंधित कुल 170 अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र बरामद हुए। छानबीन के दौरान एसटीएफ को जानकारी मिली कि विगत लगभग एक माह से विभिन्न जनपदों में स्वस्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती के नाम पर फर्जी तरीके से धन उगाही करने वाले संगठित गिरोह के सदस्य डी-51 भगवती टॉवर, थाना विभूतिखंड, लखनऊ में कार्यालय खोलकर व फर्जी वेबसाइट बनाकर अभ्यर्थियों को फ र्जी नियुक्ति पत्र प्रदान कर रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने बताए हुए स्थान पर घेराबन्दी करते हुए अभियुक्त रामाश्रय निवासी ग्राम जगदीशपुर, पोस्ट मटमोहम्मदपुर, जिला मऊ को गिरफ्तार किया। जो वर्तमान में कंचनपुर मटियारी, चिनहट, लखनऊ में रह रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह और कमलेश यादव एक संस्था मानव विकास स्वस्थ्य सेवा संस्थान के नाम से फर्जी तौर पर संचालित कर रहे हैं। जिसके प्रचार के लिए हम लोगो ने इंडियन हेल्थ डॉट इन नाम से एक फ र्जी वेबसाइट भी बना रखी है। इस संस्था को हम लोग अभ्यर्थियों को स्वस्थ्य विभाग की इकाई बताते है तथा संस्था में जिला समन्वयक जिला प्रबंधक ब्लॉक हेल्थ ऑफिसर आदि पदों पर नियुक्ति का लालच देकर पैसे

वसूलते है। अभ्यर्थियों को बेवकूफ बनाने के लिए उन्हें फर्जी व कूटरचित नियुक्ति पत्र प्रदान करते है तथा उनका लखनऊ व अन्य जनपदों में दो महीने का प्रशिक्षण भी आयोजित करते हैं। इसके बाद सारा पैसा लेकर फरार हो जाते हैं।

# उद्यमियों ने सरकार के सामने रखी अपनी समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**स्माल** इंडस्ट्रीज मैन्यूफेक्चर एसोसिएशन (सीमा) एसोसिएट चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ यूपी व यूके की ओर से लघु इंडस्ट्री के सवालों पर एक दिवसीय परिचर्चा की गई। इसमें पूरे प्रदेश से करीब 150 से ज्यादा लघु उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने हिस्सा लिया, जबकि करीब 200 से ज्यादा लोग कार्यक्रम में ऑन लाइन जुड़े। इस दौरान पूरे प्रदेश से आए उद्यमियों ने प्रदेश में एमएसएमई को बढ़ावा देने और उनके कारोबार में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान पूरे प्रदेश से करीब 50 से ज्यादा महिला उद्यमियों ने कार्यक्र म में हिस्सा लिया।

शुक्रवार को गोमतीनगर में जयपुरिया इंटीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के आडिटोरियम के कार्यक्रम के शुरूआत में एसोसिएट चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ यूपी के अध्यक्ष एलके झुनझुन वाला ने मौजूदा परिस्थितियों में एमएसएमई की जरूरतों पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि सरकार को एमएसएमई के लिए लैंड बैंक बनाने की जरूरत है। भूमि लीज पर न दिया जाए, बैंक लोन लेने में भी दिक्कत होती है। सड़क और बिजली की व्यवस्था सरकार को करनी होगी। उन्होंने कहा कि उद्योग के लिए पूजीं कहां से आएगी इस बारे में भी बात करना जरूरी है। सरकार ने बहुत सी योजनाएं बनाई है, उसका लाभ नीचे तक पहुंचना चाहिए। बिक्री के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बिक्री को बढ़ाना आवश्यक हैए एमएसएमई को सफ्ल ऐसे ही बनाया जा सकता है। सीमा के अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि एमएसएमई सोसायटी के ट्रू एंबेसडर है। उन्होंने बताया कि उद्योग बंधु के सामने 10 साल पहले जो समस्याएं थी वह आज भी जारी है। आज भी हम इंडस्ट्रियल इलाके में सड़क, बिजली और पानी की समस्या तक सीमित है। यहां आज भी सड़कें उसी स्थिति है। हमे उद्योग बंधु पर जवाबदेही तय करनी पड़ेगी। अगर यह जवाबदेही ठीक से होती है तो 80 फीसदी समस्याओं का समाधान निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि नया बिंदु तब उठाए जब तक पुरानों की समस्याओं का समाधान न हो जाए। अगर हम लोगों को उचित मंच मिलेगा तो हम उद्यमी उम्मीद से 5 गुना ज्यादा निवेश लाने की क्षमता रखता है।

# सम्मान समारोह में महापौर ने किया मेधावियों को सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज द्वारा सत्र 2021-22 की विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योग्यता व सम्मान अर्जित करने वाले छात्र एवं छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को कॉलेज के फेयरफील्ड सभागार में किया गया। समारोह का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पूर्व विधायक डा डेंजिल जे गोडिन, मुख्य अतिथि लखनऊ की नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल तथा विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल मनोज तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मेजर जनरल मनोज तिवारी ने छात्र एवं छात्राओं से कहा कि अनुशासन, संकल्प एवं ध्यान जैसे गुण को अपने जीवन में विकसित कर हर एक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। स्नातक एवं परस्नातक में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर तथा ब्रॉन्ज मेडल वितरित करते हुए लखनऊ की नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल ने छात्र-छात्राओं का आवाहन करते हुए कहा की घर में माता बच्चों की देखरेख करती है परंतु जैसे ही बच्चे का संपर्क समाज से होता है तो शिक्षक बच्चों का मार्गदर्शक बन जाता है।

# एडवांस प्लानिंग व तकनीक से सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करेंः डीजीपी

## नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक ने की आगामी त्योहारों की तैयारी व अपराध और कानून व्यवस्था की समीक्षा

● हाईवे अपराध की रोकथाम के लिए कार्ययोजना के तहत कार्रवाई करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के नवनियुक्त कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आगामी त्योहारों, अपराध एवं कानून व्यवस्था आदि के संबंध में शुक्रवार को समीक्षा की गई। इस दौरान पुलिस मुख्यालय पर तैनात स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे जबकि समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उपमहानिरीक्षक और पुलिस कप्तान वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शामिल रहे।

अपनी पहली समीक्षा बैठक में डीजीपी ने विस्तृत दिशा निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण व गम्भीर प्रवृत्ति के अपराधों की गहन समीक्षा की जाए तथा अनावरित प्रकरणों का शीघ्र व सही अनावरण कराते हुए सम्बन्धित अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध तत्परता से वैधानिक कार्रवाई की जाए। माफिया एवं संगठित अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति पर कार्य करते हुए प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। माफि याओं एवं संगठित अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित सम्पत्ति को गैंगेस्टर अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत जब्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राष्ट्रीय व राज्य हाईवे अपराध की रोकथाम के लिए कार्ययोजना के तहत कार्रवाई की जाए। हाईवे पर पिकेट व गश्त की प्रभावी व्यवस्था की जाए। यूपी-112 पीआरवी वाहनों के कर्मियों की समुचित ब्रीफिंग करते हुए उनका भी व्यवस्थापन किया जाए तथा हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा, टोल बैरियर आदि स्थानों पर स्थित सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील कराते हुए प्रभावी चेकिंग की व्यवस्था की जाए।

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत भीड़ प्रबन्धन के सिद्धान्तों पर कार्रवाई करते हुए एडवांस प्लानिंग एवं तकनीक का प्रयोग कर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा किसी नई परम्परा की अनुमति न दी जाए। जातिगत विवाद आदि से सम्बन्धित छोटी से छोटी सूचना को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर कार्ययोजना के तहत त्वरित न्यायपूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अवैध धर्म परिवर्तन एवं महिला अपराध से सम्बन्धित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही की जाए। सम्बन्धित विवेचनात्मक कार्रवाई का सक्रिय पर्यवेक्षण वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर किया जाए। सोशल मीडिया पर सर्तक निगरानी की जाए।गोवध अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोग की समीक्षा कर सक्रिय अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई जाए। महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण की दिशा में चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा करते हुए महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों की विवेचना के दौरान फ रेंसिक साक्ष्य संग्रह करते हुए निर्धारित समयावधि में विवेचना का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराया जाए। जन शिकायतों का संवदेनशीलता पूर्वक नियमित अनुश्रवण कर समस्याओं का त्वरित व न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्यिचत की जाए। लम्बित विवेचनाओं का समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण कराया जाए। इसके लिए पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नियमित रूप से अर्दली रूम कर विवेचनाओं का निस्तारण सुनिश्चित की जाए। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए शीघ्रातिशीघ्र टीम बनाकर गिरफ्तारी की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए।

## मई में 21 लाख यात्रियों ने किया मेट्रो से सफर, बना नया रिकार्ड

**लखनऊ।** मई माह में मेट्रो ने रिकार्ड यात्रियों को मेट्रो से सफर कराया। मई माह में 21 लाख यात्रियों ने मेट्रो का सुविधायुक्त सफर कर मेट्रो के नाम एक और रिकार्ड दर्ज कराया। अभी तक 20.5 लाख यात्रियों को सफर करने का रिकार्ड बना था, जो अब टूट चुका है। शुक्रवार को लखनऊ मेट्रो ने पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए मई 2023 में सर्वाधिक राइडरशिप हासिल की है। लखनऊ मेट्रो में मई महीने में लगभग 21 लाख यात्रियों ने यात्रा की जो अब तक का किसी भी महीने का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है। इससे पहले सर्वाधिक राइडशिप का रिकॉर्ड दिसंबर 2022 में बना था जब लगभग 20.5 लाख यात्रियों ने विश्वस्तरीय, आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा के लिए लखनऊ मेट्रो को चुना था। लखनऊ मेट्रो अधिक से अधिक लोगों को मेट्रो से जुड़ने एवं प्रदूषण रहित यात्रा करने के लिए लोगों को जागरुक करती रही है। यात्री संख्या बढ़ाने के लिए मेट्रो स्टेशन पर समय-समय पर कार्निवल का आयोजन होता है।

एलडीए वीसी सख्त, दी चेतावनी

# जोनल अधिकारी सप्ताह में तीन दिन करें क्षेत्र का निरीक्षण

● अनुपस्थित कर्मियों पर होगी कार्यवाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गोमतीनगर** एलडीए मुख्यालय का एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा विभिन्न अनुभागों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नवीन भवन की चौथी व पांचवी मंजिल पर घूम रहे बाहरी लोगों से उपाध्यक्ष ने पूछताछ की तो उनके पसीने छूट गये। किसी ने खुद को ठेकेदार बताया तो कुछ लोगों ने दबी जुबान से अवैध निर्माण की पैरवी में आने की बात कबूल की।

शुक्रवार को एलडीए उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने एलडीए बिल्डिंग के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण में संदिग्ध लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने आदेश जारी किये कि कल से प्रवर्तन का पूरा स्टॉफ लालबाग स्थित कार्यालय में बैठेगा। इसके अलावा प्राधिकरण भवन के जिन कमरों में रिटायर या ट्रांसफर हो चुके अधिकारियों व कर्मचारियों का कब्जा है, उन कमरों को तुरंत खाली कराकर दूसरे सेक्शन को आवंटित करने के निर्देश दिये गये। पूर्व की जांच व आज के निरीक्षण में सम्पत्ति अनुभाग के कुछ पटलों पर शुभम मिश्रा, लम्बू मिश्रा, अरविंद, अनुराग तिवारी, राकेश, कमल नेगी व जायसवाल नामक बाहरी व्यक्ति पाये गये, जो लोगों को अपना परिचय प्राधिकरण में तैनात बाबू व आर्किटेक्ट के रूप में देते थे। इस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अनुभाग अधिकारियों को चेतावनी देते हुए निर्देश दिये कि अगर भविष्य में इस तरह के बाहरी लोग पटल पर बैठे हुए मिले तो ऐसे लोगों के खिलाफ एफ आईआर करायी जाएगी। साथ ही इन लोगों को संरक्षण देने व साठगांठ रखने वाले कर्मियों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने के सम्बंध में उपाध्यक्ष ने सभी जोनल अधिकारियों को फील्ड पर उतरकर कार्य करने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने आदेश जारी किये कि अब से सभी जोनल अधिकारी प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार, बुधवार एवं शुक्रवार को अनिवार्य रूप से अपने.अपने क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। साथ ही इसकी पूरी रिपोर्ट स्थल निरीक्षण की फोटोग्राफव लोकेशन डिटेल के साथ शाम को प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा सभी जोनल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी रोज शाम को अपने स्टॉफ के साथ बैठक करके कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसी के साथ उपाध्यक्ष ने अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को ऐसी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिएए जिससे कि सभी अवर वर्ग सहायक अपने सम्बंधित अनुभाग अधिकारी के आसपास ही बैठें, ताकि विभागीय कार्य में आसानी हो। इस दौरान अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, विशेष कार्याधिकारी प्रिया सिंह, राजीव कुमार, नगर नियोजक केके गौतम व अधिशासी अभियंता मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**स्तर-2 के अधिकारी से स्वीकृत कराना होगा अवकाश**

इस दौरान उपाध्यक्ष के संज्ञान में लाया गया कि अनुभागों में कार्यरत लिपिक व अनुभाग अधिकारी बिना सक्षम स्तर से स्वीकृति लिए अवकाश पर चले जाते हैंए जिसकी जानकारी प्रभारी अधिकारी को नहीं होती है। इस पर उपाध्यक्ष ने आदेश जारी किये कि अब से सभी कर्मचारी स्तर.2 के अधिकारी से ही अवकाश स्वीकृत कराकर छुट्टी पर जाएंगे। ऐसे न करने पर सम्बंधित कर्मचारीध्अधिकारी के उस दिन के वेतन की कटौती की जाएगी।

**मूवमेंट रजिस्टर पर लिखनी होगी सीट छोड़ने की वजह**

इसके अतिरिक्त यह भी प्रकाश में आया कि विभिन्न अनुभागों में कार्यरत कर्मचारी अक्सर बिना किसी को सूचना दिये कार्यालय से चले जाते हैं, जिससे कार्य बाधित होता है। इस पर उपाध्यक्ष ने प्रत्येक अनुभाग में मूवमेंट रजिस्टर रखने के निर्देश दिये। इसके अंतर्गत कार्य अवधि के दौरान सीट छोड़कर जाने वाले कर्मचारियों को अपने कार्यालय से जाने की वजहए स्थान व समय उल्लेखित करना होगा।

## बच्चों को बाल्यावस्था से भ्रमण पर ले जाएं



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजभवन के गाँधी सभागार में समारोह पूर्वक तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने सभी को तेलंगाना स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। तेलंगाना हमारे देश में सूचना प्रौद्योगिकी के अग्रणी राज्यों में से एक है और इसे देश की वैक्सीन राजधानी भी कहा जाता है। यह हमारे देश का सबसे युवा राज्य है। इसकी राजधानी हैदराबाद को टी.हब, वी.हब और अन्य नवाचार केन्द्रों के रूप में तेजी से उभर रहे शहर के रूप में भी पहचाना जाता है। राज्यपाल ने कहा कि भारत परिधान, पर्व, आभूषण, वनस्पति, वातावरण, व्यंजन और पर्यटन की विविधताओं से भरा हुआ है। हम सबको भ्रमण शील होना चाहिए। विशेष रूप से बच्चों को छोटी उम्र में भ्रमण पर ले जाने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि इससे बाल्यावस्था से ही हमारे बच्चों में सांस्कृतिक विविधता की जानकारी और जुड़ाव की भावना विकसित होगी।

## पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेगा संयुक्त मोर्चा

**लखनऊ।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा लगातार पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रयासरत है। 18 मई 2023 को पुरे प्रदेश में कर्मचारियों, शिक्षकों ने पेंशन अधिकार पदयात्रा के द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार तथा मुख्यमंत्री उप्र सरकार को पुरानी पेंशन बहाली के लिए ज्ञापन सौपा था। मोर्चा के प्रान्तीय संयोजक प्रदीप सरल ने बताया कि 31 मई 2023 को मोर्चा द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों के संयोजको को निर्देश जारी किया गया कि 5 जून 2023 को पर्यावरण दिवस पर पूरे प्रदेश में पेंशन बहाली के नाम पर पौधरोपण किया जाएगा। मोर्चा के संयोजक जेपी पांडेय ने बताया कि सभी मोर्चा के घटक दल तथा उनके सदस्य पुरानी पेंशन बहाली के नाम पर एक पौधा जरूर लगाएंगे। उप्र फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि संयुक्त मोर्चा लगातार विभिन्न माध्यमों से समय-समय पर भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार को पेंशन बहाली की ओर आकर्षित कराता रहा है। पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। पांच जून 2023 को मोर्चा की बैठक में आगे के कार्यक्रमों को अन्तिम रूप दिया जाएगा।

## छह माह का लाभांस न मिलने से कोटेदारों में रोष, खाद्यान्न वितरण न करने का फैसला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के समस्त कोटेदारों को बीते छह माह का लाभांस न मिलने से उनमें जबरदस्त रोष व्याप्त है। खाद्य आयुक्त को भुगतान के संबंध में पत्र लिखने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से क्षुब्ध कोटेदारों ने जून माह में खाद्यन्न वितरण न करने का फैसला किया है।

कोटेदारों के संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार मेहरोत्रा ने इस संबंध में बीती 25 मई को उत्तर प्रदेश के आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग को पत्र लिखा था। जिसमें कहा गया था कि प्रदेश के समस्त कोटेदारो का नवम्बर 2022 से मई 2023 तक का लाभांश न मिलने से आक्रोश है। अगर 31 मई तक कोटेदारो को बकाया लाभांश का भुगतान न किया गया तो प्रदेश के कोटेदार जून माह का खाद्यान वितरण न करने पर बाध्य होंगे।

छह माह का लाभांश बकाया होने के उपरांत भी नवम्बर 22 में नगद धनराशि जमा करने के बाद खाद्यान निशुल्क वितरण कराया गया। परिषद में प्रमुख सचिव खाद्य एवं आपको कई बार लिखित रूप से लाभांश एवं नगद धनराशि वापस करने के लिए लिखित रूप से एवं मौखिक रूप से कई कार कहा गया। आप द्वारा माह मार्च 2023 से यही आश्वास मिला की ऑनलाइन सिस्टम हो रहा है, आपके खाते में पैसा यथाशीघ्र आएगा लेकिन आज तक प्रदेश के कोटेदारो को भुगतान नहीं मिल पा रहा है।

पत्र में कहा गया था कि परिषद पुन: आपसे अनुरोध करती है कि आप अपने स्तर से तत्काल 31 मई 2023 तक कोटेदारों का बकाया लाभांश एवं नगद धनराशि बैंक खातों से दिलाने की कृपा करें अन्यथा जून 2023 का खाद्यान्न वितरण परिषद द्वारा बन्द कर दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन के अधिकारियों की होगी। इस चेतावनी के बावजूद कोई भुगतान न होने पर कोटेदारों ने आगामी 5 जून से होने वाले इस माह के खाद्यान्न वितरण को न करने का फैसला किया है।

## स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंसेज में दाखिले के लिए 18 जून को होगी लिखित परीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंसेज के निदेशक व एडीजी जीके गोस्वामी ने बताया है कि इंस्टीट्यूट के प्रथम सत्र में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले सभी 5 कोर्सों के अभ्यर्थियों की वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा 18 जून दिन रविवार को 12 बजे दिन से 2 बजे तक उप्र लोक सेवा आयोग भवन, सेक्टर-डी, अलीगंज, लखनऊ में सम्पादित करायी जायेगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्व स्तरीय फोरेंसिक शिक्षा एवं सुविधाएं आम जनमानस एवं छात्रों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंसेज लगभग 50 एकड़ भूमि लखनऊ के दरोगा खेड़ा, पिपरसंड, सरोजनी नगर में तैयार किया गया है। इस संस्थान में प्रथम शैक्षिक सत्र 2023-24 माह जुलाई-अगस्त 2023 से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। जीके गोस्वामी ने बताया कि परीक्षा के सम्बन्ध में प्रवेश पत्र 6 जून 2023 से संस्थान की वेबसाइट पर डाउनलोड किए जा सकते हैं। सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र पर दिए गए निर्देशों को भलीभांति पढ़ कर उनका अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त परीक्षा से सम्बन्धित अन्य विवरण संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में यदि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की कोई अन्य सूचना प्राप्त करनी है तो मो. नं. 7839858264 अथवा 7839001316 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## केंद्र संचालित सभी योजनाओं का डेटाबेस हासिल कर फैमिली आईडी से जोड़ा जाए

● मुख्य सचिव ने की फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने फैमिली आईडी बनाए जाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर परिवार के न्यूनतम एक सदस्य को रोजगार से जोड़ने के संकल्प के क्रम में प्रदेश में परिवार आईडी बनायी जा रही है। भारत सरकार के सहयोग से संचालित समस्त योजनाओं का डेटाबेस प्राप्त कर उसे परिवार कल्याण पास बुक एवं फैमली आईडी से जोड़ा जाए।

उन्होंने कहा कि परिवार आईडी के माध्यम से प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों का चिन्हांकन कर उन्हें रोजगार के समुचित अवसर प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इस योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि प्रदेश का कोई भी परिवार शासकीय योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में निवासरत लगभग 3.61 करोड़ परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पा रहे हैं। इन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी होगी जबकि ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं है, वह पोर्टल पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त कर सकते हैं।

बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव समाज कल्याण हरि ओम, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, सचिव नगर विकास रंजन कुमार सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## उप्र शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शैक्षिक** नवाचार एसोसिएशन उप्र का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह विभिन्न आयोजनों के साथ राजधानी एक निजी होटल में सम्पन्न हो गया। प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन मनोज कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण व वैज अलंकरण कर स्वागत किया । वार्षिक अधिवेशन में राज्य स्तरीय विषयगत शैक्षिक नवाचार कार्यशालाओं के आयोजन, शैक्षिक नवाचार संकलन, शैक्षिक भ्रमण, निपुण लक्ष्य, मण्डल व जिला स्तर पर शैक्षिक नवाचार कार्यक्रम तथा विभिन्न क्षेत्रों की टीम, एसोसिएशन की मजबूती हेतु प्रयास, कार्य योजना आदि विन्दुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किये गए। अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए राजीव कुमार सिंह विधायक दातागंज ने कहा कि शिक्षा शिक्षकों व बच्चों को समर्पित शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की कार्य प्रणाली प्रशंसनीय है। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ अब्दुल मुवीन ने शैक्षिक नवाचार राज्य स्तरीय कार्यशालाओं की सराहना करते हुए निपुण लक्ष्य व विभागीय योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की । उप शिक्षा निदेशक, प्राचार्य जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ अजय सिंह ने अपने सम्बोधन में शिक्षक और छात्र के मध्य समन्वय स्थापित करने, शैक्षिक नवाचारों के संकलन करन, राष्ट्रीय आय प्रतियोगिता आदि बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष कार्यशालाओं का आयोजन कराना वाकई प्रशंसनीय है। वरिष्ठ प्रवक्ता डायट ने कहा कि मैंने आज देखा कि कोई एसोसिएशन ऐसा भी है जो अपनी माँगो को नहीं बल्कि शैक्षिक नवाचार की बात करता है तथा अवकाश के समय इतनी संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति दर्शाती है कि आप सब शिक्षा व एसोसिएशन को समर्पित हैं ।

## प्रेरणा कैण्टीन से 50 रुपए में मिलेगी पौष्टिक भोजन की थाल

● नगराम सीएचसी में विधायक अमरेश कुमार ने रिबन काटकर प्रेरणा कैन्टीन का किया शुभारंभ

संवाददाता। मोहनलालगंज




**पचास** रुपए में प्रेरणा कैन्टीन के जरिए नगराम सीएचसी आने वाले मरीजों और तीमारदारों को शुद्ध शाकाहारी और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त किफायती दरों पर चाय.नाश्ते और मिष्ठान्न की सुविधा भी दी जाएगी। शुक्रवार को विधायक अमरेश कुमार ने रिबन काटकर नगराम सीएचसी में प्रेरणा कैन्टीन का शुभारंभ किया। नगराम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रेरणा कैन्टीन का शुभारंभ किया गया। कैण्टीन में चाय काफी समोसा खस्ता ब्रेड पकौड़ा प्याज पकौड़ी दलिया पूड़ी.सब्जी अंकुरित चने छोला.चावल बन्द मक्खन गुझिया लड्डू और दाल.चावल व रोटी.सब्जी का पौष्टिक भोजन बाजार से किफायती दरों पर उपलब्ध रहेगा। संतोषी माता स्वयं सहायता समूह को कैण्टीन संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान ब्लाक मिशन मैनेजर दिवाकर वर्मा और एडीओ आईएसवी दिनेश सिंह व सीएचसी अधीक्षिका डॉ0 ज्योति कामले मौजूद रहीं। बीडीओ पूजा सिंह ने बताया प्रेरणा कैण्टीन खुलने से सीएचसी आने वाले मरीजों और तीमारदारों को किफायती दरों पर आसानी से जलपान और भोजन मिल सकेगा। कैण्टीन से होने वाली आमदनी से समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

## प्रदेश के 18 हजार से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की होगी जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**घर** के निकट इलाज उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार की तरफ से प्रदेश में खोले गये 18 हजार से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की जांच होगी। इस बावत शासन को शिकायत मिली थी कि कई वेलनेस सेंटरों पर मरीजों को इलाज की तय सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं। ऐसे में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के जरिए लोगों को उनके घर के निकट इलाज की सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास हो रहा है। इन सेंटरों को आरोग्य केंद्र के रूप में विकसित करने की मंशा है ताकि सिर्फ इलाज नहीं बल्कि लोगों की स्वस्थ रहने के लिए काउंसलिंग भी की जा सके। यही कारण है कि इन केंद्रों पर योग सहित अन्य गतिविधियां भी आयोजित किए जाने का प्रावधान किया गया है। मगर कुछ वेलनेस सेंटर इन उद्देश्यों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। ऐसे में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आदेश जारी कर जांच करने को कहा गया हैं। जांच में संबंधित वेलनेस सेंटर पर सीएचओ और एएनएम की उपस्थिति रहती है या नहीं । पानी, शौचालय और बिजली की स्थिति। एएमएस पोर्टल पर पंजीकृत है या नहीं। ई-संजीवनी पोर्टल के पिछले सप्ताह कितने लोगों को टेली कंसल्टेशन के जरिए इलाज सुविधा दी गई। ओपीडी सेवाएं चल रही हैं या नहीं। सीएचओ द्वारा डीवीडीएमएस पोर्टल के जरिए दवाओं की डिमांड भेजी जा रही है। या नहीं। मलेरिया, डेंग,हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, एचआईवी स 14 प्रकार की जो जांचों की सुविधा दी गई है, की रिपोटट देनी होगी।

## भारत से थाईलैंड तक साइकिल यात्रा करने जा रहे विकास ने सपा मुखिया से की भेंट



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से शुक्रवार को शामली विकास जैजनिया ने भेंट की, जो पर्यावरण संरक्षण के मिशन को लेकर भारत से थाईलैण्ड तक साइकिल यात्रा करेंगे। अपनी यात्रा में वे पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ, साइकिल चलाओ, बीमारी भगाओं का भी प्रचार कर रहे हैं। जैजनिया ने सितम्बर 2022 में श्रीनगर से कन्या कुमारी तक 53 दिनों की यात्रा पूरी की थी। इसके पश्चात 7 अप्रैल 2023 से नेपाल, भूटान होते हुए थाईलैण्ड तक साइकिल यात्रा करने की उनकी योजना है। अखिलेश यादव ने उनकी साइकिल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं और उनके साहस तथा पर्यावरण प्रेम की प्रशंसा की है। इस मौके पर अखिलेश ने कहा कि विकासोन्मुखी नीतियां समाजवादी पार्टी ही लागू करती है। समाज के प्रत्येक वर्ग का इसमें प्रतिनिधित्व है। भाजपा जहां नफरत ओर समाज को बांटने का काम करती है वहीं समाजवादी पार्टी समाज को जोड़ने तथा सद्भावना के प्रसार पर बल देती है।

### महाविद्यालय प्रांगण में किया पौधारोपण का आयोजन



**लखनऊ।** स्व. दीनदयाल संस्थापक प्रबंधक नवयुग कन्या महाविद्यालय लखनऊ की पुण्यतिथि एवं आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक् विजय दयाल, प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय एवं महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता डा. सुनिता द्विवेदीए डाण् कल्पना गुप्ता, प्रो. ऋचा शुक्ला, डा निनी कक्कड़, डा. मनमीत कौर सोढ़ी, डा. संगीता कोतवाल, डा. मंजू गुप्ताए द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताएँ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रोण् मंजुला यादव, डा. सरोज रानी डा. सुनीता सिंह, चन्दन मौर्या के निर्देशन में हुआ।

### लखनऊ में घटाई गई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरो की संख्या

**लखनऊ।** अधिकारियों की सुस्ती से खोले गये हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरो को झटका लगा है। जिसके चलते इनकी संख्या में कमी की गयी है। पूर्व में लखनऊ में किराए के भवनों में 108 सेंटर खोले जाने थे। लेकिन अधिकारियों की सुस्ती के चलते किराए पर भवनों के लिए सर्वे से लेकर चयन तक में देरी ,डॉक्टरों की भर्ती में विलंब ने योजना को परवान चढ़ने नहीं दिया। जिसके चलते एनएचएम ने सेंटर की संख्या घटाने का फैसला कर लिया। 40 सेंटर कम कर दिए हैं। अब यहां 68 सेंटर ही खुलेंगे। बाकी 40 सेंटर लखनऊ से सटे जिलों में स्थानांतरित कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 68 सेंटर लगभग तैयार हो चुके हैं। 62 सेंटरों में ओपीडी का संचालन शुरू हो गया है। बाकी छह सेंटरों में डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया अंतिम दौर में है। डिप्टी सीएमओ डॉ् एपी सिंह ने बताया कि इंदिरानगर, फैजुल्लागंज के सेंटरों में 10 से 15 मरीज ओपीडी में देखे जा रहे हैं। जल्द ही प्रचार प्रसार शुरू किया जाएगा।

### यूजीसी से आईईटी को मिला स्वायत्ता विस्तार

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के स्वायत्ता विस्तार की अनुमति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने दी है। संस्थान को पांच वर्षों के लिए शैक्षिक स्वायत्तता प्रदान की गई है। स्वायत्ता के मिलने के बाद संस्थान को पाठ्यक्रम तय करने से लेकर परीक्षा कराने तक की स्वायत्तता रहती है। इससे संस्थान की शैक्षिणिक गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा। स्वायत्ता विस्तार के बाद प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा ने कालेज के निदेशक प्रो. विनीत कंसल को निर्देश जारी कर कहा है कि नैक/एनबीए की मान्यता के नवीनीकरण के लिए वैधता की समाप्ति से कम से कम छह महीने पहले आवेदन करें और यूजीसी के अनुसार ग्रेडिंग प्राप्त करें। साथ ही कॉलेजों को स्वायत्त स्थिति प्रदान करने और स्वायत्त कॉलेजों में मानकों के रखरखाव के उपाय विनियम 2023 के खंड 11 और 12 के तहत आवश्यक परीक्षा सेल और सांविधिक निकायों के गठन के संबंध में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## मोहनलालगंज में 7627 नए आवेदकों को किसान सम्मान निधि मिलने की राह आसान

संवाददाता। मोहनलालगंज

**कृषि** मंत्री के दौरे ने मोहनलालगंज में साढ़े सात हजार से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिलने की राह आसान कर दी है। तहसील में भूमि सत्यापन के लिए लम्बित पड़े सभी आवेदनों का निस्तारण कर दिया गया है। जिला और राज्य स्तर से मंजूरी मिलते ही आवेदक किसानों को योजना का लाभ मिलना शुरु हो जाएगा।

मोहनलालगंज तहसील के दोनों ब्लाक में किसान सम्मान निधि के दस हजार से अधिक आनलाइन आवेदन भूमि सत्यापन के लिए लम्बित पड़े थे। 31 मई को गोसाईगंज के बक्कास गांव में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का संतृप्तीकरण शिविर में पहुंचने का कार्यक्रम फाइनल हो गया। जिसके बाद तहसील अफसरों ने आनन.फानन किसान सम्मान निधि के सभी आवेदनों का अभियान चलाकर निस्तारण कर दिया। खतौनी सत्यापन के बाद तहसील अधिकारियों ने 7627 आवेदन पात्रता शर्तों के अनुरूप पाकर मंजूरी दे दी है।

किसान सम्मान निधि के आनलाइन आवेदनों में भूमि का ब्यौरा और खतौनी अटैच नही होने की वजह से तहसील प्रशासन ने दोनों ब्लाक के 3004 आवेदन रिजेक्ट कर दिए हैं। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों को ऐसे आवेदकों की भूमि का विवरण दर्ज कराकर पुनः सत्यापन के लिए भिजवाने के लिए कहा गया है। जनसेवा केन्द्र के जरिए खतौनी अटैच किए जाते ही रिजेक्ट किए गए आवेदन आसानी से स्वीकृत हो जाएंगे।

मोहनलालगंज में किसान सम्मान निधि के तेरह हजार लाभार्थियों ने अब तक ई केवाईसी नही कराई है। लिहाजा इन किसानों की किसान सम्मान निधि की किश्त रोंक दी गई है। पंचायतों में संतृप्तीकरण शिविर के जरिए कृषि विभाग के अधिकारी बचे हुए किसानों को जल्द से जल्द ई केवाईसी कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मोहनलालगंज में किसान सम्मान निधि योजना के तकरीबन छह हजार लाभार्थी किसानों का भूमि अंकन अब तक नही हो सका है। जिसे लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों ने सभी प्राविधिक सहायकों को संतृप्तीकरण शिविर के जरिए बचे हुए सभी किसानों का भूमि अंकन करने के निर्देश दिए हैं।

## युगप्रवर्तन के शिल्पकार थे छत्रपति शिवाजी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय कर्मचारी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा परिषद द्वारा हिंदवी स्वराज दिवस समारोह का आयोजन शुक्रवार को विवि के शिक्षा संकाय सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव संजय श्रीहर्ष मिश्रा ने कहा कि छत्रपति शिवाजी ने हिन्दीव स्वराज की स्थापना कर आदर्श समाज की स्थापना किया। शिवाजी एक व्यक्ति नहीं, वे एक विचार और एक युगप्रवर्तन के शिल्पकार थे। शिवाजी कहा करते थे कि यह राज्य हो, यह परमेश्वर की इच्छा है। अर्थात स्वराज्य संस्थापना यह ईश्वरीय कार्य है। मैं ईश्वरीय कार्य का केवल एक सिपाही हुँ। अपना स्वराज्य आर्थिक दृष्टि से स्वावलंबी और सशक्त बनेए इसकी ओर शिवाजी महाराज का हमेशा ध्यान रहता था। संजय श्रीहर्ष ने शिवाजी महाराज की जीवन से जुड़ी घटनाओं का जिक्र करते हुए उनकी युद्ध की रणनीति की विशिष्टताएं बताई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजय मेधावी ने कहा कि शिवाजी ने कभी किसी का आधिपत्य नहीं स्वीकार किया। शिवाजी को वीर योद्धा बनाने में माता जीजाबाई की अहम भूमिका थी। वे महिलाओं का बहुत सम्मान करते थे। शिवाजी का अनुकरण करके सशक्त.समृद्ध राष्ट्र के निर्माण का प्रयास करने की आवश्यकता है। समारोह के संयोजक डॉ संजय शुक्ला ने शिवाजी महाराज द्वारा स्थापित हिन्दवी स्वराज की विशिष्टताओं का वर्णन करते हुए उनकी जीवनी और अनुकरणीय कार्यों को दर्शाते हुए कहा कि वे एक युग परिवर्तन के शिल्पकार थे। समारोह का संचालन अर्थशास्त्र के सहायक आचार्य डॉ हरनाम सिंह ने किया एवं आभार ज्ञापन विद्या भारती उच्च शिक्षा के क्षेत्रीय मंत्री प्रो जयशंकर पांडेय ने किया। इस दौरान अतिथियों सहित सभी ने लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पार्चन करते हुए स्वराज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दुहराई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व कुलपति प्रो डी पी तिवारी, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के प्रो पवन दीक्षित, शिक्षा संकाय के अध्यक्ष प्रो दिनेश कुमार, प्रो किरनलता, अल्पसंख्यक वक्फ विकास निगम के निदेशक शफाअत हुसैन, लेखाधिकारी रत्नेश्वर भारती, लविवि कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव, संगठन मंत्री शिवानन्द द्विवेदी, मंत्री केपी सिंह सहित काफी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के नौ साल सेवा सुशासन और गरीबों के कल्याण को समर्पितः एसपी सिंह बघेल

● गिनाए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल के 9 प्रमुख आधार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




**बीते** 9 सालों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है एवं विश्व को मार्ग दिखा रहा है। उक्त बातें केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार एस पी सिंह बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही।

केंद्रीय राज्य मंत्री बघेल ने कहा कि विगत 9 वर्षों में हमारी सरकार द्वारा न केवल वंचित, शोषित लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा बल्कि उनका सशक्तिकरण भी किया है आज दुनिया के बड़े बड़े अर्थशास्त्री, विश्लेषक, विचारक सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि 21वीं सदी भारत की सदी है आज पूरी दुनिया भारत को लेकर एक विश्वास से भरी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 9 साल के 9 प्रमुख आधार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, नवाचार, दृढ़ इच्छाशक्ति, भ्रष्टाचार और आतंकवाद पर जीरो टोलरेंस, नीतिगत पहल साहसिक निर्णय तथा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास रहा है।

आज भारत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है विकास की यह अभूतपूर्व यात्रा आदरणीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण संभव हुई है। यह एक सुखद संयोग है कि भारत अपने स्वतंत्रता के अमृत काल में है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अमृत काल के सभी लक्ष्यों की प्राप्ति हो रही है यदि आज हमारा देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है तो इसका कारण बीते 9 वर्षों में समग्र दृष्टिकोण से तैयार किया गया मजबूत आधार है।उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं जिन्होंने विकासवाद को मुख्यधारा में ला दिया है भारतीय राजनीतिक पटल पर यह सुनिश्चित किया कि अब राजनीति सेवा की होनी चाहिए, परफार्मेंस की होनी चाहिए, नीतिगत बदलावों की होनी चाहिए, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की होनी चाहिए। 2014 में पदभार संभालने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी ने हर नीति में भारत प्रथम के संकल्प को स्थापित किया है इन 9 वर्षों में सर्वांगीण, सर्व समावेशी, सर्व स्पर्शी विकास ने यह सुनिश्चित किया है कि इस विकास यात्रा में कोई व्यक्ति, कोई वर्ग, कोई भूभाग और देश का कोई कोना पीछे छूटना नहीं चाहिए।

## नसीराबाद क्षेत्र में आग लगने से गरीब के घर की गृहस्थी जलकर खाक

**नसीराबाद रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में उस समय अफ्रा तफ्री मच गई जब एक गरीब के घर में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया गरीब की पूरी घर की गृहस्थी जलकर खाक हो गई हालांकि गांव का एक ग्रामीण फायर विकेट टोल फ्री 101 नंबर पर काल कर तुरंत गाड़ी मंगवा ली लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक घर की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो चुकी थी, नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डीघा गांव निवासी राजबहादुर पासी के घर में दोपहर करीब 1.00 के समय अज्ञात करण से आग लग गई आग इतनी भयानक थी कि लोग किसी तरह आग पर काबू पाए जब तक आग बुझा पाते तब तक घर की गृहस्थी जलकर खाक हो गई मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई राजबहादुर ने बताया कि खाने.पीने से लेकर सारी गृहस्थी जलकर खाक हो गए है।

# भंडारे पर पालिका व प्रशासन की कार्रवाई के विरोध में जिलाधिकारी से की मुलाकात

● नगर मजिस्ट्रेट व नपा द्वारा विभिन्न स्थानों पर चल रहे भंडारों पर छापामारी की गई लगाया अर्थदंड



**रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को हनुमान भक्तों द्वारा आयोजित किये गए भंडारे पर नगर पालिका व जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में आज शंखनाद के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव से मुलाकात की। शंखनाद के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में बताया गया कि पिछले मंगलवार 30 मई को हनुमान भक्तों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया था। उसी दिन नगर मजिस्ट्रेट व नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न स्थानों पर चल रहे भंडारों पर औचक छापामारी की गई और भक्तों को प्रताड़ित किया गया। साथ ही उन पर भारी भरकम अर्थदंड भी लगाया गया। यहां तक कह दिया गया कि भविष्य में भंडारा ना लगाया जाए। जिला प्रशासन द्वारा की गई इस कार्यवाही का शंखनाद ने पुरजोर विरोध किया है और वह मांग करते हैं कि बेवजह लगाए गए अर्थदंड को समाप्त किया जाए साथ ही नगर मजिस्ट्रेट नगर पालिका परिषद के उन अधिकारियों पर भी जांच करके कार्यवाही की जाए। जिन्होंने यह कृत्य किया है। संगठन ने यह भी कहा कि प्रशासन इस मामले पर यदि कोई उचित कार्रवाई नहीं करता है तो 10 कार्य दिवस के बाद शंखनाद परिवार जिले के अन्य हिंदू संगठनों के साथ मिलकर इन अधिकारियों के विरुद्ध आंदोलन छेड़ने को बाध्य हो जाएगा। शंखनाद संयोजक मुनीश अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया की जिस प्रकार हिंदू धर्म में आराध्य हनुमान जी के भंडारों के आयोजकों को पर नपा एवं नगर मजिस्ट्रेट द्वारा प्रशासनिक कार्यवाही की गई।

# हिंदू युवक से विवाह के बाद फैलाई भ्रामक बातों से टूटा रिश्ता, शिकायत

**संवाददाता।** ऊंचाहार

**अपने प्यार** को पाने के लिए युवती ने धार्मिक बंधनों को तोड़ दिया । हिंदू युवक से शादी कर ली। उसके बाद गांव के दूसरे युवक ने उसके बारे में चरित्र को लेकर भ्रामक बाते फैला दी । जिससे उसका वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है । पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के अकोढिया गांव का है । गांव की रहने वाली एक मुस्लिम समाज की लड़की का हिंदू समाज के लड़के से प्रेम हो गया। अपने प्यार को पाने के लिए युवती ने धार्मिक बंधनों को तोड़ दिया। करीब सात साल पहले उसने हिंदू युवक से शादी कर ली। उसके बाद उसके साथ रह रही थी। इसके एक पुत्र भी है।

युवती का आरोप है कि इस बीच गांव के एक व्यक्ति ने उसके पति से कहा कि उसकी पत्नी से उसके संबंध है। इस बारे में पति ने अपनी पत्नी से पूछा तो उसने किसी अन्य से संबंध होने से इंकार किया। किंतु युवक अपनी हरकत से बाज नहीं आया। उसने पूरे गांव में युवती को चरित्र को लेकर कई तरह की भ्रामक बातें फैला दी। जिसका असर उसके वैवाहिक जीवन पर पड़ा और उसके पति ने उसे छोड़ दिया है। गांव के युवक की हरकत से उसका वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है। युवती का आरोप है कि इस बारे में उसने आरोपित युवक से बात की तो उसने सभी के सामने उसके चरित्र पर लांछन लगाया और उसे धमकी भी दी है। उसके बाद कोतवाली पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत की है। पीड़िता ने गांव के युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि मामले में शिकायती पत्र मिला है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

# उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष अचानक पहुंचे पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम कार्यालय

● ट्रिपिंग विहीन विश्वस्तरीय बनाये वाराणसी में विद्युत व्यवस्थाः एम.देवराज

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**पूर्वांचल** विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम. देवराज शुक्रवार को भिखारीपुर स्थित महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे और जिले की विद्युत वितरण व्यवस्था व राजस्व वसूली की समीक्षा की। अभियंताओं के साथ हुई बैठक में उन्होंने जिले की कम वसूली पर चिंता जताई। साथ ही बिजली चोरी रोको अभियान को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की मंशा के अनुरूप बनारस की विद्युत व्यवस्था को आदर्श और विश्वस्तरीय बनायी जाये। यह पर्यटन का बहुत बड़ा केन्द्र है। देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया से पर्यटक एवं श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने आते हैं। इसलिये ख्याति और महत्व के अनुरूप यहाँ की विद्युत व्यवस्था होनी चाहिए। व्यवस्था सुधारने के लिये जो भी कार्य होने हैं उनके लिये कारपोरेशन स्तर से हर तरह का सहयोग और मदद होगी। इन कार्यों में कोई लापरवाही बरदास्त नहीं की जायेगी। बनारस के प्रत्येक क्षेत्र को 24 घण्टे निर्धारित विद्युत आपूर्ति के शिड्यूल के अनुरूप विद्युत प्राप्त हो। इसके लिये अवर अभियन्ता से लेकर मुख्य अभियन्ता तक लगातार सजगता बरतें। ट्रांसफार्मर ओवर लोडिंग पूरी तरह खत्म हो। अभियान चलाकर ओवर लोडिंग चेक की जाये जहाँ ओवर लोड हो वहाँ ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जाये। ट्रांसफार्मर जले या क्षतिग्रस्त न हो इसके लिये उनके रखरखाव पर पूरी सजगता बरती जाये।

## 2024 लोस चुनाव में साइबर योद्धाओ की होगी महत्वपूर्ण भूमिकाः कैलाश सोनी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों की कड़ी में आज सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सम्मिट का आयोजन सिगरा स्थित गुलाब बाग कार्यालय पर किया गया जिसमें वाराणसी लोकसभा के 100 से ज्यादा इनफ्लुएंसर्स ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को 9 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों से अवगत कराया और आह्वान किया कि सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सोशल मीडिया के माध्यम से योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाने का कार्य करें जिससे ज्यादा से ज्यादा लोंगो को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओ की जानकारी प्राप्त हो सके और आम जनमानस लाभान्वित हो सके।

## क्विक न्यूज

### शिवम सिंह ने यूपीएससी की परीक्षा पास कर किया नाम रोशन



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** दादरा गांव निवासी शिवम सिंह कठिन परिश्रम करके यूपीएससी की परीक्षा पास की है। असिस्टेंट कमांडेंट केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल भारत सरकार के पद पर 13 वी रैंक हासिल किया है। शिवम ने पहले ही प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण कर देशभर में सीएपीएफमें 13 वां स्थान पाकर अपने माता.पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवम के पिता उमाकांत सिंह चिकित्सा क्षेत्र में एक कर्मचारी हैं और माता गृहणी हैं। शिवम ने दिल्ली में रहकर हर रोज छह से सात घंटे पढ़कर यूपीएससी की तैयारी की और परीक्षा उत्तीर्ण की। शिवम ने बताया कि परीक्षा की तैयारियों के लिए उन्हें परिवार को पूरा सहयोग मिला है।उन्होंने युवाओं को संदेश दिया है कि मेहनत करते रहना चाहिए और आपको एक दिन जरूर सफलता मिलेगी। किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए एकाग्रता की बहुत आवश्यकता है। वहीं शिवम की उपलब्धि पर गांव के सर्वेश सिंहए प्रशांत श्रीवास्तवए विजय सिंहए जितेंद्रएमनोजए धर्मेन्द्रए निशांत आदि लोगो ने खुशी जाहिर कर हिंगलाज धाम पर शिवम के पिता उमाकांत सिंह सहित एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

### गांव-गांव में शुरू हुई वाहन से चिकित्सकीय सुविधा

**सकलडीहा/चन्दौली।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से द हंस फाउंडेशन सहचलिका वाहन से गांव गांव चिकित्सकी सेवा शुरू किया गया है। इससे ग्रामीण अंचल के लोगों को स्वास्थ्य केन्द्रों पर इलाज कराने से राहत मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुरू हुई चिकित्सकी सुविधा से ग्रामीणों को काफी सहुलियत मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग ओर से डोर टू डोर गांवों में द हंस फाउंडेशन सहचलिका वाहन के माध्यम से चिकित्सकी सेवा शुरू किया गया है। इस वाहन में एक चिकित्सक एक फार्मासिस्ट सहित एक महिला स्वास्थ्य कर्मी नियुक्त है। जो गांव गांव पहुंचकर लोगों की जांच के साथ चिकित्सकी परामर्श के साथ दवा भी मुहैया करा रहे है। इस क्रम में डिग्घी सहित अन्य गांव में पहुंचकर प्रतिदिन लोगों की जांच व दवा मुहैया कराने से ग्रामीणों को सहुलियत मिलने लगा है। इस बाबत डॉ0राकेश कुमार यादव ने बताया कि गांव गांव द हंस फाउंडेशन सहचलिका वाहन के माध्यम से चिकित्सकी सेवा शुरू किया गया है। इस मौके पर एएनएम गरिमा पाण्डेयएफार्मासिस्ट विवेकएएलटी सर्वेश सिंहएपायलट विनायक चौबेएशैलेश प्रताप सिंहएरितेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### आज उद्यान मंत्री रायबरेलीवासियों की सुनेंगे समस्याएं

**रायबरेली।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात, मा. राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह 03 जून 2023 दिन शनिवार को रायबरेली के जिला पंचायत सभागार में जनपदवासियों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका निराकरण करेंगे। उन्होंने जनपदवासियों की मुख्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विभागवार अधिकारियों को निर्धारित समय में उपस्थित रहकर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए है। उद्यान मंत्री के निर्देश पर पूर्वाह्न 10 से 12 बजे तक ऊर्जा विभाग से संबंधित अधिकारी, मध्यान्ह 12 से 02 बजे तक सिंचाई विभाग के अधिकारी तथा अपराह्न 02 से 04 बजे तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उद्यान मंत्री ने रायबरेली वासियों से अपील करते हुए कहा है कि विभागवार समयबद्ध रूप से उपस्थित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या का निराकरण कराने हेतु जनसुनवाई में आने का कष्ट करें।

### नौ अभियुक्तों को किया जिला बदर

**अमेठी।** जिन व्यक्तियों का आस.पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता हैए ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मिश्र ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये उन्हें जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने जिन 09 अभियुक्तों को जिला बदर किया है उनमें क्रमशः अभियुक्त गुणवन्त प्रसाद पुत्र स्व0 रामआसरे निवासी ग्राम विशुनदासपुर थाना रामगंज जनपद अमेठीए सोहराब पुत्र मो0 वकील निवासी ग्राम पिण्डारा करनाई थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठीए विजय शंकर सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम पिछूती थाना जगदीशपुर जनपद अमेठीए शुभम सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम पिछूती थाना जगदीशपुर जनपद अमेठीए सत्य प्रताप सिंह पुत्र वीरेन्द्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम पिण्डारा महराज थानाध्कोतवाली मुसाफिरखाना जनपद अमेठीए सत्यम सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी ग्राम पिण्डरा महराज थानाध्कोतवाली मुसाफिरखाना जनपद अमेठीए मंगल भुजवा उर्फ शिवमंगल पुत्र राजभवन निवासी ग्राम पिण्डारा महराज थानाध्कोतवाली मुसाफिरखाना जनपद अमेठीए नीतू उर्फरविकान्त पुत्र रामगुलाम निवासी ग्राम थौरी थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी तथा अंकुर सिंह उर्फअंकुल उर्फअनू उर्फअनूप सिंह उर्फअजय प्रताप सिंह पुत्र अमरेश सिंह निवासी ग्राम दुवरिया थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी के नाम शामिल हैं।

## डलमऊ सीएचसी में दम तोड़ रही इलाज व्यवस्था

**डलमऊ।** एक तरफजहां सूबे में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लगातार प्रदेश भर के अस्पतालों का निरीक्षण व भ्रमण कर कार्यवाही करने व सुविधाएं सुधारने के लिए प्रयासरत हैं वहीं रायबरेली जिले की डलमऊ सीएचसी की व्यवस्थाएं आये दिन बद से बदतर होती जा रही हैंए आज फिर ओपीडी कक्ष के बंद होने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। जानकारी के मुताबिक डलमऊ सीएचसी में दोपहर होने के साथ ही चिकित्सक अपने अपने कमरों से गायब होने लगते हैं और दूर दराज से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ताजा मामला शुक्रवार दोपहर का है जब डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंबहा निवासी विनोद का 5 वर्षीय पुत्र विवेक दरवाजे पर खेलते समय हैंडपंप से टकरा कर चोटिल हो गया। परिजन आनन.फानन उसे डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर चिकित्सकों द्वारा दरवाजा बंद किए जाने की वजह से करीब 1 घंटे तक बालक दर्द से कहारता रहा।

# अवैध निर्माण पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर


अतिक्रमण हटाते हुए बुलडोजर

**तिलोई, अमेठी।** शुक्रवार को थानाक्षेत्र के अशरफपुर गांव में एसडीएम के निर्देश पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने खलिहान की भूमि पर बनी अवैध इमारत को बुलडोजर की मदद से ढहा कर भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। तिलोई तहसील क्षेत्र के ग्राम अशरफपुर मजरे अगुरी में राजस्व टीम की ओर से कानूनगो समर बहादुर व लेखपाल वेद प्रकाश मिश्रा ने पुलिस के सहयोग से सरकारी अभिलेख में खलियान के नाम दर्ज गाटा संख्या 305 जिस पर गांव के रामकेवल यादव द्वारा लंबे समय से कब्जा कर रखा था। गांव के ही रामदेव की शिकायत पर एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने सख्त रवैया अपनाते हुए राजस्व टीम को मौके पर भेजकर खलिहान की भूमि पर बने पक्के निर्माण को हटवाया। जेसीबी की मदद से इमारत की छतए दीवार और नींव तोड़ी गई। प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही से क्षेत्र के अन्य भूमाफियाओं में खलबली मची है। लेखपाल ने बताया कि पूर्व में तहसील प्रशासन द्वारा खलिहान की भूमि पर कब्जा करने के आरोप में भू माफिया रामकेवल पर चालीस हजार पांच सौ रुपए का जुर्माना लगाते हुए बेदखली का आदेश जारी किया गया था बावजूद इसके जुर्माना न भरने व भूमि से अतिक्रमण न हटाने पर उच्चाधिकारियों के आदेश पर विभागीय कार्यवाही की गई है। एसडीएम ने बताया कि सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले किसी भी भू माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

# खेत में रखवाली करने गए युवक को मारी गोली

● हाथ और पेट में लगी है गोली, गंभीर हालत में ट्रामा में भर्ती


गोली से घायल युवक

**तिलोई, अमेठी।** थानाक्षेत्र शिवरतनगंज के पेंडारा गांव में बीती रात खेत में लगे पंपसेट की रखवाली कर रहे युवक को गोली मारे जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवक के दाएं हाथ और पेट में गोली लगी है। गंभीर हालत में रात में घायल युवक को सीएचसी सिंहपुर ले जाया गया जहां गंभीर हालत देखते हुए घायल को चिकित्सकों द्वारा केजीएमसी के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।घायल युवक ने अपने सगे बहनोई पर गोली मारने का आरोप लगाया है।

गांव निवासी आदित्य कुमार सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह बीती रात पेंडारा माइनर के पास अपने खेत पर लगी पंप सेट की रखवाली कर रहे थे आदित्य कुमार का आरोप है कि लगभग एक बजे कुलदीप सिंह ने मुझे गोली मारी है। घटना के तुरंत बाद थाने को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल आदित्य कुमार को सीएचसी सिंहपुर पहुंचाया जहां से चिकित्सकों द्वारा मामूली उपचार के बाद लखनऊ के केजीएमसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। आरोपी के बारे में पता चला है कि आरोपी कुलदीप सिंह बाराबंकी की हैदरगढ़ कोतवाली के बड़नापुर गांव का रहने वाला है और घायल आदित्य का सगा बहनोई है। लेकिन आरोपी कुलदीप के विरुद्ध आदित्य के पिता राम बहादुर सिंह द्वारा दहेज उत्पीड़न का मुकदमा किया गया है। उधर मामले पर थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी हुई है घायल को रात में ही अस्पताल पहुंचाया गया है। मामले की अभी तक लिखित तहरीर नहीं मिली है।

### पांच वर्ष पूर्व आरोपी के साथ घटना में घायल युवक की बहन का हुआ था ब्याह

गोली कांड में घायल युवक आदित्य सिंह की बहन कविता सिंह का विवाह तीन वर्ष पूर्व आरोपी कुलदीप सिंह पुत्र शेरबहादुर सिंह निवासी बड़नापुर कोतवाली हैदरगढ़ के साथ हुआ था, परंतु विवाह के एक वर्ष बाद ही दोनो के वैवाहिक संबंध खराब हो गए और कविता सिंह के पिता राम बहादुर सिंह ने दहेज अधिनियम सहित कई मुकदमे कुलदीप के विरुद्ध दर्ज करा दिए थे प् दूसरे पक्ष ने भी विदाई इत्यादि का मुकदमा किया है जो अदालत में विचाराधीन हैं।

# दुर्घटना में घायल युवक की मौत से नाराज ग्रामीणों ने हाईवे पर लगाया भीषण जाम

● पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणो को शांत कराने के साथ खुलवाया जाम



**लालगंज रायबरेली।** दुर्घटना में घायल युवक की मौत से नाराज ग्रामीणो ने हाईवे पर शव रखकर धरना प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन के हाथपाव फूल गये। काफी समझाने बुझाने के बाद ग्रामीणो का गुस्सा शांत हुआ और वे अंतिम संस्कार के लिये राजी हुए जिसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। बीती 4 मई को पूरे तोडिया मजरे सेमरपहा गांव निवासी सोनू(35) पासवान पुत्र सुरेश बाईक से अपनी बहन के घर बाईक से बेहटा गांव जा रहा था। इसी बीच सरेनी थाना क्षेत्र के रानीखेडा गांव के पास बोलेरो ने उसकी बाईक में जोरदार ठोकर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद उसे इलाज के लिये लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। गुरूवार की रात लगभग 10 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिसकी खबर सुनते ही परिजनो समेंत ग्रामीणो में कोहराम मच गया। शुक्रवार को पीएम के बाद जैसे ही मृतक सोनू का शव गांव पहुंचा तो नाराज ग्रामीणो ने सेमरपहा स्कूल के पास नेशनल हाईवे 232 बीच सड़क में शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणो का आरोप था कि लगभग एक माह बीतने के बाद भी पुलिस ने बोलेरो व उसके चालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की। जाम की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणो को शांत कराने का प्रयास करने लगे। काफी समझाने बुझाने के बाद ग्रामीण मृतक के अंतिम संस्कार के लिये राजी हुए। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि मामला सरेनी थाना क्षेत्र के तहत आता है। उच्चाधिकारियों से वार्ता कर मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

## गाजीपुर में 10 का स्टांप बिक रहा है हजारों में

**गाजीपुर।** जनपद में सेवराई तहसील में इस समय भ्रष्टाचार अपने चरम पर है जिसमे सरकारी तन्त्र के साथ सहयोगी तंत्र भी मजबूती से लगा हुआ है। तहसील परिसर में मनमाने तरीके से 10 रुपये का स्टाम्प 100 रुपये का बेचा जा रहा है और गरीब मजदूरों को लूटने का तरीका बना हुआ है। एस डी एम सेवराई राजेश प्रसाद के सामने सीनियर अधिवक्ता भी इस बात से सहमत थे की आवश्यकता पड़ने पर 10 रुपया का स्टाम्प हजारों में बिकता है। भगवान ही मालिक हैं इन मनमानी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का। एक तरफ जहां योगी बाबा की सरकार भयमुक्तए भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था देने का दम्भ भर रही है वंही योगी बाबा के सरकारी कर्मचारी गरीबो को लूटने में व्यस्त हैं। तहसील सेवराई में उपस्थित अधिवक्ता प्रवीण राय ने बताया कि तहसील परिसर में सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों के भ्रष्टाचार व मनमानी की वजह से अधिवक्ता न्यायिक कार्य का लगातार बहिष्कार कर रहे है।

# अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों को किया जा रहा है लाभान्वितः शाही

**सोनभद्र।** उप्र सरकार कें कृषि, शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को विकास खण्ड राबर्ट्सगंज के हिनौता गांव में आयोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के वृहद संतृप्तिकरण अभियान में उपस्थित ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने के लिए समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नीतियों के कारण सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरे प्रदेश के 59 हजार गांवों में वृहद संतृप्तिकरण अभियान के तहत कैम्प लगाकर पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश में 11 करोड़ किसान बन्धुओं के खाते में हर साल 6 हजार रूपये की धनराशि हस्तांतरित की जा रही है,



जिसमें जनपद सोनभद्र में ही लगभग 2 लाख 5 हजार पात्र किसानों के खाते में 450 करोड़ रूपये की धनराशि हस्तांतरित की जा रही है, इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे, विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्या ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी, उप निदेशक कृषि दिनेश कुमार गुप्ता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## सोशल मीडिया वर्कशॉप में कैबिनेट मंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

**सोनभद्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय पर लोकसभा स्तरीय सोशल मिडिया इंफ्ल्युएंसर वर्कशाप आयोजित हुआ। बतौर मुख्य अतिथि उप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही मौजूद रहे। सोशल मीडिया वर्कशाप को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री शाही ने उपस्थित कार्यकर्ताओ से सोशल मीडिया पर सरकार की लोकप्रिय योजनाओं सहित बड़े नैरेटिव के साथ आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा, उन्होंने कहा कि सिर्फअच्छा कंटेंट ही लोगों कें साथ जुड़ाव पैदा कर सकता है, सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स को लोगों के साथ जुड़ने और उनसे संवाद करने के लिए ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का किस तरह से इस्तेमाल करना है, इसके बारे में गाईड किया। मिशन 80 लक्ष्य को पाने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से जुड़ना होगा। सोशल मीडिया वर्कशॉप को भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कार्यकर्ताओं को तकनीकी टिप्स दिए और आये हुए अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत जिला उपाध्यक्ष चन्दौली काशीनाथ सिंह मनोज सिंह अभय सिंह जिला अशोक मौर्या अमरनाथ पटेल रामसुन्दर निषाद कृष्णमुरारी गुप्ता शंम्भूनारायण सिंह संतोश शुक्ला विनोद पटेल अनूप तिवारी सहित सभी सोशल मिडिया व आईटी सेल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारतीय अर्थव्यवस्था

## मार्गन स्टैनले रिपोर्ट

**भारतीय** अर्थव्यवस्था के बारे में मार्गन स्टैनले की रिपोर्ट अर्थव्यवस्था की आशाजनक तस्वीर पेश करती है, हालांकि आलोचकों का कहना है कि उसने कुछ महत्वपूर्ण संकेतकों को छोड़ दिया है। सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी समर्थक स्वाभाविक रूप से वैश्विक वित्तीय सेवा फर्म मार्गन स्टैनले की हालिया रिपोर्ट से बहुत प्रसन्न हैं। इसमें कहा गया है, 'यह भारत 2013 के भारत से अलग है। 10 साल की छोटी सी अवधि में भारत ने विश्व व्यवस्था में अपना मजबूत स्थान बनाया है जिसके मैक्रो व बाजार दृष्टिकोण पर महत्वपूर्ण सकारात्मक नतीजे होंगे।' उसके अनुसार, 'भारत एक दशक से भी कम समय में बदल गया है।' यह निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनकी आर्थिक नीतियों के प्रति विश्वास मत की तरह है। रिपोर्ट ने उन बड़े दस परिवर्तनों को रेखांकित किया है जो 2014 के बाद से हो रहे हैं। मार्गन स्टैनले के अनुसार, कार्पोरेट टैक्स को घटा कर कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समान कर देना तथा ढांचागत संरचना में भारी निवेश सप्लाई पक्ष के सर्वोच्च नीतिगत सुधार हैं। वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी का बढ़ता हुआ संग्रह तथा जीडीपी के प्रतिशत के रूप में डिजिटल लेनदेन का बढ़ता हिस्सा भारतीय अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण का संकेत देता है। मार्गन स्टैनले के अनुसार अन्य सकारात्मक चीजों में लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी का सीधे हस्तांतरण, इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड, मुद्रास्फीति का लचीला लक्ष्य, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई पर ध्यान देना, कार्पोरेट मुनाफों के लिए सरकारी



सहायता, रियलिटी क्षेत्र के लिए नया कानून तथा बहुराष्ट्रीय निगमों-एमएनसी के भीतर सोच का अनेक वर्षों में उच्च स्थान पर होना इनमें शामिल हैं। मार्गन स्टैनले ने कहा है कि जीडीपी प्रतिशत के रूप में विनिर्माण व पूंजीगत खर्च लगातार बढ़ रहा है तथा निर्यात बाजार में भारत का हिस्सा 2031 तक 4.5 प्रतिशत बढ़ कर पहले की तुलना में दूने से अधिक हो जाएगा।

मार्गन स्टैनले की रिपोर्ट में कही गई ज्यादातर बातें सही हैं, लेकिन कई स्थानों पर आशावाद थोड़ा अतिरंजित लगता है। उदाहरणार्थ, पिछले वित्त वर्ष में देश में एफडीआई का प्रवाह 16 प्रतिशत घट कर 71 बिलियन डालर रह गया, हालांकि यह कमी अनेक वैश्विक आयामों के कारण है। इसी प्रकार विनिर्माण क्षेत्र में गतिरोध बना हुआ है और यह देश की जीडीपी के 16-17 प्रतिशत पर बना हुआ है। सरकार ने औद्योगिक विकास संभावना के बड़े-बड़े दावे किए हैं तथा उसने 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन या पीएलआई योजना कई क्षेत्रों के लिए घोषित की है। इसके बावजूद जीडीपी में विनिर्माण का हिस्सा 2011 से अधिक नहीं बढ़ा है। इसी साल घोषित राष्ट्रीय विनिर्माण नीति में 2022 तक यह हिस्सा बढ़ने की घोषणा की गई थी। इसके साथ ही रोजगारों का मुद्दा भी है क्योंकि अर्थव्यवस्था समुचित संख्या में गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित नहीं कर पा रही है। इससे उपभोग पैटर्नों का पता चलता है। विलासिता की वस्तुओं की बिक्री बढ़ रही है, जबकि आम लोगों द्वारा प्रयोग किए जाने वाले रसोई उपकरणों की बिक्री अच्छी नहीं है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2022-23 की चौथी तिमाही में बढ़ कर 6.1 प्रतिशत हो गई है, जबकि पूरे वित्त वर्ष के लिए इसके बढ़ कर 7.2 प्रतिशत होने का अनुमान है। 2023-24 में भी भारत की वृद्धि दर 6 प्रतिशत से अधिक होने की आशा है और इस प्रकार यह दुनिया की सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगी। सरकार को ऐसे में आर्थिक सुधार लगातार जारी रखने चाहिए तथा सप्लाई पक्ष की बाधायें दूर करनी चाहिए ताकि आर्थिक वृद्धि व विकास के लाभ देश की सारी जनता तक समान रूप से पहुंच सकें।

# भारत में सर्वधर्म समभाव का दृष्टिकोण

**भारत को प्रगति करते हुए सचेतन रूप से अपनी समृद्ध विविधता का सम्मान करना चाहिए। इससे मानवतावादी समाज बनेगा तथा एकजुटता पैदा होगी।**



**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी दर्शन एवं स्मृति समिति से संबद्ध हैं।)



नए संसद भवन का उद्घाटन स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में भारत का नया इतिहास लिख रहा है। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों से इस समारोह की कई प्रकार से आलोचना सामने आई, लेकिन हमें यह समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र का महत्व विकास की उस भावना का सम्मान करने में है जो नए विकास के मूल में अंतर्निहित है। हमें बहु-सांस्कृतिकता तथा समावेशी परंपराओं की उस भावना का सम्मान करना चाहिए जो भारतवर्ष के 140 करोड़ नागरिकों को एकसाथ जोड़ कर एक राष्ट्र का रूप देती है। 29 मई को नई संसद भवन के उद्घाटन में 'सर्व धर्म प्रार्थना' को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया जो पूरे देश की एकजुटता व समन्वय की दिशा में बड़ा कदम है। भारतवर्ष को लंबे समय से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, बहुरंगी संस्कृति तथा धर्मों की विविधता के रूप में जाना जाता है।

भारत ने लंबे समय से सर्व धर्म समभाव तथा बहु-सांस्कृतिकता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान दिया है। अनेक विश्वासों व परंपराओं को स्वीकार करना अंतर्निहित रूप से सर्व धर्म प्रार्थना के रूप में प्रकट किया जाता रहा है। देश भर में होने वाले विभिन्न आयोजनों में लंबे समय से सर्व धर्म प्रार्थना को महत्वपूर्ण स्थान मिलता रहा है। इससे देश भर में होने वाले विभिन्न आयोजनों को भी महत्व मिलता है। सर्व धर्म प्रार्थना एक एकजुटता वाली शक्ति के रूप में हमारे सामने आती है क्योंकि इससे सद्भावना व सामुदायिक एकता पैदा होती है, सहिष्णुता की भावना विकसित होती है तथा सांस्कृतिक एकीकरण को भी बढ़ावा मिलता है। नई संसद भवन के उद्घाटन पर सर्व धर्म प्रार्थना को मिले महत्व से प्रतीकात्मक रूप से सांस्कृतिक बहुलता तथा सर्व धर्म समभाव को बढ़ाने व बनाए रखने पर राष्ट्र की प्रतिबद्धता प्रकट होती है। इस अत्यधिक महत्वपूर्ण आयोजन में सर्व धर्म प्रार्थना से भारत की विविधता भी स्पष्ट होती है जिसका पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। भारत की सांस्कृतिक व धार्मिक विविधता के प्रति इस समावेशी दृष्टिकोण से न केवल हमारा सामाजिक ढांचा मजबूत होता है, बल्कि सारी दुनिया को यह संदेश भी जाता है कि भारत पंथनिरपेक्षता तथा बहुलतावाद के प्रति अडिग रूप से प्रतिबद्ध बना हुआ है। सर्व धर्म प्रार्थना भारत के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विभिन्न धार्मिक पृष्ठभूमि वाले लोगों तथा विभिन्न विश्वास वाले लोगों को एकसाथ लाती है। इससे सारी जनता के बीच एकता, एकजुटता व साझा विकास की भावना भी प्रकट होती है। भारत की सांस्कृतिक बुनावट बहुत सुघड़ रूप से विभिन्न धर्मों के ताने-बाने से बुनी है जिसमें से प्रत्येक समाज के किसी न किसी हिस्से का जीवन्त प्रतिनिधित्व करता है।

भारत विभिन्न धार्मिक विश्वासों, व्यवहारों तथा कर्मकांडों का एक प्रकार से विलयन पात्र बन गया है जिसमें हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म, इस्लाम, ईसाई धर्म, सिख धर्म, बहाई धर्म, यहूदी धर्म, अग्निपूजक धर्म तथा अन्य धर्म शामिल हैं। इस परिदृश्य में सर्व धर्म प्रार्थना ऐसे गोंद का काम करती है जो इस बहुरंगी संस्कृति को एकसाथ जोड़ती है। सर्व धर्म प्रार्थना से विभिन्न धर्मों, विश्वासों व संस्कृतियों के लोगों के बीच परस्पर सम्मान तथा शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की भावना पैदा होती है। सर्व धर्म प्रार्थना हमें अपनी साझा मानवीयता की याद दिलाती है तथा यह धार्मिक सीमाओं को पार करती हुई समान मूल्यों व आकांक्षाओं पर जोर देती है। यही समान मूल्य व साझा आकांक्षायें हमें एक राष्ट्र के रूप में बांधे रखती हैं। लोकतंत्र के स्थल या 'लोकतंत्र के मंदिर' के रूप में संसद देश की जनता के स्वरों का प्रतिनिधित्व करती है जिसमें विविधतापूर्ण भावनायें, आकांक्षायें तथा भारत की समावेशी भावना शामिल हैं।

भारत की सर्व-समावेशी भावनायें राष्ट्र के सांस्कृतिक ताने-बाने में अच्छी तरह बुनी हुई हैं। देश का इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है जिसमें विभिन्न धार्मिक विश्वास व धार्मिक व्यवहार एक दूसरे से मिल कर एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। सर्व धर्म समभाव तथा सांस्कृतिक समावेश की यह भावना भारतीय जीवन के विभिन्न आयामों को अपने भीतर समाहित करती है। इसमें त्योहार, कर्मकांड तथा दार्शनिक विचारधारायें शामिल हैं। दीपावली, ईद, क्रिसमस, गुरु नानक जयंती, आदि अनेकानेक त्योहार विभिन्न धर्मों के लोग समान श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाते हैं। ये आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि व्यक्तियों को विभिन्न धार्मिक परंपराओं से सीखने और उनका सम्मान करने का अवसर प्रदान करते हैं।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत की कलात्मक विरासत हजारों साल पुरानी है जिसने विभिन्न संस्कृतियों व सभ्यताओं को प्रभावित किया है। खुजराहों के प्राचीन मंदिरों की शानदार नक्काशी, ताजमहल का मुगल वास्तु तथा राजस्थान की जीवन्त जालियां व मूर्तियां इस बात के कुछ उदाहरण हैं कि विभिन्न कलात्मक शैलियों ने कैसे एक दूसरे से मिल कर विशिष्ट भारतीय सौंदर्यशास्त्र को जन्म दिया है। इन कलात्मक रूपों की प्रशंसा व इनके संरक्षण से भारत ने न केवल अपनी बहुसांस्कृतिक विरासत की समझ विकसित की है, बल्कि संवाद भी प्रोत्साहित किया है।

भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत तथा अनेक दर्शनों की उसके द्वारा स्वीकार्यता ने एक समावेशी संरचना प्रस्तुत की है जिसमें अनेक प्रख्यात संतों और दार्शनिकों के विचार पूरे इतिहास में समाहित होते रहे हैं। 15वीं शताब्दी के कवि व रहस्यवादी कबीर की शिक्षाओं ने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, 'धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय। माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु आए फल होय।' इसमें आध्यात्मिक प्रगति के क्रमिक विकास, सांस्कृतिक समावेश तथा ईश्वरीय ज्ञान की सर्व व्यापकता को प्रदर्शित किया गया है।

स्वामी विवेकानंद ने भी सभी धर्मों में व्याप्त विविधता व एकता का महत्व स्वीकारने पर जोर दिया है। उनका यह कथन बहुत लोकप्रिय है, 'मुझे गर्व है कि मैं ऐसे धर्म से आता हूं जिसने हमें सहिष्णुता तथा सर्वव्यापी स्वीकार्यता सिखाई है। हम न केवल सर्वव्यापी सहिष्णुता में विश्वास करते हैं, बल्कि हम सभी धर्मों को सच्चा मानते हैं।' स्वामी विवेकानंद ने इस अवधारणा की कल्पना स्वयं की थी जिसका विकास उनके इंजीनियर भाई व संन्यासी स्वामी विज्ञानानन्द ने किया। रामकृष्ण मिशन द्वारा स्थापित वेल्लूर मठ एक वास्तु आश्चर्य है जिसमें बहुत सुंदरता से समावेशी परंपराओं को समाहित कर विभिन्न भारतीय वास्तु शैलियों के रूपों को स्वीकार किया गया है। वेल्लूर मठ की शानदार नक्काशी, गुंबद व स्पायर तथा इस्लामी मेहराबों एवं फूलों के चित्रों के साथ ही गोथिक वास्तु के विभिन्न तत्व भी पाए जाते हैं। इनमें रंगीन कांच से ढकी खिड़कियों का खास महत्व है।

भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी अपनी पहचान बनाए रखते हुए भी विविध संस्कृतियों व परंपराओं को समाहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना की थी जिसमें विभिन्न संस्कृतियों का सह-अस्तित्व हो तथा वे एक दूसरे को समृद्ध करें तथा परस्पर समझदारी व एकता को बढ़ावा दें। भारत ने नए संसद भवन का उद्घाटन कर अपने इतिहास में एक नया अध्याय लिखा है। ऐसे में हम सबको उन मूल्यों, विवेक व शिक्षाओं को महत्व देना चाहिए जिन्होंने व्यक्तियों व राष्ट्रों को समान रूप से प्रभावित किया है। अंतर-धार्मिक संवाद को बढ़ावा दे कर, भाषाई विविधता का संरक्षण कर, कलात्मक अभिव्यक्तियों का समारोह मना कर तथा व्यापक व विविधतापूर्ण परंपराओं को गले लगा कर भारत सारी दुनिया के सामने शानदार उदाहरण पेश कर सकता है।

इस रास्ते पर चलते हुए भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में एक विश्व महाशक्ति बनने की इच्छा के साथ ही सारी दुनिया में विविधता में एकता का उदाहरण भी बनेगा।

# पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा का महत्व

> "घरेलू राजनीति एक तरफ, पीएम मोदी की अमेरिका की आगामी राजकीय यात्रा के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में संयुक्त राज्य अमेरिका की एक हाई-प्रोफाइल यात्रा पर होंगे। राजकीय यात्रा प्रधान मंत्री के लिए पहली और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के लिए और दूसरी मेजबान के रूप में उनके वर्तमान कार्यकाल के दौरान होगी। यह यात्रा भारतीय और अमेरिकी राजनयिकों, सचिवों और मंत्रियों की कई हाई-प्रोफाइल यात्राओं की पृष्ठभूमि में हो रही है, जो भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मील के पत्थर में से एक हो सकती है। रिश्ते को आखिरी बार 2005 से 2009 तक की अवधि में बढ़ावा मिला जब भारत परमाणु हो गया और अमेरिका ने अपने घरेलू राजनीतिक संदेहों और सहयोगी चिंताओं (पाकिस्तान पढ़ें) को अलग रखते हुए, भारत को परमाणु क्लब में शामिल कर लिया, अंत में तत्कालीन प्रधान मंत्री में समाप्त हो गया। मनमोहन सिंह की अमेरिका की राजकीय यात्रा। एक राजकीय यात्रा द्विपक्षीय रूप से दिए जाने वाले सम्मान और प्रतिष्ठा का उच्चतम स्तर है, और इसे राजनयिक संबंधों में शीर्ष स्तर का माना जाता है।

माना जाता है कि प्रधान मंत्री मोदी की निर्धारित राजकीय यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ एक महीने से भी कम समय में कम से कम तीन बार हुई थी। इनमें त7 के दौरान द्विपक्षीय बैठकें शामिल थीं, जिसमें भारत को आमंत्रित किया गया था, पापुआ न्यू गिनी में एक बैठक और राजकीय यात्रा के समापन से पहले क्व्रॆ नेताओं का शिखर सम्मेलन। हालाँकि, घरेलू मुद्दों के कारण, राष्ट्रपति बिडेन को प्रशांत महासागर द्वीप राष्ट्र और ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा में कटौती करनी पड़ी, जिसके कारण जापान में जी-7 के मौके पर कुछ हड़बड़ी में बैठकें हुईं।



भारत और अमेरिका दोनों के लिए घरेलू माहौल अभी गर्म हो रहा है, जो दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए बेहद गर्म और शोरगुल वाला स्थान होगा। भारत और अमेरिका में अगले साल आम चुनाव होने हैं और घरेलू राजनीतिक माहौल, यदि डेसिबल नहीं है, पहले से ही सहनीय सीमा से अधिक है। आगे बढ़ना असहनीय और खुरदरा होगा। यह इन नेताओं के लिए पासा डालता है, जो दोनों फिर से चुनाव की मांग कर रहे हैं (तीसरे कार्यकाल के लिए पीएम मोदी और राष्ट्रपति बिडेन दूसरे कार्यकाल के लिए), इसे अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सार्थक बनाने के लिए, जो उन्हें शीर्ष पदों पर वापस भेज देंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके मतदाता, यदि कांग्रेस और उनके कुछ सहयोगी नहीं, यूक्रेन पर भारत की विशिष्ट चुप्पी के बावजूद भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत करने के मूल्य को देखते हैं (सिवाय इसके कि यह युद्ध का समय नहीं है) बयान), रूस पर घनिष्ठ संबंध और निर्भरता और मानवाधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता आदि के संबंध में कुछ असहज प्रश्न। भारतीय प्रधान मंत्री अपनी ओर से हाउडी मोदी, ग्रैंड कॉन्सर्ट इवेंट, जब पीएम मॉड और तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त रूप से ह्यूस्टन में हजारों भारतीय अमेरिकियों को संबोधित किया, की तुलना में तमाशा भागफल को थोड़ा अधिक लेना चाहेंगे। पीएम राजकीय यात्रा से एक महत्वपूर्ण परिणाम की उम्मीद करेंगे, हालांकि उत्साही भीड़, सार्वजनिक कार्यक्रम निश्चित रूप से पैकेज का हिस्सा होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और प्रशांत द्वीप देशों की यात्रा पर भी गए थे, जहां उनका रॉक स्टार स्वागत किया गया था, खचाखच भरे मैदानों में बड़ी संख्या में भीड़ को उन्होंने संबोधित किया और उन्हें ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री द्वारा बॉस भी कहा गया। भारतीय अमेरिकी समूह भी प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के लिए तैयारी कर रहे हैं, क्योंकि उनमें से कई के व्हाइट हाउस में कुछ प्रमुख आधिकारिक समारोहों में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें 21 तोपों की सलामी और शायद भारतीय पीएम के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय विश्व योग पर योग सत्र शामिल हैं। 21 जून को दिन।

यह भी याद रखने योग्य होगा कि पीएम की यात्रा विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अमेरिका की दस दिवसीय यात्रा के बाद भी होगी, जहां उन्होंने भारतीय लोकतंत्र से जुड़े सवालों पर विभिन्न हितधारकों, नागरिक समाज, थिंक टैंक आदि के साथ बातचीत की। भारत में लोकतांत्रिक पैंतरेबाज़ी और राजनीतिक विरोध के लिए सिकुड़ते स्थान के बारे में बड़े सवाल, जो विपक्षी नेता द्वारा यूके आदि की अपनी पिछली यात्राओं के दौरान सामने लाए गए हैं और जिसके कारण कुछ प्रभावशाली समूहों को भारतीय लोकतांत्रिक साख पर संदेह हुआ है, को नियंत्रित किया जा सकता था। जिस समय पीएम मोदी अमेरिका में लैंड करते हैं। घरेलू राजनीति एक तरफ पीएम मोदी की अमेरिका की आगामी राजकीय यात्रा के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है।

## आप की बात

### संघर्षरत जेलेन्स्की

**यूक्रेनी राष्ट्रपति** वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने दूसरे यूरोपीय राजनीतिक समुदाय शिखर सम्मेलन के भाग के रूप में यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक के लिए मोल्दोवा की यात्रा की। आज कल नाटो व यूरोपीय संघ की लगभग हर बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेन्स्की जरूर उपस्थित रहते हैं। ऐसा करना इनकी मज़बूरी भी है क्योंकि पिछले 16 महीनों से अगर वे रूस से संघर्ष करने की स्थिति में हैं तो उसके पीछे निश्चित रूप में यूरोपियन यूनियन एवं नाटो का महत्वपूर्ण योगदान है। 1 जून को ज़ेलेंस्की और वॉन डेर लेयेन ने यूक्रेन के शांति फार्मूले पर गौर किया। उन्होंने नाटो की पूर्ण सदस्यता से पहले यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी और उसे यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की। लेकिन सिर्फ ऐसी चर्चा से काम नहीं चलेगा। रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए विश्वस्तर पर व्यापक प्रयासों की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन पर संकट को मुख्यत: मानवता पर संकट माना था, लेकिन दुनिया के अधिकांश देश इसे रूस पर प्रभुत्व स्थापित करने के रूप में देख रहे हैं। दूसरी ओर रूस, चीन तथा उसके सहयोगी इसे अमेरिका व नाटो से मुकाबले की तरह देखते हैं। ऐसे में जेलेन्स्की का संघर्ष और जटिल होता जा रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मोदी सरकार

**अपने** कार्यकाल के नौ वर्ष पूरा होने पर यदि मोदी सरकार अपनी उपलब्धियों को जोर-शोर से रेखांकित कर रही है तो इसलिए कि उसने इस अवधि में बहुत कुछ कर दिखाया है। इन नौ वर्षों में विकास की विभिन्न योजनाओं में जहां देश की तस्वीर बदलने का काम किया है वही जनकल्याणकारी कदमों ने जनता को लाभान्वित करने के साथ अपनी छाप भी छोड़ी है। विपक्षी दल व मोदी सरकार की रीति-नीति से असहमत लोग कुछ भी दावा करें, इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि उसने अपनी योजनाओं का क्रियान्वयन भी बेहतर तरीके से किया है। उज्ज्वला गैस सिलेंडर और जन-धन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन को बदलने का काम किया। इन नौ वर्षों में देश में आधारभूत ढांचे का उल्लेखनीय और कुछ क्षेत्रों में तो अभूतपूर्व विकास हुआ है। देश के प्रत्येक हिस्से में आधारभूत ढांचे के विकास की कोई भी अनदेखी नहीं कर सकता है। सड़क, पुल, हवाई अड्डे, रेल मार्ग आदि बहुत तेज गति से निर्मित हो रहे हैं। वे देश की तस्वीर बदलने का काम करने के साथ लोगों का दैनिक जीवन भी सुगम बना रहे हैं।

– **सदन जी,** पटना

### जल संरक्षण

**देश** में गर्मी के मौसम मे जितना लोग परेशान नहीं, उससे कहीं ज्यादा देश के अनेक हिस्से जल संकट से गुजर रहे है। जहां तक जल की उपयोगिता का सवाल है, कहीं न कहीं हम सभी जवाबदेह हैं। पानी की बर्बादी को हम मूकदर्शक की भांति निहारते रहते हैं। जल सरक्षण की सोच आम लोगों से दूर नजर आती है। सामान्य तौर हर व्यक्ति 45 लीटर पानी उपयोग करता है। गर्मी के दिनों मे यह थोड़ा बढ़ सकता है। लेकिन अक्सर घरो मे पानी की बर्बादी के नजारे देखने को मिल जायेंगे। घर आँगन धोना, गाड़ी, वाहन धोना, शेविंग करते समय नल खुला रखना, पानी की टंकी ओवर फ्लो होना, आदि ऐसे कई कारण इस समस्या के अंग हैं। कहीं कहीं गावों-शहरों मे नलों में टोटी गायब मिलेंगी। लोग वाहनों को धोने मे सैकड़ों लीटर पानी बहा देते है। आखिर हम क्यों नहीं जागरूकता लाना चाहते हैं। जल है तो कल हैए, जल है तो जीवन है, आदि नारे केवल प्रदर्शन की वस्तु क्यों बन गए हैं ? यदि यही हाल रहा तो वो दिन दूर नहीं कि लोगों को एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़े। जल संरक्षण को आम जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

–**योगेश जोशी,** बड़वाह

### सड़क सुरक्षा

**ज्यादातर** सड़क दुर्घटना अँधेरे के कारण सड़क पर खड़े पशुओं व वाहनों के न दिखाई देने के कारण होती है। कई स्थानों पर चिन्हों के संकेत जो कि रेडियम के पेंट से बने होते हैं जो रौशनी गिरने से वो अँधेरे में ज्यादा साफ़ दिखाई देते हैं। ये संकेत कई स्थानों पर सड़कों के किनारे लगे होते हैं किंतु सड़कों पर खड़े, बैठे पशु या वाहन दिखाई न देने से दुर्घटना घटित होती है। कई क्षेत्रों में बैलगाड़ी के धुरों यानी जहाँ बैलों को बैलगाड़ी में बाँधा जाता है, वहां पर मध्य में एवं बैलगाड़ी के पीछे की और रेडियम संकेत लगाए जाने चाहिए। साइकिल के अलावा अन्य वाहनों में भी रेडियम के इंडीकेटर लगे होते हैं। जिन पर नहीं लगे हों उन्हें लगवाना लगाना चाहिए। साथ ही पशुओं के गले में भी रेडियम बेल्ट बाँधा जाना एवं सींग पर रेडियम पेंट लगाने से अँधेरे में उनकी जान के साथ खुद की जान बचाई जा सकती है। राजमार्गों पर अवैध कट तथा अवैध रूप से उल्टी दिशा में या धीमी गति से चलने वाले वाहनों का प्रयोग भी दुर्घटनाओं को न्योता देता है। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन सबको करना चाहिए।

– **संजय वर्मा,** मनावर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 3 जून 2023



# सोशल मीडिया के कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी ताकतः आदित्य प्रसाद

## ● पीएम मोदी का कालखंड विकास वाद का युग रहाः केसरी देवी पटेल



कार्यक्रम में बोलते झारखंड प्रदेश के महामंत्री और राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद।

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर द्वारा आयोजित भाजपा सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन सिविल लाइन कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया के कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति बन कर उभरा। जिसके कारण पार्टी की एवं हमारी सरकार की सभी योजनाएं जन जन तक पर पहुंच पा रही है। जिसका असर समाज में व्यापक दिखाई पड़ता है। उन्होंने कहा कि विश्व के सर्वमान्य नेता नरेंद्र मोदी जी का नौ वर्ष का कालखंड सेवा सुशासन और गरीब कल्याण का वर्ष रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के कार्यकर्ता केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए फेसबुक इंस्टाग्राम ट्विटर पेज व्हाट्सएप ग्रुप मोदी एप्प सरल ऐप्प का तीव्रता के साथ प्रयोग करें।

इस अवसर पर सांसद केसरी देवी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नौ वर्ष का कालखंड विकासवाद का युग रहा है। भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि भाजपा सोशल मीडिया के कार्यकर्ता आपस में संवाद हमेशा बनाए रखें और सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं के दम पर आने वाले आगामी चुनाव में हम फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही कार्यकर्ताओं का सम्मान है। भाजपा में काम करने वाले कार्यकर्ताओं की पहचान है और जो कार्यकर्ता अच्छा काम करता है।

पार्टी विशेष सदैव आगे बढ़ाने का काम करती है। कार्यक्रम के संयोजक हनुमान प्रसाद पांडेय एवं एस विक्रम त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का संचालन निमिष खत्री ने किया। कार्यक्रम में एमएलसी सुरेंद्र चौधरी एमएलसी निर्मला पासवान विधायक प्रवीण पटेल विधायक गुरु प्रसाद मौर्या कुंज बिहारी मिश्रा राजेश केसरवानी एवं सोशल मीडिया के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कौड़िहार ब्लाक प्रमुख को 5 जून तक राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कौड़िहार ब्लाक प्रमुख मोहम्मद मुजफ्फर को खिलाफ5जून तक किसी तरह की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने यह आदेश इंचार्ज शासकीय अधिवक्ता ए के सण्ड के इस कथन के बाद दिया कि इन्हीं की एक याचिका पर खंडपीठ ने शपथ समारोह तक गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी है और कल ही 3 जून शनिवार को शपथ होनी है। इस पर कोर्ट ने कहा याची को पहले से ही संरक्षण मिला है। इसलिए सुनवाई 5 जून के लिए स्थगित की जाती है। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि सरकार खंडपीठ के आदेश का सम्मान करेगी और इस दौरान याची के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार तथा न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की खंडपीठ ने मोहम्मद मुजफ्फर की याचिका पर दिया है।

# सीडीओ ने ग्राम चौपाल का किया निरीक्षण



**अम्बेडकरनगर।** सीडीओ अनुराज जैन द्वारा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रोहनपारा में चल रहे ग्राम चौपाल का निरीक्षण व ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कियाए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत रोहनपारा के लोगो से आवास शौचालय, पेंशन, मनरेगा की स्थिति आयुष्मान कार्ड, सड़क, पानी आदि की समस्या सुनी गयी तथा खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि यहाँ की जो भी समस्या है इसका निस्तारण अविलम्ब कराया जाय। इसके बाद सीडीओ द्वारा विकास खण्ड भीटी के ही ग्राम पंचायत कन्द्रियांवा के पंचायत भवन का निरीक्षण किया गयाए जहाँ पर किसान सम्मानष् निधि का कैम्प आयोजित था। सीडीओ द्वारा बैठकर कुछ किसानों की समस्या का निस्तारण कराया और सहायक विकास अधिकारी कृषि को निर्देशित किया कि तत्काल जहाँ भी कमी हो अविलम्ब पूर्ण करा ली जाय अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही हेतु तैयार रहे। पुनः मनरेगा की हकीकत परखने के लिए विकास खण्ड भीटी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत उजीपारा में चल रहे तालाब के खुदाई का भी निरीक्षण किया परन्तु तालाब खुदाई कार्य से मुख्य विकास अधिकारी सन्तुष्ट नही हुए उन्होने खण्ड विकास अधिकारी एंव अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में गुणवत्ता लाए। मौके पर चल रहे मनरेगा कार्य की पत्रावली उपलब्ध न कराने के कारण ग्राम विकास अधिकारी को फ्टकार लगाईए पुनः सीडीओ द्वारा विकास खण्ड भीटी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बसोहरी का निरीक्षण किया गया जहाँ पर सर्व प्रथम उन्होने अमृत सरोवर का उद्धघाटन किया और प्रसन्नता जाहिर की और अतिशीघ्र अमृत सरोवर के पाथवे को पूर्ण कराने एंव ओपन जिम लगाने का भी निर्देश दिया। बसोहरी ग्राम पंचायत में ही बने सोक पिट, और नाली निर्माण का निरीक्षण किया, संतोष व्यक्त किया गयाए परन्तु बगल में ही स्थित सामुदायिक शौचालय बन्द था साफ सफाई अच्छी नहीं थी जिसके लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा काफी रोष व्यक्त करते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत एंव सहायक विकास अधिकारी आईएसबी को फ्टकार लगाई, सामु. शौचालय की साफ सफाई हेतु सहा. विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया गया।

# कस्तूबरा गांधी बालिका विद्यालयों में पुरुष शिक्षकों के संविदा नवीनीकरण न करने के आदेश पर रोक बरकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पुरुष शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की संविदा को आगे न बढ़ाने केंद्र सरकार के आदेश पर पहले से लगी रोक को बरकरार रखा है। इसके साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार सहित अन्य प्रतिवादियों से जवाब तलब करते हुए अगली सुनवाई तक जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट अब इस मामले में तीन जुलाई को सुनवाई करेगी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने फारूक अहमद व तीस अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचियों की ओर से कहा गया कि केंद्र सरकार ने 20 अक्तूबर 2022 को आदेश जारी कर कस्तूरबा बांधी बालिका विद्यालय में अब किसी पुरुष शिक्षक या शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की संविदा को आगे न बढ़ाने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के क्रम में राज्य परियोजना निदेशक ने 25 अप्रैल 2023 को आदेश जारी किया और कहा है कि अब कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी महिलाएं ही होंगी। किसी पुरुष शिक्षक या शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की संविदा का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। मामले में दर्जनों याचिकाएं दाखिल हुई हैं। यूपी सरकार की ओर से कहा गया है कि यह नीतिगत मामला है। इसमें कोर्ट को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।



## एसपी ने पुलिस लाइन में किया शार्ट फायरिंग रेंज का उद्घाटन

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा पुलिस लाइन में नवनिर्मित शार्ट फायरिंग रेंज का उद्घाटन समारोह का भव्य तरीके से किया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर क्षेत्राधिकारी जमुनहा द्वारा स्माल आर्म्स पिस्टल से फायरिंग कर फायरिंग बट का शुभारम्भ किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जनपद की पुलिस लाइन में शार्ट फायरिंग रेंज बन जानें से पुलिस कर्मचारी समयानुसार अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर सकेगें। इससे पहले जनपद के पुलिस कर्मी दूसरे जनपद में जाकर अपनी दक्षता का अभ्यास करते थे। जिससे पुलिस कर्मियों को आने.जानें में समय के साथ अन्य कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उद्घाटन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के अनुश्रवण समिति की बैठक



**श्रावस्ती।** डीएम नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट.2023 के अनुश्रवण के लिए जनपद स्तरीय एमओयू क्रियान्वयन इकाई समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। डीएम ने एमओयू के हितधारकों यह सुझाव दिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में इन्वेस्ट करें और यदि कोई समस्या आती है तो जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र कार्यालय से सम्पर्क कर अपनी समस्या बताकर उसका निदान करा सकते है। 1 से 15 जून के मध्य उद्यमियो के द्वार डबल इंजन की सरकार विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद में उद्यम की स्थापना हेतु उद्यमियों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये। जनपद के समस्त ऐसे उद्यमी एवं व्यापारी जो अपना कार्य कर रहे है, उन्हें अपनी उद्योग/व्यापार का पंजीयन उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर कराया जाना अतिआवश्यक है। देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के लिए इस पंजीयन के आधार पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ के साथ.साथ अब वर्तमान में संचालित योजनाओं का लाभ भी प्राप्त होगा।

उद्यम के पंजीकरण के लिए कोई शुल्क निर्धारित नही है। उद्यम रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र पंजीकृत औद्योगिक/ व्यापारिक इकाई को 5 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा प्राप्त होगा। औद्योगिक/ व्यापारिक इकाई को उद्यम रजिस्ट्रेशन प्रमाण पंजीकरण से टेण्डरो में ईएमडी, अनुभव टर्नओवर आदि से छूट प्राप्त होगी। उद्यमी द्वारा सप्लाई के शासकीय भुगतान लंबित रहने पर फैसिलिटेशन काउन्सिल द्वारा 18 प्रतिशत ब्याज सहित धनराशि प्राप्त होगी। अब उद्यम रजिस्ट्रेशन प्रमाण.पत्र (यूआरसी) ही मान्य किया जायेगा। उद्यमी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वह अपने प्रतिष्ठानों के उद्यम रजिस्ट्रेशन प्रमाण.पत्र पंजीयन हेतु अपने निकटतम, कामन जनसुविधा अथवा अन्य ऑनलाइन संगठनों में जाकर ऑनलाइन सूचना भरकर प्रमाण.पत्र प्राप्त कर सकते है। एडीएम (वि/रा.) डीपी सिंह, सीएमओ डा. एसपी तिवारी, डीवीओ रामसमुझ, एसीएमओ डा. मुकेश मातनहेलिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीके दास, अधिशासी अभियंता लोनिवि एस.के. हरित, सहायक आयुक्त उद्योग अरबिन्द कुमार भास्कर, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता सहित अन्य संबंधित विभागों अधिकारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### सामु. स्वा. केन्द्र व प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र का डीएम ने किया निरीक्षण

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी अकबरपुर एपवन जायसवाल टीम के साथ बेवाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किए।दोनों स्वास्थ्य केंद्र एक ही कैंपस में स्थित है। मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेवाना के प्रभारी डॉ इंद्रेश यादव एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी0 के0 बादल अनुपस्थित पाए गए। ओपीडी संचालित पाई गईए मौके पर 15 मरीजों का निरीक्षण के समय तक पंजीका में नाम अंकित किया जा चुका था। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में साफसफाई की स्थिति बदहाल, कैंपस में बड़े.बड़े घासए मेन गेट से पूरे कैंपस में इधर.उधर गंदगी का अंबारए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के शौचालय बदहाल एवं ताला बंद पाया गया। प्रसूति कक्ष (लेबर रूम) पुराने प्राथमिक केंद्र में संचालित पाया गयाए जिसमें सुविधाओं का अभाव था, लेबर रूम में तैनात स्टाफनर्स ने बताया कि प्रसूति कक्ष में आवश्यक उपकरणए दवाए चादर इत्यादि उपलब्ध नहीं कराया जाता है। मौके पर स्त्री रोग एवं प्रसूति कक्ष में कोई मरीज नहीं पाया गया। निरीक्षण में पाई गई घोर लापरवाही के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी अधिकारी के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी अंबेडकरनगर को आख्या प्रेषित कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अकबरपुर जे पी यादवए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष सिंहए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय वर्मा मौके पर उपस्थित रहे।

### डीएम ने ब्लाक प्रमुखों के साथ की बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त ब्लाक प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित की गई। जनपद में विकास कार्यो को गति प्रदान करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा निरंतर विकास कार्यों के प्रति समीक्षा की जा रही है इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों को प्रमुखता से लेते हुए जनपद के समस्त ब्लाक प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित कर जनपद के समस्त विकास खंडों में शासन की योजनाओं को धरातल पर लाने का सुझाव दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ब्लॉक प्रमुख जनता के प्रति अपने दायित्वों का इमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए शासन के योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य करें। बैठक में उपस्थित समस्त ब्लॉक प्रमुखों ने जिलाधिकारी को विश्वास दिलाया कि शासन की मंशा अनुसार समस्त योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगाए उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि जनता की कोई भी समस्या प्रकाश में आती है एतो उसका तत्काल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाएगा। बैठक में समस्त ब्लाक प्रमुख मौके पर उपस्थित रहे।

### खाद्य मसालों की जांच हेतु चला अभियान

**अम्बेडकरनगर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ, जिलाधिकारी अंबेडकरनगर व सहायक आयुक्त खाद्य के निर्देश पर तथा के.के. उपाध्याय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंबेडकरनगर के नेतृत्व में जनपद में खाद्य मसालों की जांच हेतु चल रहे अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खजांवाए अकबरपुर में अग्रहरी गृह उद्योग ;शुभ अक्षत मसालाद्ध की निर्माण इकाई का निरीक्षण कर धनिया पाउडर का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया। बरियावन बाजार में राज फूड प्रोडक्ट्स (रजत मसाले) की निर्माण इकाई का निरीक्षण कर लाल मिर्च पाउडर का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया। टीम में हंसराज प्रसाद, गुलाब चन्द गुप्ता व आदर्श प्रताप मौजूद रहे।

### 4 जून को होगी अविवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 04 जूनए 2023 को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में शुक्रवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ एवं पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फारूख जमाल ने परिसर में होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए छह परीक्षा केन्द्र बनाए गए। इसमें केन्द्राध्यक्ष के साथ 09 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए। इन केन्द्रों पर 37 विषयों में 1767 परीक्षार्थी पंजीकृत है। जिसमें पीएचडी प्रवेश परीक्षा से नेट व जेआरएफके विद्यार्थियों को औपबंधित छूट प्रदान की गई है। विवि प्रशासन द्वारा प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारियां पूरी की जा चुकी है। बैठक में पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो. फारूख जमाल ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा को पारदर्शितापूर्ण सम्पन्न कराने के लिए केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को दिशा.निर्देश प्रदान कर दिया गया है। विवि परिसर में छह परीक्षा केन्द्र बनाये गए है जिसमें अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, गणित एवं सांख्यिकी विभागए इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग शिक्षा संकाय विभाग, प्रचेता भवन, दीक्षा भवन में 37 विषयों की प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी।

# दो गांवों में लगी भीषण आग, दो दर्जन गृहस्थी नष्ट



**मिल्कीपुर अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के दो अलग.अलग गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग से दो दर्जन परिवारों की संपूर्ण गृहस्थी जलकर राख हो गई है। अग्निकांड में जहां एक ओर एक बाइक जलकर नष्ट हुई हैए वहीं दूसरी ओर एक गर्भवती गाय की भी जलकर दर्दनाक मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेंधा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में अपरान्ह करीब 2रू30 बजे लगी भीषण आग से त्रिभुवन पुत्र सीतारामए बुधराम पुत्र जग प्रसाद एवं मूला देवी की संपूर्ण गृहस्थी जलकर नष्ट हो गयी। अग्निकांड की सूचना ग्राम वासी जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी ने अग्निशमन कर्मियों सहित तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो टीमें मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से बेकाबू आग को बुझाने में सफलता प्राप्त कर ली।

फायर ब्रिगेड कर्मी उक्त गांव से आग बुझा कर वापस लौटने वाले ही थे कि उन्हें ग्राम पंचायत धनैचा अंतर्गत मेलथुआ गांव में अग्निकांड की सूचना मिली। ग्रामीणों ने भी अग्निकांड की जानकारी क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आशुतोष मिश्रा को दी। सूचना मिलते ही सीओ आशुतोष मिश्रा अग्निशमन कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तेज हवाओं के झोंकों के बीच बेकाबू आग को बुझाने में जुट गए।

अग्निशमन कर्मियों ने आग का उग्र रूप देख फायर स्टेशन से अग्निशमन दस्तों की 4 टीम और मौके पर बुला ली। चार टीमें ग्रामीणों के साथ आग बुझाने में जुट गईए किंतु जब तक बेकाबू आग को बुझाया जाता तब तक गांव के दो दर्जन परिवारों की संपूर्ण गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। अग्निकांड में तस्लीम की हीरो बाइक भी धू.धू कर जल गई और उनके घर में रखा गैस सिलेंडर भी फट गया। हालांकि आग की लपटों के बीच ग्रामीण दूर से ही आग बुझाने में जुटे थेए जिसके चलते फटे सिलेंडर से बड़ा हादसा होने से बाल.बाल बच गया। अग्निकांड में जमुना प्रसाद यादव के गाय की झुलस कर मौत हो गई है।

## तहसीलदार के फोन रहे घनघनाते, किंतु उन्होंने नहीं उठाए फोन

**मिल्कीपुर।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनैचा अंतर्गत मेलथुआ में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग की जानकारी तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों को देने के लिए तहसीलदार के सीयूजी मोबाइल फोन सहित व्यक्तिगत मोबाइल नंबरों फोन किया जाता रहा किंतु उन्होंने फोन उठाना ही मुनासिब नहीं समझा। जिला पंचायत सदस्य बबलू पार्टी का आरोप है कि उनके पैतृक गांव में तीन घर अग्निकांड में जल गए थे तहसीलदार हेमंत गुप्ता मौके पर पहुंचे थे वही उन्हें अग्निकांड की जानकारी मिली और उन्होंने तहसीलदार हेमंत गुप्ता से अग्नि पीड़ित गांव चलने के लिए भी कहाए किंतु उन्होंने कहा हमें तहसील जाने दीजिए हमारा लेखपाल मौके पर जाएगा और अपने सरकारी वाहन से सवार होकर वह तहसील चले गए।

# आरएसएस के रज्जू भैया नगर की आनंदपुरम बस्ती में धूमधाम से मनाया हिन्दू साम्राज्य दिवस



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रयाग दक्षिण की ओर से शुक्रवार को रज्जू भैया नगर प्रयाग दक्षिण के आनंदपुरम बस्ती ;कौटिल्य शाखाद्ध में हिन्दू साम्राज्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता भाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख प्रयाग दक्षिण भाग वंश नारायण पाठक ने कहा कि वर्ष 1870 में मराठा शासक महात्मा फुले ने शिवाजी महाराज की जयंती मनाने की पहल की थी। पहला जयंती समारोह पुणे में आयोजित किया गया था। इसे बाल गंगाधर तिलक ने आगे बढ़ाया था। जिन्होंने शिवाजी महाराज की उपलब्धियों को प्रकाश में लाया और उनकी छवि को बढ़ावा देना शुरू किया।

शिवाजी महाराज का जन्म मराठी शालिवाहन हिंदू कैलेंडर फाल्गुन के कृष्ण पक्ष तीन को 1630 में शिवनेरी किले में हुआ था। उनका जन्म शिवाजी भोसले से हुआ था। वह भोसले मराठा वंश के भी थे। वह सम्राट थे जिन्होंने समुद्री मार्ग की रक्षा के लिए एक मजबूत नौसेना सेना की स्थापना की और अक्सर उन्हें भारतीय नौसेना का जनक माना जाता है। शिवाजी महाराज ने पहली मराठों की सेना की स्थापना की। जिसमें हिंदू और मुसलमान दोनों शामिल थे। जिन्हें साल भर भुगतान किया जाता था। उनके पूरे शासनकाल में महिलाओं का बहुत सम्मान किया गया।

# बाल मजदूरी रोकने के लिए टीम ने चलाया अभियान



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी संदीप कुमार के आदेशानुसार एव अध्यक्ष राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली द्वारा उच्चतम न्यायालय में आयोजित सू मोटो रिट पिट्रिशन के क्रम में स्ट्रीट सिचुएशन पर जीवन यापन करने वाले बच्चों को चिन्हित कर पुनर्वासित कराये जाने हेतू जिला प्रोबेशन अधिकारी डा. श्वेता त्रिपाठी एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार के निर्देशन में खलीलाबाद शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों मधुकुंज स्वीट हाउस, कस्तूरी स्वीट हाउस, गीतांजलि स्वीट हाउस आसपास की सभी दुकानों पर बाल श्रम करते हुए बालकों को चिन्हित करने के उद्देश्य से निरीक्षण करते हुए रेलवे स्टेशन खलीलाबाद तक बाल भिक्षावृत्ति में जीवन यापन करने वाले बच्चों हेतु रेस्क्यू अभियान चलाया गया। भिक्षावृत्ति में लिए बच्चों का चिन्हीकरण करने हेतु वहां पर स्थित दुकानदारों को जागरूक किया गया। बाल संरक्षण इकाई से बाल संरक्षण अधिकारी महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि बाल भिक्षावृत्ति बाल श्रम देश के लिए एक अभिशाप है। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा लोगों को जागरूक किया गया कि किसी भी बच्चे को भीख मांगते हुए देखे तो तुरंत टोल फ्री नम्बर 1098. 181 1090 112 पर सूचित करे तथा लोगों को बताया गया कि जनपद में 1 जून से 30 जून तक बाल भिक्षावृत्ति रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे ऐसे बच्चे व गरीब परिवार जिनको मदद की जरूरत है, वह जिला प्रोबेशन कार्यालय में आकर संपर्क करे ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके तथा बाल सेवा योजना व बालिकाओं की पढ़ाई के लिए कन्या सुमंगला योजना जिला प्रोवेशन कार्यालय के माध्यम से चलाई जा रही हैं। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव, सदस्य गया लाल वर्मा एवं गीता सिंह, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी महेश कुमार गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता सतीश कुमार वैभव श्रीवास्तव, आउंटरीच वर्कर सीताराम, राजकीय रेलवे पुलिस प्रभारी लक्ष्मण यादव, रेलवे सुरक्षा बल प्रभारी सुनील कुमार कसाना, विनय प्रकाश एवं सहयोगी संस्थाएं पार्वती शिक्षण संस्थान मेहदावल संत कबीर अगर के प्रबंधक राजन सिंह एवं कबीर सूफी फाउंडेशन से सुमन पांडेय इकाई आदि उपस्थित रहे।

# कुशल नेतृत्व और उत्कृष्ट कार्यों से डॉ एपी राव को मिली नई पहचान

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कृषि विवि के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने पूर्व निदेशक प्रसार डॉ एपी राव के सेवानिवृत्त होने पर अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हे सम्मानित किया। कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा कि उनके कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत है। इस विवि को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में जो भी कार्य उन्होंने किए हैं, उसको पूरा विवि परिवार सदैव याद रखेगा। इस दौरान कुलपति डॉ बिजेंद्र ने उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की जमकर सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व निदेशक प्रसार डॉ एपी राव ने कहा कि पांच वर्ष का कार्यकाल किस प्रकार बीत गयाए पता नहीं चला। अपने सामने विवि के बदलते हुए स्वरूप को मैंने नजदीक से देखा। कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यह कृषि विश्वविद्यालय लगातार एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने पूरे विवि परिवार के उज्जवल भविष्य एवं मंगलमय की कामना की। विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## डॉ राम रतन सिंह बने कृषि विवि के अपर निदेशक प्रसार

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने डॉक्टर राम रतन सिंह को अपर निदेशक प्रसार नियुक्त किया है। वह पूर्व की भांति अपने दायित्व का निर्वहन करने के साथ.साथ प्रसार निदेशालय के कार्यों का संपादन करेंगे। डॉ आर आर सिंह प्रसार निदेशालय में प्रसार विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत हैं। निदेशक प्रसार का प्रभार कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के अधीन रहेगा। पूर्व में निदेशक प्रसार का दायित्व संभाल रहे डॉक्टर एपी राव 31 मई को सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

# एसपी ने पुलिस लाइन का किया साप्ताहिक निरीक्षण, दिया निर्देश



निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक।

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस अधीक्षक ने परेड के उपरान्त मेस, आमी बैरक, डायल-112 के वाहनों, परिवहन शाखा के वाहनों, अग्निशमन के वाहनों आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में जनपद के समस्थ थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सीएम योगी से सम्मानित हुए प्रधान

● सीतापुर का बढ़ा मान, विकास कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार से किया गया सम्मानित, मातृ भूमि योजना का किया गया शुभारम्भ

● इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी के 370 ग्राम पंचायतों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया पुरस्कृत, 3145 ग्राम पंचायत सचिवों को वितरित किया गया लैपटाप

● सरकारी मदद पर निर्भर रहने के बजाय अपने प्रयास से ग्राम पंचायते बने आत्म निर्भर- सीएम

**संवाददाता।** सीतापुर

**वीओ**- ग्राम पंचायतों में बेहतर विकास कार्य कराने वाले ग्राम प्रधान उस समय गौरवान्वित हुए जब मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हे सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 370 ग्राम पंचायतो को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इसमें सीतापुर जनपद से भी दो ग्राम प्रधान शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी मदद पर निर्भर रहने के बजाय यह प्रयास किए जाने चाहिए कि ग्राम पंचायते आत्म निर्भर बने। उन्होने 3145 ग्राम पंचायत सचिवों को लैपटाप वितरित किया और मात्र भूमि योजना का शुभारम्भ भी किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्राम पंचायतों में कई योजनाएं लागू हुई है। ग्राम सचिवालय, आप्टिकल फाइवर,बेहतर सड़के,जल निकासी की व्यवस्था, एलइडी स्ट्रीट लाइट, कम्प्यूटर ऑपरेटर की तैनाती, बीसी सखी, आदि को लेकर जिन ग्राम प्रधानों ने थोड़ा भी ध्यान दिया है तो वह ग्राम पंचायते स्मार्ट ग्राम पंचायत से कम नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा की हर गांव पहले स्मार्ट बने और जब स्मार्ट बनेगा तो आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को भी प्राप्त करेगा। सीएम योगी ने कहा की 370 ग्राम पंचायतो को स्वच्छता सम्बन्धी कार्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से लेकर ग्राम पंचायतों में टेक्नालाजी के इस्तेमाल को लेकर आज पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इसके लिए यह सभी बधाई के हकदार है। बतातें चले की सीतापुर के ब्लाक एलिया की ग्राम पंचायत भेलावा खुर्द की ग्राम प्रधान आरती देवी पत्नी रमाशंकर बाजपेई और ब्लाक मिश्रिख की ग्राम पंचायत बर्मी की प्रधान आरती देवी पत्नी विनोद कुमार को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना, भेलावा खुर्द प्रधान के साथ लखनऊ गई सचिव कल्याणी महिन्द्र और बर्मी प्रधान के साथ सचिव धीरेन्द्र कुमार नंद मौजूद रहे। बतादें की ग्राम पंचायत भेलावा खुर्द को सीतापुर में प्रथम स्थान और ग्राम पंचायत बर्मी को द्वितीय स्थान मिलने पर पुरस्कृत किया गया।

## एसडीएम सदर के निर्देश पर रानीगंज में हटा अतिक्रमण

**लखीमपुर खीरी।** श्रद्धा सिंह एसडीएम सदर के निर्देश पर नगर पालिका परिषद लखीमपुर क्षेत्र से करीब 200 मीटर दूर पर नजूल की जमीन पर अतिक्रमण नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा हटाया गया है। करीब 2 माह से ठंडी पड़ी जेसीबी मशीन शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने एसडीएम के निर्देश पर निकल पड़ी है। इससे पहले सदर चौराहे से संकटा देवी चौराहे तक अतिक्रमण हटाया गया। कोतवाली के पीछे रानीगंज में वर्षों पुराना अतिक्रमण हटाया गया। एसडीएम के निर्देश पर नोटिस का जवाब न मिलने पर बुलडोजर से रानीगंज में अतिक्रमण हटाया गया है। लोगों ने बताया कि नजूल की जमीन पर वर्षों पुराना एक व्यक्ति का कब्जा था। कई बार इस जमीन को बेचा गया। नजूल की जमीन का फ्री होल्ड ना होने पर प्रपत्र ना दिखाने पर तहसील प्रशासन द्वारा कई बार साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अतिक्रमणकर्ता द्वारा नोटिस का जवाब ना देने पर एसडीएम ने एक्शन लेते हुए जेसीबी से नजूल की जमीन पर अवैध अतिक्रमण ढहा दिया है।

# एसडीएम ने अवैध बालू का बड़ा भंडार किया सीज

● खनन माफियाओं में मची अफरा तफरी

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**खनन** को लेकर एसडीएम पंकज श्रीवास्तव एवं एसएसपी अरविंद कुमार वर्मा मोहम्मदी की संयुक्त टीम ने पसगवां व उचैलिया थाना अन्तर्गत बालू अनुमति आदि की जांच की जिसमे थाना पसगावा अंतर्गत गोना गांव के पास लगभग 40 ट्रॉली बालू बिना किसी परमीशन के अवैध रूप से पड़ी मिली। जानकारी करने पर डंपिंग की कोई अनुमति नहीं मिली । गांव के लोगों से पूछने पर किसी ने यह नहीं बताया कि यह बालू किसकी है तो उक्त के संबंध में तत्काल उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने चौकी प्रभारी मोहम्मदपुर ताजपुर थाना पसगवां व नायब तहसीलदार को मौके पर बुलाकर बालू सीज करने की कार्यवाही कराई और खनन विभाग व जिलाधिकारी को भी रिपोर्ट प्रेषित कर दी है। इसके अतिरिक्त जिनको बालू की बिक्री की अनुमति प्राप्त हैए उनको कड़ाई से निर्देशित किया गया कि अनुज्ञप्ति की शर्तो का उल्लंघन न करें। साथ ही नायब तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक थाना पसगवां को निर्देशित किया गया कि समय.समय पर निरीक्षण करते रहें। सी ओ मोहम्मदी थाना प्रभारी भी मौजूद रहे उन्होंने बताया कि किसी भी दशा में बालू आदि की ओवरलोडिंग ट्रॉलियां / ट्रक न चलने पाएं। ओवरलोडिंग करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। आये दिन शोसल मीडिया पर अवैध खनन को लेकर खबरे आदि सूचना पड़ती रहती है जिसको संज्ञान में लेकर उपजिलाधिकारी मोहम्मदी तुरंत एक्टिव होकर समय समय पर कार्यवाही भी करते रहते है पर सबसे बड़ा सवाल कि जिले के खनन अधिकारी को जैसे अवैध खनन से कोई मतलव ही नही है जब कि खनन से संबंधित कोई भी जानकारी जब जिला पर खनन अधिकारी को दी जाती है वाबजूद उसके कोई कार्यवाही न होना खनन विभाग के अधिकारी पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

# घटतौली की शिकायतों से डीएम नाराज

● डिजिटलीकरण के बाद भी राशन की दुकानों पर घटतौली जैसी बुराइयां मौजूद

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण लाभार्थीपरक योजना है और इससे सर्वाधिक गरीब व्यक्ति लाभान्वित होते हैं, इसलिए इसे पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाये। कहा कि खाद्यान्न का समय उठान एवं वितरण सुनिश्चित कराया जाये। उन्होने अन्य विभागों जैसे बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपूर्ति किये गये राशन की गुणवत्ता अवश्य देखें एवं गुणवत्ता खराब पाये जाने पर तत्काल जिला पूर्ति अधिकारी को अवगत करायें, राशन की दुकानो की नियमित रूप से जांच कराएं एवं गांव के लोगों से भी फीडबैक प्राप्त करें। उन्होंने पुवांया क्षेत्र में वितरण प्रणाली में सुधार के लिए निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने सतर्कता समिति के समस्त सदस्यों के सम्बन्ध में परिचय प्राप्त कर समिति के सम्बन्ध में नए परिदृश्य में बदलाव करने के लिए प्रस्ताव करने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को फरमान सुनाया। कहा कि अभी भी राशन की दुकानों से खाद्यान्न में घटतौली की शिकायतें मिल रही है, यह स्थिति अनुचित है। इसके लिए टीमों को गठित कर हर टीम को 10 ग्रामों में उचित दर विक्रेताओं के वितरण, व्यवहार एवं कार्डधारकों के बयान के सम्बन्ध में आख्या प्रस्तुत करे। ग्रामों के चयन के लिए दूरदराज इलाकों को प्राथमिकता प्रदान की जाए जहां से शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं जैसे कि कलान, जैतीपुर व खुदागंज। उचित दर दुकानों के प्रस्ताव के लिए तत्काल तिथियों को नियत कर बैठकों में तहसीलदार/ नायब तहसीलदार को विशेष पर्यवेक्षक के रूप में तैनात करें। शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रस्ताव की तिथि को प्रस्ताव स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि आगामी माहों में राशन की दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे को ई-पॉस मशीन से जोड़े जाने की कार्यवाही विभाग कर रहा है ताकि विक्रेता किसी प्रकार की घटतौली न कर सकें। डीएम ने इस प्रयास का स्वागत किया। आंगनवाड़ी विभाग में मैनुअल राशन वितरण करने की स्थिति को असन्तोषजनक बताया गया। उनके द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि वह शासन को आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी ई-पॉस मशीन स्थापित करने हेतु पत्र प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उन्होंने कहा कि विगत वर्षो में आपूर्ति विभाग ने बहुत अच्छा कार्य किया है किन्तु अभी भी घटतौली जैसी बुराइयों को रोकने के लिए गंभीर प्रयास की आवश्यकता है। बैठक में एडीएम (वि0धा0)त्रिभुवन, जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरि उपाध्याय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने इंटरलाकिंग मार्ग का किया लोकार्पण

**संवाददाता।** निघासन-खीरी



**स्थानीय** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बैलहा के उपग्राम ठाकुर पुरवा में सांसद निधि से निर्मित इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने किया। उक्त ग्राम निवासी अंगने के घर से राजू राजपूत के घर तक 225 मीटर लंबाई वाले इस मार्ग को बनाने में 16 लाख रुपए की धनराशि व्यय हुई। ग्रामीणों के आवागमन के लिहाज से बेहद अहम इस इंटरलाकिंग मार्ग का विधि-विधानपूर्वक लोकार्पण करने के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय मिश्र टेनी ने कहा कि सारे विकास कार्य जनता की बदौलत ही संभव है । इंटरलॉकिंग मार्ग निर्मित होने की वजह से प्रसन्नचित्त सैकड़ों ग्रामीणों की सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि आप लोगों की बदौलत केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ जिससे संपूर्ण देश में जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को पारदर्शिता के साथ मिल रहा है उन्होंने कहा कि 2024 तक हर घर तक नल योजना के अंतर्गत सभी को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक निशुल्क इलाज की सुविधा पात्र व्यक्तियों को प्रदान की जा रही है क्षेत्र में निरंतर सड़कों का निर्माण हो रहा है। मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद कुछ गांवों में विद्युत व्यवस्था नहीं थी लेकिन सरकार के प्रयास से लखीमपुर खीरी के लगभग सभी गांवों में बिजली पहुंच गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निघासन से सुनामी पुरवा तक मार्ग का निर्माण संपन्न हो चुका है। गृह राज्य मंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा जनहित में संचालित तमाम योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने की सलाह दी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, कनक पाल सिंह राणा, नागेंद्र सिंह सेंगर, हरीश पांडे, रतिराम लोधी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजय गिरि, प्रज्ञानंद श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, श्रवण लोधी, जुगुल किशोर, संतोष त्रिवेदी, हरीशंकर शर्मा, के के तिवारी, तौलेराम तथा पत्रकार संजीव श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### भाजपा महानगर सात जून को करेगी व्यापारी सम्मेलन

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा पूरे 1 माह तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम 30 मई से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलेंगे। इसी कड़ी में 7 जून को भारतीय जनता पार्टी महानगर संगठन द्वारा अपनी शहर विधानसभा मे व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस व्यापारी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष डॉक्टर कुल मोहन अरोड़ा के नेतृत्व में आज एक बैठक विभिन्न व्यापार मंडलों के प्रमुखों के साथ आयोजित की गई। इस व्यापारी सम्मेलन मे भारतीय जनता पार्टी बड़े व्यापारियों के अतिरिक्त छोटे व्यापारी (फड़ -खोखा) को भी आमंत्रित कर रही है। सभी व्यापार मंडलों के अध्यक्षों ने इस व्यापारी सम्मेलन के लिए प्रसन्नता जाहिर करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए कहा है।कल की इस बैठक में इस अभियान के संयोजक व महानगर उपाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, महामंत्री अधीर सक्सेना, व्यापारी नेता शोभित सक्सेना,सुदेश अग्रवाल दर्शन लाल भाटिया,नीलेश अग्रवाल,अमरजीत सिंह बक्शी, जितेंद्र रस्तोगी, राजू अरोड़ा, रितेश मोहन,ध्रुव चतुर्वेदी, अजय गुप्ता, दानिश जमाल, रवि अरोड़ा, संदीप अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी नेता उपस्थित रहे।



### जल संरक्षण के लिए आगे आए ग्रामीण

**सीतापुर।** गांव में विलुप्त हो रहे तालाबों जलाश्यों को संरक्षित करने और नए तालाबों के निर्माण के लिए प्रारम्भ किया गया मिशन अमृत सरोवर धीरे-धीरे सफलता की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री की अपील पर मिशन अमृत सरोवर को आगे बढ़ाने में ग्राम पंचायत स्तर पर जनसहभागिता भी शुरु हो गई है। जल संरक्षण के लिए किए जा रहे इस प्रयास में ग्रामीण बढ़कर आगे आने लगे है। शुक्रवार को ब्लाक कसंमडां के ग्राम पंचायत हमीरपुर में ऐसे ही एक अमृत सरोवर निर्माण के लिए जनसहभागिता से शुरुआत की गई है। इस अमृत सरोवर के निर्माण की शुरुआत फिलहाल मनरेगा मजदूरों का सहयोग न लेकर मिट्टी खुदाई का काम जेसीबी के जरिए कराया जा रहा है। पहले दिन पूजन अर्चन के बाद काम की शुरुआत हुई जिला विकास अधिकारी प्रभारी बीडीओ कसमंडा हरिशचंद्र प्रजापति का कहना है कि चूंकि बरसात आने वाली है ऐसे में मजदूरों से काम लेकर इतनी जल्दी तालाब खुदाई का काम पूरा नहीं कराया जा सकता। जबकि 15 अगस्त से पहले तालाब को इस स्तर तक तैयार कर लेना है कि यहां स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजा रोहण किया जा सके। बीडियो के मुताबिक जो कार्य कराया जा रहा है उसका कोई स्टीमेट नहीं बना है। तालाब खुदाई के बाद सौंदर्यीकरण का जो कार्य होगा उसे योजना में शामिल किया जाएगा। फिलहाल मौजूदा समय जो कार्य हो रहा है उसमें ग्राम प्रधान सुमन पांडेय पत्नी विद्याधर पांडेय और ग्रामीणों के सहयोंग से कराया जा रहा है। डीसी मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पूरा तालाब जन सहभागिता से बनेगा या सहभागिता से इसकी शुरुआत हुई है, ऐसी कोई जानकारी नहीं है। अगर तालाब के लिए कोई इस्टीमेट बना होगा तो उसमें मजदूर ही कार्य करेंगे।

### लूट की झूठी सूचना देने वाला गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। लूट की फर्जी सूचना देने वाले माली को कोतवाली सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 लाख 60 हजार रुपए भी बरामद किए हैं। 1 जून 2023 को निर्मलेस जयसवाल पुत्र धनीराम निवासी ग्राम मौजमाबाद थाना फूलबेहड़ ने कोतवाली सदर पुलिस को सूचना दी कि 3 लाख 60 हजार रुपए बैंक आफबड़ौदा में जमा करने जा रहा थाए रास्तों में बदमाशों ने बौलेरो से अपहरण कर उनका रूपया लूट लिया है। कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की गई। सूचना कर्ता माली लुटैरा निकला। माली के पास रुपए बरामद हो गए है। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि दीपक कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी थाना कोतवाली सदर उनके शुभ हॉस्पिटल राजापुर में माली का कार्य करने वाले निर्मलेस जयसवाल को 3 लाख 60 हजार रुपए बैंक ऑफ बड़ौदा थरवरगंज लखीमपुर की शाखा में जमा करने भेजा। काफी समय बीतने के बाद रुपए जमा कर वापस न आने पर निर्मलेस द्वारा फोन कर बताया गया कि एक बोलेरो गाड़ी में कुछ अधिकारी लोग बैठाकर लखनऊ ले जा रहे थे, हरगांव के पास एक व्यक्ति द्वारा पैसा छीन कर हरगांव में मुझे उतार दिया है। घटना की जानकारी दीपक द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। दीपक की तहरीर पर कोतवाली सदर में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की गई। 4 घंटे में कोतवाली सदर पुलिस ने सारा मामला खोलकर रख दिया।

# डॉ हरबंश कुमार बने जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, डॉ विजय प्रकाश हुए सेवानिवृत्त



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**क्षेत्रीय** आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा विजय प्रकाश के सेवानिवृत्त होने पर प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ उ.प्र. शाखा लखीमपुर खीरी की तरफ से उन्हें फूलमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी गई। संघ के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र वर्मा ने उनके कार्य और व्यवहार की प्रशंसा की। उनके साथ बिताए दिनों को याद किया। सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त हुए पद पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी 'डॉ हरबंश कुमार' को अतिरिक्त प्रभार गुरुवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी का भी दिया गया। उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसी कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ने सर्वसम्मति से संघ के जिला सचिव के रूप में डा. विवेक वर्मा को नियुक्त किया। इस अवसर पर सभी ने बधाई देते हुए अपनी अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। स्वागत एवं विदाई समारोह में पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ. रागिनी दीक्षित, डॉ मुनीन्द्र प्रताप, डॉ अरुण कुमार, डॉ राकेश कुमार व समस्त चिकित्साधिकारी व बड़े बाबू आलोक अवस्थी, सहित योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# गुणवत्ता खराब मिली तो होगी सख्त कार्रवाई

● डीएम ने कार्यदायी संस्था और अधिकारियों को दिए निर्देश

● मानक और गुणवत्ता के साथ नहीं होगा कोई समझौता

**संवाददाता।** सीतापुर

**निर्माण** कार्यों में मानक और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सभा कार्यों की आकस्मिक जांच कराई जाएगी और जहां कही भी गुणवत्ता खराब पाई गई तो सम्बन्धिक कार्यदायी संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सख्त लहजे में यह हिदायत जिलाधिकारी अनुज सिंह ने दी। डीएम कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपये से अधिक लागत की परियाजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के दौरान डीएम ने कार्रदायी संस्था और अधिकारियों को निर्देश दिया की निर्माणाधीन परियोजनाओं को हरहाल में समय पर पूरा किया जाए। डीएम ने सख्त निर्देश देते हुए कहा की परियोजनाओं में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी मानक और गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होगा। जिलाधिकारी ने सेतु निर्माण निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया की रेलवे से समन्वय स्थापित करते हुए सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर निर्माणाधीन पुलों का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराएं। उन्होने अमृत योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का डीपीआर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय अधिकारी नियमित रुप से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करते रहे। निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का कार्य पूर्ण न होने पर डीएम ने शीघ्र कार्य पूर्ण कराकर केन्द्र हैंड ओवर कराने के प्रति निर्देशित किया। बैठक में सीडीओ अक्षत वर्मा, सीएम डाक्टर मधु गैरोला, जिला अर्थ एंव संख्या अधिकारी तिलक सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, परियोजना अधिकारी डूडा, सुधीर गिर सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# गुटखा, पान, मसाला बेचने वालों पर की गई बड़ी कार्रवाई

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**एमसीएच** विंग जिला पुरुष चिकित्सालय के आसपास 100 मीटर की परिधि में पुड़िया, पान, मसाला, गुटखा, सिगरेट, बीड़ी आदि बेचने वाले दुकानदारों पर आज ओयल चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश सरोज द्वारा कार्यवाही की गई। साथ ही अवैध रूप से संचालित साइकिल और मोटरसाइकिल स्टैंड को भी बंद कराया गया है। इस मामले में ओयल चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश सरोज ने बताया कि एमसीएच विंग अधीक्षक डॉ एसी श्रीवास्तव द्वारा उन्हें ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई के लिए कहा गया था जो अस्पताल या अस्पताल की परिधि के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं। इसी दौरान उन्हें अन्य माध्यमों से यह पता चला कि दो साइकिल और साइकिल स्टैंड अवैध रूप से संचालित हैं। इन्हें भी उनके द्वारा बंद कराया गया है और करीब आधा दर्जन से अधिक ऐसी दुकानों को बंद कराया गया है जो तंबाकू उत्पादों की बिक्री कर रहे थे। इस कार्यवाही को लेकर एमसीएच विंग अधीक्षक डॉ एसी श्रीवास्तव ने कहा कि पान, मसाला, गुटखा आदि खाकर तमाम मरीजों के परिजन अस्पताल में आते हैं और दीवारों को गंदा करते हैं, अस्पताल को गंदा करते हैं। ऐसे लोगों पर अस्पताल की टोबैको टीम द्वारा भी जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर भी 9 लोगों का करीब 1800 रुपए का चालान काटा गया था। साथ ही लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को तंबाकू उत्पादों से होने वाले नुकसान और बीमारियों को लेकर भी जागरुक किया जा रहा है। साथ ही जुर्माने की हिदायत भी दी जा रही है, परंतु लोग मान नहीं रहे हैं। यही कारण है कि उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद उन्हें पुलिस की सहायता लेनी पड़ी है। आगे भी ऐसी कार्यवाही होती रहेगी।

### आठ दिवसीय समर कैंप का समापन

बरेली। इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज बरेली में आठ दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान डीडीआर शशि शर्मा मैम थी समर कैंप में मेहंदी ब्यूटीशियन क्राफ्ट बैतवाजी सिलाई कढ़ाई पॉट पेंटिंग फैब्रिक पेंटिंग पर्सनालिटी डेवलपमेंट बेकरी कुकिंग दीनी क्लासेस आदि गतिविधियां सम्मिलित थी । सभी गतिविधियों में छात्राओं ने बहुत रूचि के साथ अपना रजिस्ट्रेशन कराया व 8 दिन तक बहुत मेहनत व लगन के साथ सभी गतिविधियों को सीखा समर कैंप के सातवें दिन सभी गतिविधियों में प्रतियोगिता आयोजित की गई आज समापन के अवसर पर सभी विजेता प्रथम द्वितीय तृतीय छात्राओ को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया सभी इवेंट में क्राफ्ट ने प्रथम स्थान मेहंदी ने द्वितीय व कुकिंगध् बेकरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिला विद्यालय निरीक्षक व डीडीआर मैम ने सभी गतिविधियों का निरीक्षण किया व सभी इवेंट की बहुत प्रशंसा की समर कैंप को सफल होने की शुभकामनाएं भी दी। छात्राओं को इसी तरह आगे बढ़ने को प्रेरित किया इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या चमन जहां ने जिला विद्यालय निरीक्षक डीडीआर मैम का शुक्रिया अदा किया व सभी टीचर्स व छात्राओं को शुभकामनाएं दी समापन के इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### मधुमेह रोगियों के लिए वित्तीय सुरक्षा

कानपुर। आबादी का एक बड़ा हिस्सा जो मधुमेह से पीड़ित हैए वर्तमान में बीमाकृत है। मधुमेह को जटिल बीमारी कहा जाता है बजाज आलियांज लाइफ के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रुण चुग ने कहा बजाज आलियांज लाइफ़का डायबिटिक टर्म प्लान सब 8 एचबीए1सी मधुमेह वाले लोगों की स्वास्थ्य स्थिति की बारीकियों को ध्यान में रखते हुए जीवन बीमा कवरेज प्रदान करता है। प्री.डायबिटिक या टाइप 2 डायबिटिक व्यक्तियों के लिए जिनका एचबीए1सी 8 प्रतिशत तक है । यह व्यापक प्लान उन्हें प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।इसी के साथ इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित करने के लिए बहुत कुछ करते हैं और उनकी यात्रा में हमवतन के रूप में हम उनके स्वास्थ्य लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उनकी पॉलिसी की वर्षगांठ पर प्रीमियम में 10 प्रतिशत की कमी की पेशकश करेंगे।

## पच्चीस संगीन मामलों का आरोपी तमंचे के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**निघासन-खीरी।** निघासन पुलिस बल द्वारा प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के मार्गदर्शन में क्षेत्र के एक दुर्दांत अपराधी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त पर लूट, डकैती, हत्या का प्रयास तथा गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 25 संगीन मुकदमे दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार एसपी के आदेशानुसार संपूर्ण जनपद में वारंटी वांछित तथा संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी निघासन राजेश कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा अभियुक्त हफीज पुत्र जुम्मन निवासी ग्राम पठाननपुरवा मजरा पढ़ुवा को ग्राम पठाननपुरवा के पास ईट भट्टे वाले मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की जामा तलाशी के दौरान एक अदद देसी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस की बरामदगी हुई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त हार्ड क्रिमिनल है।

### ओलिंपियाड में छा गए लखनऊ के होनहार

लखनऊ। ओलिंपियाड साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलिंपियाड 2022 .23 में लखनऊ के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल मैथमैटिक ओलंपियाड परीक्षा में इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। दिल्ली पब्लिक स्कूल लखनऊ के कक्ष 2 ध्रुव घटक और जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 गौरांशी गर्ग ने इंटरनेशनल रैंक दो हासिल किये दोनों छात्रों को सिल्वर मैडल और सर्टिफिकेट और नंबर फ्रंचर स्कूल के कक्षा 8 के ऋषभ अग्रवाल ने रैंक तीन हासिल कर ब्रॉन्ज़ मैडल हासिल किया। इस अवसर पर एसओएफके संस्थापक एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर महाबीर सिंह ने कहा कि 70 अलग.अलग देशों के 1400 शहरों के 70000 से अधिक स्कूलों ने 22.23 से सात ओलंपियाड परीक्षाओं में लाखो छात्रों ने भाग लिया ।

## प्रेम प्रसंग में फरार लड़की को बरामद कर प्रेमी को जेल भेजा

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**प्रेम** प्रसंग के चलते पांच दिन पूर्व एक युवक कॉलोनी की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को भगाकर ले गया था। परिवार ने थाने में आरोपी के खिलाफएफआईआर दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर नाबालिग को जौनपुर से बरामद कर लिया । मामला दो धर्मों से जुड़ा था प्रेमी -प्रेमिका को लेकर हिन्दूवादी संगठन इसको लव जिहाद का नाम देते नजर आए। चौक कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी निवासी नाबालिग के भाई ने कॉलोनी के रहने वाले लंबू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 28 फरवरी को नाबालिग बहन को उसका प्रेमी लेकर फरार हो गया। मामला दो समुदाय के बीच का होने के कारण एसपी के आदेश पर आरोपी को गिरफ्तार और नाबालिग की बरामदगी के लिए एक टीम बनाई गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी फहीम को बरेली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने नाबालिग को जौनपुर से बरामद कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। नाबालिग को भगाने के बाद उसको जौनपुर लेकर चले गए थे। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।



# गर्भवती महिला ने कैंसर की सफल सर्जरी के बाद दिया बच्चे को जन्म

**संवाददाता।** बरेली



**स्तन** कैंसर (ब्रेस्ट कैंसर) से पीड़ित एक गर्भवती महिला का सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम में सफलतापूर्वक इलाज किया गया। महिला जब प्रेग्नेंसी की शुरुआती स्टेज में थी तब उनके ब्रेस्ट में गांठ पनपने लगी। महिला को इस बात की टेंशन हुई और वो अपनी रेगुलर विजिट के दौरान डॉक्टर अरुणा कालरा से मिलीं। ब्रेस्ट में गांठ होने के शक के बाद महिला को ऑन्को-सर्जन,डॉक्टर रोहन खंडेलवाल के लिए रेफर किया गया। सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम में द ब्रेस्ट सेंटर के लीड कंसल्टेंट व एचओडी डाक्टर खंडेलवाल ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि मरीज के दाहिने ब्रेस्ट में 70-80 मिमी की गांठ थी। बायोप्सी में पता चला कि ये फिलोडस ट्यूमर था जो आमतौर पर होने वाले ब्रेस्ट कैंसर से थोड़ा अलग था। लेकिन चिंता ये थी कि महिला प्रेग्नेंसी के शुरुआती स्टेज में थी, लिहाजा सर्जरी करना एक चुनौती थी। मामले की पेचीदगी को समझते हुए मेडिकल टीम ने इसी कंडीशन में सर्जरी करने का प्लान किया। इस प्रक्रिया में मां और उसके गर्भ के बच्चे की सुरक्षा का विशेष तौर पर ध्यान रखा गया।'' सर्जरी के बाद मरीज को उनकी प्रेग्नेंसी के दौरान लगातार मॉनिटर किया गया। लगातार फॉलोअप होते रहे। महिला ने सफलतापूर्वक बच्चे को जन्म दिया। इतना ही नहीं, जिस ब्रेस्ट की सर्जरी हुई थी उससे अपने बच्चे को दूध भी पिलाया। प्रेग्नेंट महिला के ब्रेस्ट कैंसर को सर्जरी के जरिए ठीक करने पर डॉक्टर रोहन खंडेलवाल भी काफी संतुष्ट नजर आए। उन्होंने जोर दिया कि हर मरीज के हिसाब से इलाज का प्लान किया जाता है जिसके अनुरूप अच्छे रिजल्ट आने की संभावनाएं बढ़ती हैं। डॉक्टर खंडेलवाल ने कहा कि अगर मरीज सही वक्त पर डॉक्टर के पास पहुंच जाए तो ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में ब्रेस्ट को काटकर हटाना जरूरी नहीं रह जाएगा। इस सफल इलाज के जरिए सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम ने एक बार फिर मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

# जनता का हित हमारी शीर्ष प्राथमिकता : बृजेश पाठक

● उपमुख्यमंत्री ने किया कुंभी में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का निरीक्षण

**संवाददाता।** कानपुर देहात




**उपमुख्यमंत्री** बृजेश पाठक ने जनपद कानपुर देहात के उन स्थानों का आज भ्रमण किया जहां से सामान्य जनता को सर्वाधिक लाभ पहुंच सकता है, इसी क्रम में आज उपमुख्यमंत्री कुम्भी स्थित नवनिर्माणाधीन मेडिकल कालेज पहुंचे, जहां उन्होंने निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि इसका निर्माण ससमय गुणवत्ता सहित पूर्ण किया जाए जिससे इसका लाभ कानपुर देहात की जनता को मिल सके। मेडिकल कालेज के निरीक्षण के उपरान्त उपमुख्यमंत्री कान्हा गौशाला पहुंचे जहां उन्होनें मातृतुल्य गौमाता को अपने हाथों से न केवल केला खिलाया अपितु माल्यार्पण भी किया साथ ही साथ उन्होनें गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, जल आदि की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तदोपरान्त डिप्टी सीएम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया जहां उन्होने अस्पताल कि स्थितियों को जांचा परखा साथ ही वहां भर्ती मरीजों का हाल चाल भी जाना, इसमें चाहे युवा आशीष रहा हो या वृद्ध अमर सिंह रहे हों। उन्होंने आपातकालीन वार्ड में जाकर वहां कि स्थितियों का भी जायजा लिया।

उन्होनें वहां उपस्थित मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार आम जन के प्रति समर्पित है और हमारा प्रयास है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम जन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं के संचालन में कानपुर देहात प्रथम स्थान रखता है जो निश्चित रूप से उल्लेखनीय है। इस मौके पर जिलाधिकारी नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, सीडीओ सौम्या पाण्डेय, सीएमओ एकेसिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# भारत सरकार से हरीझंडी मिलते ही चालू होगा चित्रकूट एयरपोर्ट




**संवाददाता।** चित्रकूट

**भगवान** राम की तपोस्थली पहुंचने को चित्रकूट से जल्द ही हवाई यात्रा शुरु होगी। हवाई यात्रा की शुरुआत होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। देश-प्रदेश के लोग आसानी से चित्रकूट पहुंचकर दर्शन और पूजन कर सकेंगे। एयरपोर्ट देवांगना पहाड़ी पर बनाया गया है। एयरपोर्ट का नाम देवांगना एयरपोर्ट रखा गया है। भगवान श्रीराम के 14 वर्ष वनवास के सर्वाधिक 12 साल यहां गुजरे हैं। चित्रकूट में हवाई यात्रा से विकास की दौड़ शुरू होने जा रही है। चित्रकूट के पूरे क्षेत्र में पर्यटन विस्तार तेजी से होगा। रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। धर्मनगरी के विकसित होने और पर्यटन विस्तार होने से न केवल चित्रकूटवासियों के लिए, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए भी अच्छी खबर है। पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी कमजोर होने से इसकी गिनती पिछड़े क्षेत्रों में होती थी। अब यहां हवाई यात्रा शुरु होने से लोगों को लाभ मिलेगा। डीएम अभिषेक आनंद ने बताया कि चित्रकूट का एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गया है। भारत सरकार से जल्द लाइसेंस मिलने के बाद हवाई यात्रा शुरू करा दी जाएगी। तैयारियां पूरी कर ली हैं। भारत सरकार से हरीझंडी मिलते ही चित्रकूट में उड़ान शुरू हो जायेगी।

# मोदी सरकार के नौ साल बेमिसालः रमेश पोखरियाल निशंक

**संवाददाता।** चित्रकूट



**उत्तराखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद मोदी सरकार के नौ साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है।

उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। शुक्रवार को प्रबुद्ध सम्मेलन के बाद उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने पत्रकारों से कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार के नौ साल पूरे हो चुके हैं। नौ सालों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा है। देश के सभी नागरिक अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नौ वर्षों में सरकार ने वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा, बल्कि सशक्तिकरण भी किया। दुनिया के बड़े-बड़े अर्थशास्त्री, विश्लेषक, विचारक सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि 21वीं सदी भारत की सदी है। पूरी दुनिया भारत को लेकर एक विश्वास से भरी हुई है।

## प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा



**चित्रकूट।** सूबे के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्यमंत्री/प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता व सांसद आरके सिंह पटेल, मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव की मौजूदगी में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर विकास कार्य कराए जाएं। शुक्रवार को कलेक्टेऊ सभागार में प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि विकास कार्य का लाभ लाभार्थी को समय से पहुंचे। यही सरकार की मंशा है। अपराध न हों, इस पर भी सरकार का फोकस है। बरसात से पहले सड़कों का निर्माण कार्य पूरा करा लें। पौधारोपण का लक्ष्य वन विभाग पूरा कराने की प्रक्रिया शुरू करायें। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से कहा कि चित्रकूट के ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर विकास की योजना बनाकर शासन को भेजें।

# वाराणसी की तर्ज पर रघुवीर मन्दिर में हो रही गंगा आरती



**चित्रकूट।** प्रभु श्रीराम की पवित्र तपोस्थली चित्रकूट के रघुवीर मन्दिर स्थित जानकीघाट में वाराणसी की तर्ज पर गंगा आरती का शुभारंभ हुआ। ये महाआरती का आध्यात्मिक कार्यक्रम मां गंगा के अवतरण दिवस पर मां मन्दाकिनी की आरती के साथ शुरु हुआ। श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिदिन शाम साढ़े छह बजे से जानकीघाट पर नियमित रूप से वैदिक और पारंपरिक पद्धति से गंगा आरती का संकल्प ट्रस्ट प्रबंधन ने लिया है। शुक्रवार को ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने कहा कि मन्दाकिनी गंगा की महाआरती चित्रकूट के धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल को विशेषता देगी। श्रद्धालुओं में आरती दर्शन और शामिल होने के अवसर प्रतिदिन हैं। आध्यात्मिक आयोजन से चित्रकूट पर्यटन क्षेत्र और धार्मिक स्थल में नया दर्शनीय केन्द्र बड़ी गुफा जो माता जानकी के चरण चिन्ह के नजदीक है। अनेक स्थानीय और बाहर से चित्रकूट आने वाले श्रद्धालु आयोजन में शामिल होकर आनंद ले रहे हैं। ऊषा जैन ने बताया कि लंबे समय से वाराणसी के विभिन्न घाटों की तर्ज पर चित्रकूट में महाआरती के आयोजन की रूपरेखा बन रही थी। पूज्य गुरुदेव रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से इस वर्ष मां गंगा के अवतरण दिवस पर इस आरती का शुभारंभ हो पाया है।

# तंत्रमंत्र के चक्कर में पत्नी-बच्चों को तीन साल तक किया कैद



**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली के तरौंहा में एक परिवार ने तीन साल से खुद को कमरे में कैद कर रखा था। रिश्तेदारों ने पुलिस व चाइल्ड लाइन से मुक्त कराकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। चाइल्ड लाइन के मुताबिक तंत्रमंत्र के चक्कर में पति ने पत्नी और दो बच्चों को घर में बंधक कर रखा था। इसके लिए दरवाजे को बंद करने के साथ खिड़कियों को कच्चे मसाला व ईंट से भर दिया था। गुरुवार की देर शाम बच्चों के मौसा-मौसी और मामा पहुंचे तो ताला बंद देख चिंतित हो गए। पड़ोसियों की मदद से संस्था को सूचना दी। टीम ने बच्चों और मां को मुक्त कराया। जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सबका इलाज चल रहा है। सर्वोदय सेवा आश्रम चाइल्ड लाइन के समन्वयक विशेष त्रिपाठी ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना मिली कि कोतवाली के तरौंहा मोहल्ले में दुर्गाकुंज के काशी केशरवानी ने पत्नी 45 वर्षीय पूनम के साथ बच्चों 13 वर्षीय पुत्र रजत और 14 वर्षीय पुत्री अर्शिता को घर के अंदर कैद कर रखा है।

# साक्षी हत्याकांड के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**संवाददाता।** फतेहपुर



**दिल्ली** में हुए नृशंश साक्षी हत्या कांड के विरोध में आज विद्यार्थी चौराहे से पटेल नगर चौराहे तक नगर वासियों ने कैंडल मार्च निकाला और बेटियों की हत्या बंद करो, लव जिहाद बंद करो, खून खराबा बंद करो, अपराधी को मृत्युदंड दो आदि नारे लगा रहे थे। अंत में पटेल नगर चौराहे पर जनसभा आयोजित करते हुए भाजपा जिला शोध प्रमुख सुनीता गुप्ता ने घटना की कटु शब्दों में निन्दा की। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारत विकास परिषद के जिला समन्वयक अजय कुमार गुप्ता, अध्यक्ष केशव राम त्रिपाठी, विश्व हिंदू परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, जिला अध्यक्ष डॉ. विजय शंकर मिश्र, कुलदीप सिंह भदोरिया, भाजपा के नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, महामंत्री/सभासद संजय लाला, शुयश गौतम, रोटी घर की स्मिता सिंह, विवेक मिश्रा, प्रसून तिवारी, कल्पना सिंह, रीता सिंह, विनोद सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।

## डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बने अरुणेश, मंत्री अरविंद



**फतेहपुर।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ जिसमें कर्मियों की समस्याओं एवं मांगो पर चर्चा करने के साथ ही जनपद की नवीन कार्यकारणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। अध्यक्ष महामंत्री समेत अन्य पदों पर सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। शुक्रवार को पटेल सेवा संस्थान में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट का दो दिवसीय अधिवेश व चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई। अधिवेशन के दौरान संगठन की चुनाव प्रक्रिया भी आयोजित की गई। पदों पर एक एक आवदेन आने की दशा में चुनाव अधिकारियों द्वारा कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर अरुणेश चन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार शुक्ला, मंत्री अरविंद कुमार सिंह, संगठन मंत्री शिव सिंह, संयुक्त मंत्री विवेक कुमार गौतम, कोषाध्यक्ष आनंद प्रकाश सिंह, ऑडिटर उमेश कुमार को निर्विरोध रूप से चुना गया।

# क्विक न्यूज

## सदर विधायक ने सीसी रोड का किया लोकार्पण

**फतेहपुर।** सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी ने शुक्रवार को भिटौरा ब्लाक के अन्तर्गत दलीपुर ग्राम में 7 लाख 65 हज़ार रुपये की लागत से बनी एक सौ बीस मीटर निर्मित सीसी रोड का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद लोकार्पण किया। इस दौरान ग्राम वासियों ने बताया कि गाँव के अंदर का मुख्य मार्ग जर्जर होने पर आम दिनों में काफी निकलने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में जलभराव व कीचड़ की वजह से रास्ता और भी दुर्गम हो जाता था। सड़क बन जाने से गांव के किसानों को भी लाभ मिलेगा। उनकी उपज को ले जाने में भी सुविधा मिल सकेगी। सदर विधायक ने बताया कि ग्रामवासियों की समस्याओं की जानकारी होने पर स्थलीय निरीक्षण किया गया और ग्रामवासियों को बरसात से पहले मार्ग को बनवाने का वादा किया था।

## हत्या के आरोपी ने भोगनीपुर में सिपाही को पीटा

**पुखरायां, कानपुर देहात।** पुखरायां कस्बे में 6 माह पूर्व एक युवक की पीट-पीटकर की गई हत्या के आरोपी ने कल रात को जमानत पर छूटते ही भोगनीपुर में एक सिपाही की जमकर धुनाई कर दी पुलिस ने युवक को शांति भंग के आरोप में जेल भेजा है भोगी सागर निवासी बलजीत यादव पुत्र रामकिशोर ने नेतराम गली निवासी युवक की लड़ाई झगड़े में पत्थर से मारकर हत्या कर दी थी बुधवार रात को ही जमानत हुई थी गुरुवार को सुबह बलजीत यादव ने भवानीपुर थाने के सिपाही के साथ गाली गलौज करते हुए जमकर धुनाई कर दी पुलिस ने बलजीत यादव को शांति भंग के आरोप में जेल भेजा है वही चंअदापुर निवासी अलमतश पुत्र कल्लू पुत्र निवासी चंदापुर व सत्येंद्र यादव पुत्र अरविंद यादव निवासी सिखमापुर आपस में गाली गलौज लड़ाई झगड़ा कर रहे थे पुलिस ने अलमतस सत्येंद्र यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## दहेज न मिलने पर विवाहिता को जिंदा जलाने की कोशिश

**फतेहपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता ने ससुरालियों पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पति समेत सात ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया है। जाफरगंज के देवरी बुजुर्ग गांव निवासी रामपाल की पुत्री अनुराधा की शादी 28 जून 21 को जहानाबाद के नरैनी निवासी रामप्रसाद पाल के साथ हुई थी। शादी के करीब एक साल तक सब ठीक रहा। अनुराधा का आरोप है कि पति, ससुर जगन्नाथ, सास विद्यावती, जेठ गंगा प्रसाद, जेठानी मालती देवी, ननद शिवदेवी और भांजी सुशीला दहेज में पांच लाख रुपये और बाइक की मांग करने लगे। असमर्थता जाहिर करने पर मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। पति नशे में रात को दोस्तों के साथ घर आते हैं। पति के दोस्त और जेठ उसे गलत नीयत से देखते हैं। दहेज की मांग को लेकर पति ने 23 मई को पीटा और पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया।

## कमजोर वर्ग की महिलाओं ने बनाया जायेगा सशक्त

**लखनऊ।** समाज के कमजोर तबके की महिलाओं और युवतियों को सषक्त और समर्थ बनाने के लिये फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने गैर सरकारी संगठन दीपालय के साथ हाथ मिलाया है। इस पहल के जरिये युवतियों तथा महिलाओं को सशक्त एवं समर्थ बनाने के साथ प्रोग्राम के तहत् 600 से अधिक युवतियों एवं महिलाओं को ऐसी ज़रूरी वोकेशनल स्किल्स दी जाएंगी जो उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकें और साथ हीए उन्हें माइक्रो.एंटरप्राइज़ स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहित भी करें। इस तरहए यह पहल इन युवतियों एवं महिलाओं को आजीविका का सतत जरिया उपलब्ध कराएगी। इस प्रोजेक्ट को हरियाणा के तावडू जिले और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के तितरों नगर में 12 महीने चलाने की योजना है। इस भागीदारी के बारे में पूजा त्रिशाल ने कहा दीपालय के साथ हमारी भागीदारी, शिक्षा और कौशल विकास के जरिए समुदायों को सशक्तग बनाने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का हिस्सा है। यह पहल सीमित संसाधनों के साथ गुजर.बसर करने वाली युवतियों एवं महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों को प्रदान करने की दिशा में बढ़ाया गया महत्ववपूर्ण कदम है।

## हज यात्रियों का काफिला चित्रकूट से हुआ रवाना

**चित्रकूट।** गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी ने हाजियों का इस्तकबाल कर जिले से हाजियों का काफिला लखनऊ रवाना किया। शुक्रवार को कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ठेकेदार, हाजी अफसर उल्लाह खान, हाजी हैदर अली, हाजी इकबाल खान ठेकेदार, हाजी अख्तर फराज खान, मुफ्ती सलाहुद्दीन साहब, मौलाना उबैद खान साहब, सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव, मोहम्मद गुलाब खां, शहंशाह खान, अरशद अली, गुलाब अहमद, नवाब खान, राजू भाई, मो अकील खान, सत्यनारायण पटेल, राजा यादव, नरेंद्र यादव पूर्व प्रधान मडैयान आदि कई लोगों ने हज को जाने वाले तरौंहा से हाजी अबरार अली उनकी बीवी बिलकीस जहां व असलम मास्टर व उनकी बीवी नफीसा बेगम व असलम इसहाक व उनकी बीवी साबिया खातून को विदाई दी।

## पेट्रोल पंप के पास दो युवतियों के मिले शव

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के एनएच टू पर कटोघन पेट्रोल पंप के निकट दो लड़कियों का सिर कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। झाड़ियों में मिले इन शवों की सामाचार लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। दो युवतियों के हत्या युक्त शव मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं लोगों में तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनो लड़कियों की शिनाख्त के प्रयास में जुट गई है। विस्तृत रिपोर्ट की प्रतीक्षा है।

## उद्यम रजिस्ट्रेशन का पंजीयन पोर्टल पर कम

**शाहजहांपुर।** उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया जनपद के उद्यमियों सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के अन्तर्गत उद्यम रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र के पंजीयन हेतु शासन एवं निदेशालय कानपुर द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रदेश में स्थापित एम0एस0एम0ई की वास्तविक संख्या के सापेक्ष उद्यम रजिस्ट्रेशन का पंजीयन पोर्टल पर कम प्रदर्शित हो रहा है, जिसके फलस्वरूप नीति निर्धारण व अन्य कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है, उद्यम रजिस्ट्रेशन करने के साथ उद्यमियों को पंजीयन से होने वाले लाभों यथा फैसिलिटेशन कांउसिल से विवादों के निस्तारण विभिन्न टेंडर में ई0एम0डी0 में छूट, बैंको से व विभिन्न विभागीय योजनाओ में वरीयता आदि दी जाएगी एंव शीघ्र ही शासन द्वारा जारी की जा रही सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के अन्तर्गत सूक्ष्म उद्यमियों को दुर्घटना के कारण रू0 05.00 लाख तक का बीमा दिये जाने की व्यवस्था प्राविधान होने की सम्भावना है।

## नई पहल की घोषणा

**लखनऊ।** शैल ने मैकेनिक समुदाय के लिए सपने होंगे अपने पहल शुरू करने की घोषणा की है जो उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद पहुंचाएगी। इस पहल को हाल में कराए एक आंतरिक सर्वे का भी समर्थन हासिल है जिससे यह खुलासा हुआ था कि अधिकांश मैकेनिक्स किसी ब्रैंड के साथ जुड़ाव के लिए कई भावनात?मक पहलुओं जैसे कि आमदनी ;वर्कशॉप अपग्रेड परिवार ;बच्चों की पढ़ाई और घर.परिवार की जरूरतें, पहचान ;मान्यता और हुनर ;उन्नत कौशल से प्रेरित होते हैं। वे इन क्षेत्रों में ब्रैंड से सार्थक सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। वे इन क्षेत्रों में ब्रैंड से सार्थक सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।अमित घुघरे ने कहा, हमने पिछले कुछ वर्षो के दौरान भारत के मैकेनिक समुदाय को सहयोग देने तथा सशक्त बनाने के प्रयास किए हैं।

# बुन्देलखंड को छोड़ प्रदेश के सभी जिले गेहूं खरीद में पीछे रहे

● अधिकतर जिलों में लक्ष्य से अत्यधिक कम किसानों का गेंहू सरकारी रेट पर खरीदा गया

**संवाददाता।** हमीरपुर



**उत्तर** प्रदेश में बाजार मूल्य अधिक होने के कारण अब तक लक्ष्य से चार फीसदी से भी कम किसानों का गेंहू सरकारी रेट पर खरीदा गया है, इसमे सर्वाधिक गेहूं बुंदेलखंड के जिलों में खरीद कर अव्वल स्थान हासिल किया है, समर्थन मूल्य में गेहूं की कम खरीद होने से सूबे को गरीबों को राशन में देने के लिये अन्य प्रांतों का मुंह ताकने के लिये फिर से विवश होना पड़ेगा। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी (डिप्टी आरएमओ) वृजेश कुमार यादव ने शुक्रवार को बताया कि सूबे में सरकारी गेंहूं का समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति कुंटल निर्धारित किया गया था। कुछ दिन तक बाजार मूल्य सरकारी रेट के बराबर रहा तब तक किसान अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों में बिक्री करते रहे। मगर धीरे धीरे बाजार रेट बढ़ता गया और आज बाजार रेट बढ़कर 23 सौ रुपये प्रति कुंटल तक हो गया। ऐसी हालत में किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों में गेहूं बिक्री करना बंद कर दिया है फिर भी हमीरपुर जिले में 62 हजार एमटी का गेहूं खरीदने का लक्ष्य था जिसमे 18 हजार 125 एमटी गेहूं की खरीदारी कर 29 फीसदी लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

इसी प्रकार बांदा ने लक्ष्य का 11.62 फीसदी, महोवा 29 फीसदी, चित्रकूट ने लक्ष्य का 9.67 फीसदी, जालौन लक्ष्य का 10.01 फीसदी झांसी ने 14.32 फीसदी ललितपुर ने 10.51 फीसदी गेहूं की खरीदारी की है। जब कि प्रदेश में अन्य जिलों में लक्ष्य का चार से लेकर पांच फीसदी खरीदारी की गयी है। जबकि आगरा, कानपुर नगर, खीरी, लखनऊ, हरदोई, बस्ती, सिद्दार्थनगर में एक फीसदी से कम गेहूं की खरीदारी की गयी है।

डिप्टी आरएमओ श्री यादव ने बताया कि बाजार मूल्य अधिक होने से किसान सरकारी क्रय केंद्रों में गेंहू बिक्री करने का मन नही बना रहा है। इधर यूपी में गेहूं की खरीदारी न होने के कारण यह साफ हो गया है कि सरकारी राशन की दुकानों में गरीबों को वितरण किये जाने वाले गेहूं की खरीदारी अन्य प्रांतो से की जायेगी। इधर क्रय केंद्रों में किसानों द्वारा गेहूं की बिक्री न किये जाने पर बारदानों का अभाव में देखा जा रहा है। जब कि शासन ने कहा था कि गांव गांव जाकर किसानों को क्रय केंद्रों में गेहूं बिक्री करने के लिये प्रेरित किया जाये।

## डीएम ने तीन लिफाफे देकर प्रधान सहायक को दी विदाई

**हमीरपुर।** आज कलक्ट्रेट कर्मचारी प्रधान सहायक(जेए) सूर्य किशोर तिवारी के रिटायरमेंट होने पर कलेक्ट्रेट परिवार की ओर से जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे जिलाधिकारी ने नयी परंपरा डाको के भुगतान के सम्बन्ध मे तीन लिफाफे भेंट कर उनका सम्मान किया। तीन लिफाफों के सम्बन्ध मे पूंछे जाने पर सहायक राजस्व सहायक प्रशस्ति तिवारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी अपने कार्यकाल के दौरान ही इस प्रक्रिया को अमल मे लाया गया है जिसमे कर्मचारी की विदाई पार्टी मे ही उसे समस्त सेवा निर्वत्त देयकों के भुगतान से सम्बन्धित आदेशों की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी जिससे सेवा निवृत्त कर्मचारी को कार्यालय में अपने देयको के भुगलते हुये श्री तिवारी को उनके देय तान के लिए आने की आवश्यकता न पड़े। कार्यक्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र के अलावा प्रभात तिवारी, गुरुदेव सिंह, प्रशस्ति तिवारी, गौरव शर्मा मौजूद रहे।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के भरोसे पशु अस्पताल

**सुमेरपुर,** हमीरपुर। सुमेरपुर ब्लाक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने शुक्रवार को पशु चिकित्सालय सुमेरपुर एवं पौथिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी गायब मिले। पौथिया का अस्पताल चतुर्थ श्रेणी कर्मी चलाते हुए मिला। जबकि सुमेरपुर में दवाओं के रखरखाव के लिए शासन से प्राप्त फ्रिज, फीजर एवं आईस लाइनर गायब पाए गए। ब्लाक प्रमुख ने बताया कि बीते 31 मई को क्षेत्र पंचायत की गठित समितियों की बैठक में पशु पालन विभाग की कई तरह की खामियां सामने आईं थीं।

इसी को लेकर शुक्रवार का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ने बताया कि पशु चिकित्सालय सुमेरपुर व पौथिया का निरीक्षण किया। जिसमें दोनों चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी गायब मिले। पौथिया में चतुर्थ श्रेणी कर्मी अतर सिंह उपचार कर रहा था। उसने बताएं कि डॉ देवेंद्र सचान मुख्यालय में संबद्ध है। इस वजह से नहीं आते जाते हैं। यहां पर ओपीडी रूम को छोड़कर सभी कमरे में ताला बंद था। ब्लाक प्रमुख ने बताया कि जब चिकित्साधिकारी से बात की गई तो उन्होंने दबाव बनाने के लिए अपने एक भाई को पुलिस में सीओ व एक भाई को आईएएस बताया। इसके बाद सुमेरपुर के पशु अस्पताल का निरीक्षण किया। जिसमें चिकित्साधिकारी डॉ अंकुर सचान गायब पाए गए।

यहां पर निरीक्षण में पाए गए रजिस्टर में छह फ्रिज अंकित हैं और मौके पर तीन ही रखे पाए गए। नौ आइस लाइनर अंकित होने के बाद मौके पर दो पाए गए। एक फ्रीजर दर्ज है। परंतु मौके पर नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद कर्मियों ने बताया कि फ्रिज, फ्रीजर व आईस लाइनर पशु चिकित्सा अधिकारी अपने घर ले गए हैं। ब्लाक प्रमुख ने निरीक्षण आख्या अपर मुख्य सचिव, अपर निदेशक चित्रकूट धाम मण्डल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आदि को भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

# रोजगार सेवकों का मानदेय रोकने पर किया प्रदर्शन



**सकलडीहा/चन्दौली ।** उत्तर प्रदेश रोजगार संघ की ब्लॉक ईकाई के दर्जनों रोजगार सेवकों का मार्च महीने से मानदेय रोक दिया गया है। जिसे लेकर रोजगार सेवकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा होगया है। शुक्रवार को रोजगार सेवक संघ की ओर से अधिकारियों को पत्रक देने गये। अधिकारियों द्वारा पत्रक नही लेने पर रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारी घंटों तक चिलचिलाती धूप में धरने पर बैठे रहे। अंत में जनचौपाल से वापस लौटने पर अधिकारियों ने शर्त के साथ पत्रक लिया। इस दौरान रोजगार सेवकों ने ब्लॉक के अधिकारियों की तानाशाही रवैया को लेकर जमकर भड़ास निकाला। रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मनरेगा कार्य को पूरा कराने को लेकर पिछले माह मार्च में 14 रोजगार सेवकों का मानदेय रोक दिया गया है। अभी उनका मानदेय बहाल नही किया गया। पुनरू 17 रोजगार सेवकों का मानदेय रोक दिया गया। जबकि टीए का मानदेय दे दिया गया है। मई माह में भी सभी रोजगार सेवकों को मानदेय नही मिल पाया है। मानदेय नही मिलने के कारण रोजगार सेवकों के सामने आर्थिक और सामाजिक संकट खड़ा होगया है। शादी विवाह से लेकर परिवार का भरण पोषण करना दूभर होगया है। नाराज रोजगार सेवक संघ पत्रक देने गये। मगर अधिकारियों ने पत्रक लेने से इंकार कर दिया। इससे नाराज रोजगार सेवक चिलचिलाती धूप और उमस में पूरे दिन ब्लॉक परिसर में धरना पर बैठे रहे। देर शाम को जनचौपाल से लौटने के बाद अधिकारियों ने शर्त के साथ पत्रक लेकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। रोजगार सेवकों ने चेताया कि एक सप्ताह में मानदेय का भुगतान नही होने पर धरना प्रदर्शन और हड़ताल के लिये बाध्य होंगे। इस मौके पर विरोध जताने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष भवेश त्रिपाठीए चंदन सिंहए सतेन्द्रए ममता देवीए रेखा शर्माए अजीत यादवए संतोषए बिहारी रामए जितेन्द्र त्रिपाठीए वंदना खरवारए मुकेश सिंहए उमाशंकर चौहानए विनित कुमारए बृजभूषण प्रसादए जयप्रकाशए मिथिलेश राजारामए सोनीदेवीए दिलीप गुप्ताए मंजूर आलमए हरिसेवकए अम्बरीश पांडेयए रमेश सहित अन्य मौजूद रहे।

## हिन्दू साम्राज्य दिवस मनाया

**गाजीपुर।** ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को हिन्दु हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यभिषेक को हिन्दु साम्राज्य दिवस के रूप में पूरे देश में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने मनाया। संघ के छः पर्वो में से एक हिन्दु साम्राज्य दिवस पर्व के रूप में मनाया जाता है। जिसे लेकर जनपद के विभिन्न स्थानो पर यह पर्व बड़ी धुमधाम से मनाया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के आमघाट पार्क में प्रातः छः बजे छत्रपति शिवाजी महाराज व डाण् केशव बलिराम हेडगेवार व सदाशिव राव गोलवरकर के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता विजय नरायण तिवारी ने हिन्दु हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी के कृतत्वों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिवाजी महाराज पर जीवन के प्रथम गुरू उनकी मां जीजाबाई का विशेष योगदान माना जाता है। शिवाजी अपने मां जीजाबाई से युद्ध कौशल की शिक्षा लीए अपने मां को एक मित्र की तरह समझते थे उन्हे युद्धनीति की अच्छी शिक्षा ग्रहण की और हिन्दु साम्राज्य की परिकिल्पना के पीछे उनकी माता जीजाबाई थी। सन् 1674 में ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को इनके राज्याभिषेक के 12 दिन पश्चात ही उनके माता की मृत्यु हो गयी। शिवाजी ने गुरिल्ला युद्ध कौशल में निपुण थे और गुप्तचरों का अनोखा गठजोड़ बना कर रखते थे जिससे मुगल के औरंजेब की सेना को करारी शिकस्त दी। उन्होन नौसेना का भी गठन किया।

# पुण्यतिथि पर डाला गोलीकांड के शहीदों को किया गया याद



**डाला/सोनभद्र।** डाला गोलीकांड में मारे गए अमर शहीदों की 32 वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को सैकड़ों लोगों ने वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर सांकेतिक चक्का जाम कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डाला तेरा यह बलिदान, याद करेगा हिंदुस्तान के गगनभेदी नारे से आसपास का क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। संचालन वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र नीरव ने किया, सुरक्षा व्यवस्था में चोपन निरिक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह पुलिस व पीएसी फोर्स के साथ डटे रहे। 2 जून को ही 32 वर्ष पूर्व पुलिस की बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज व गोली से एक छात्र समेत नौ लोग शहीद हो गए थे, शहीदों की याद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद हुए छात्र राकेश तिवारी के परिवार के लोगों द्वारा सुबह से गगनभेदी मंत्रोचार के साथ पूजा प्रारंभ कराया गया जिसमें सुबह से दुर्गा सप्तशती पाठ हरि कीर्तन व सुंदर कांड पाठ किया गया। सुबह से ही समाजसेवी गायत्री त्रिपाठी, संतोष कुमार बबलू सभासद अविनीश पाण्डेय बलवीर नितेश के नेतृत्व में राहगीरों समेत यात्रियों को ठंडा शर्बत पिलाया गया। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे अल्ट्राटेक सिमेंट यूनिट मानव संसाधन प्रमुख पंकज पोद्दार एडमिन हेड ऋषि राज सिंह शेखावत शहीद कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश तिवारी, डाला नगर पंचायत अध्यक्ष फुलवंती देवी, कांग्रेस नेता राजेश द्विवेदी राजू मिश्रा श्रमिक नेता उत्तम मिश्रा, राजू त्रिपाठी, सजावल पाठक राजेश कुमार पटेल अविनाश कुमार रजत, अहमद अली, महेश सोनी जूली तिवारी समेत शहीद परिवार से ओमप्रकाश तिवारी सपना विजय सत्य प्रकाश तिवारी इन्दू शर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ,शनिवार, 3 जून, 2023



# यूक्रेनी बलों ने रूसी हमले को नाकाम किया

## कीव पर छह दिन में रूस का छठा हवाई हमला

भाषा। कीव



**यूक्रेन के** हवाई बलों ने कीव में छह दिन में रूस के छठे हमले में 30 से अधिक रूसी क्रूज मिसाइल और ड्रोन को मार गिराया। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कीव के वरिष्ठ अधिकारी सरही पोपको ने टेलीग्राम पर लिखा कि कैस्पियन क्षेत्र से ईरान निर्मित शहीद ड्रोन और क्रूज मिसाइलों द्वारा यूक्रेनी राजधानी पर एक साथ अलग-अलग दिशाओं से हमला किया गया था। यूक्रेन के महा अभियोजक कार्यालय के अनुसार हमले में 68 साल का एक व्यक्ति और 11 साल का एक बच्चा घायल हो गए और मलबा गिरने से लोगों के घर, इमारतें तथा कारों को नुकसान हुआ। राजधानी कीव में हाल ही में हुए हमलों ने वहां के निवासियों को परेशानी में डाला है तथा यूक्रेन की वायु रक्षा क्षमताओं का परीक्षण किया है, वहीं कीव के अधिकारी रूस के हमले के 15 महीने बाद उसकी सेना को खदेड़ने के लिए एक आगामी जवाबी कार्वाई की योजना बना रहे हैं। पिछले महीने 17 दिन तक कीव पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए। इनमें दिनदहाड़े किए गए हमले भी शामिल हैं। वाशिंगटन से संचालित थिंकटैंक इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर के अनुसार रूस की रणनीति उलटी पड़ सकती है। यूक्रेन के चीफ ऑफ स्टाफ वालेरी जालुझंकी ने कहा कि यूक्रेन के हवाई रक्षा बलों ने सभी 15 क्रूज मिसाइल और 21 ड्रोन हमलों को बीच में ही नाकाम कर दिया। इस बीच रूस के सीमावर्ती क्षेत्रों में एक बार फिर यूक्रेन की तरफ से गोलीबारी हो रही है। हाल में सीमापार हमलों ने रूस के इन क्षेत्रों को दहला दिया है और वह चौकन्ना हो गया है।

## चीन के यूक्रेन मामले के राजदूत ने सरकारों से युद्ध मैदान में हथियार नहीं भेजने की अपील की



**बीजिंग।** चीन द्वारा यूक्रेन के लिए तैनात राजदूत ली हुई ने शुक्रवार को अन्य सरकारों से अपील की है कि वे युद्ध के मैदान में हथियारों की आपूर्ति करना बंद करें और शांति वार्ता करें। ली हुई की अपील ऐसे समय आई है जब अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगी यूक्रेन की सेना को मिसाइल, टैंक और अन्य हथियारों की आपूर्ति बढ़ाने पर विचार कर रहे है जो रूसी सेना को अपने इलाके से पीछे धकेलने की कोशिश कर रही है। ली ने कहा कि रूसी और यूक्रेनियाई अधिकारियों के समक्ष शांति वार्ता का विकल्प खुला है लेकिन उन्होंने भविष्य में ऐसी वार्ता का कोई संकेत नहीं दिया। चीन की शी चिनफिंग सरकार ने कहा है कि उसका यूक्रेन-रूस युद्ध पर तटस्थ रुख है और वह दोनों देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाना चाहता है। हालांकि वह राजनीतिक रूप से रूस का समर्थन करता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चीन की पहल के कामयाब होने की बहुत ही कम संभावना है क्योंकि दोनों पक्ष लड़ाई रोकने को तैयार नहीं है, लेकिन इससे बीजिंग को वैश्विक स्तर पर अपनी कूटनीतिक भूमिका बढ़ाने में मदद मिलेगी। ली ने संवाददाताओं ने कहा, चीन का मानना है कि अगर हम वास्तव में युद्ध समाप्त करना चाहते है, जिंदगियों को बचाना और शांति को मूर्त रूप देना चाहते है तो हमारे लिए जरूरी है कि हम युद्ध मैदान में हथियार भेजना बंद करें नहीं तो तनाव बढ़ेगा। चीन एकमात्र प्रमुख देश है जिसके रूस और यूक्रेन दोनों के साथ अच्छे संबंध है।

## शांति समझौते के बिना यूक्रेन में कोई संघर्ष-विराम नहीं हो सकता: ब्लिंकन

**कीव।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन युद्ध के संबंध में शुक्रवार को कहा कि एक न्यायोचित और दीर्घकालिक शांति समझौते में रूसी सेना की वापसी को शामिल किए बिना संघर्ष विराम संभव नहीं है। ब्लिंकन ने कहा कि ऐसा युद्धविराम जो बस मौजूदा स्थिति पर रोकथाम लगाता है और (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन को उनके कब्जे वाले क्षेत्र पर पकड़ मजबूत करने, फिर आराम करने और फिर हमला करने में सक्षम बनाता हो, यह एक न्यायसंगत और स्थाई शांति नहीं है। हाल में नाटो में शामिल हुए और रूस के साथ लंबी सीमा साझा करने वाले फिनलैंड की अपनी यात्रा के दौरान एक भाषण में ब्लिंकन ने कहा कि रूस को यूक्रेन के पुनर्निर्माण खर्च का एक हिस्सा भी अदा करना चाहिए और उसे फरवरी 2022 में अपने पड़ोसी पर हमला शुरू करने के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष परवेज इलाही दोबारा गिरफ्तार

लाहौर, दो जून (भाषा) पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष परवेज इलाही को गबन के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा रिहा किए जाने के आदेश के कुछ मिनट बाद शुक्रवार को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी इलाही को गुजरात जिले के लिए आवंटित विकास निधि के गबन से संबंधित सात करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार मामले में एक दिन पहले ही पंजाब प्रांत में उनके आवास के बाहर से गिरफ्तार किया गया था। जीओ न्यूज की खबर के मुताबिक, पंजाब प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री को उनके खिलाफ गुजरांवाला में दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में पंजाब की भ्रष्टाचार-रोधी शाखा (एसीई) के अधिकारियों ने फिर से गिरफ्तार कर लिया।

### स्वीडन की उम्मीदवारी को आगे बढ़ाने के लिए सप्ताहांत में तुर्किए जा रहे हैं नाटो प्रमुख

ब्रसेल्स। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग इस सप्ताहांत तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयप एर्दोआन और देश के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ वार्ता करेंगे। उल्लेखनीय है कि तुर्किए पर इसके लिए दबाव बढ़ रहा है कि वह सैन्य संगठन नाटो में स्वीडन के शामिल होने के प्रति अपनी आपत्तियां हटा ले। नाटो मुख्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि स्टोल्टेनबर्ग, एर्दोआन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। एर्दोआन, पिछले हफ्ते चुनाव में जीत हासिल करने के बाद फिर से तुर्किए के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि नाटो 11-12 जुलाई को लिथुआनिया में हुई बैठक में स्वीडन को सैन्य गठबंधन में शामिल करना चाहता है, लेकिन तुर्किए और हंगरी द्वारा इस कदम को अब तक मंजूरी नहीं दी गई है। किसी नए सदस्य को गठबंधन में शामिल करने के लिए नाटो के सभी 31 देशों द्वारा उसकी उम्मीदवारी का अनुमोदन किया जाना जरूरी है।

### नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड संभवतः जुलाई में चीन की यात्रा पर जाएंगे : वरिष्ठ सीपीएन-एम नेता

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड संभवतः अगले महीने या अगस्त की शुरुआत में चीन की यात्रा पर जाएंगे। यह जानकारी सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-माओवादी (सीपीएन-एम) के एक नेता ने शुक्रवार को दी। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2022 में पद संभालने के बाद प्रचंड की यह दूसरी द्विपक्षीय विदेश यात्रा होगी। उल्लेखनीय प्रचंड अपने भारतीय समक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य नेताओं से सदियों से चले आ रहे बहु आयामी और मित्रवत संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर बात करने के लिए बुधवार को भारत की चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर रवाना हुए थे। प्रचंड इस समय भारत की यात्रा पर हैं और उनके साथ 100 से अधिक सदस्यों वाला प्रतिनिधिमंडल भी गया है। पिछले साल सत्ता में आने के बाद सीपीएन-एम नेता 68 वर्षीय प्रचंड की यह पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा है।

### पाकिस्तान 200 भारतीय मछुआरों और तीन आम कैदियों को रिहा करेगा : विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मानवीय रुख अपनाते हुए शुक्रवार को 200 भारतीय मछुआरों और तीन अन्य कैदियों को रिहा करेगा। विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने यह घोषणा की। पाकिस्तानी अधिकारियों ने देश की समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद कराची की जेल में बंद 198 भारतीय मछुआरों को पिछले महीने रिहा कर दिया था। इन कैदियों को वाघा सीमा पर भारत को सौंप दिया गया था। बिलावल ने एक ट्वीट में कहा, आज पाकिस्तान 200 भारतीय मछुआरों और 3 अन्य कैदियों को रिहा कर रहा है। इससे पहले, 198 भारतीय मछुआरों को 12 मई 2023 को वापस भेजा गया था। यह मानवीय मामलों का राजनीतिकरण नहीं करने की पाकिस्तान की नीति के अनुरूप है। करुणा को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। रिहा किए जा रहे कैदियों की कराची से लाहौर तक की यात्रा के लिए धन उपलब्ध करा रहे एधी फाउंडेशन ने ताजा घटनाक्रम की पुष्टि की।

### पाकिस्तान के कराची में मानवाधिकार वकील की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन

कराची। पाकिस्तान के कराची शहर में प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को एक शीर्ष मानवाधिकार वकील की रिहाई की मांग को लेकर एक रैली की। मानवाधिकार वकील का बृहस्पतिवार को हथियारबंद लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। उनके परिवार ने कहा कि जिब्रान नासिर को 12 से अधिक हथियारबंद लोगों ने उनकी कार से अगवा कर लिया। नासिर की पत्नी ने कहा कि दंपती बृहस्पतिवार की शाम खाना खाने के बाद घर लौट रहे थे, तभी दो सफेद वैन में सवार हथियारबंद लोगों ने इलाके में उनकी कार को रोक लिया। वकील की पत्नी मंशा पाशा ने बताया कि वे लोग नासिर को उठा ले गए लेकिन उन्हे कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि अपहरण के पीछे कौन लोग जिम्मेदार हैं। पुलिस ने बताया कि नासिर के अपहरण की अभी तक किसी ने तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है और मामले की जांच की जा रही है।

### जापान में लगातार सातवें साल जन्म दर में कमी दर्ज

**तोक्यो।** जापान की जन्म दर लगातार सातवे वर्ष गिरकर 2022 में 1.26 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जापान में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या और जन्म दर में गिरावट ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। वार्षिक जनसंख्या आंकड़ों के अनुसार, एक महिला द्वारा अपने जीवनकाल में बच्चों को जन्म देने की वर्ष 2021 की औसत संख्या 1.30 से गिरकर वर्ष 2022 में 1.26 रह गई, जो 2005 से रिकॉर्ड निचला स्तर है। प्रजनन दर 2.06-2.07 की दर से काफी नीचे है जिसे जनसंख्या का तालमेल बनाए रखने के लिए आवश्यक माना जाता है। गौरतलब है कि 12.5 करोड़ से अधिक की आबादी वाले जापान की आबादी 16 वर्षों से घट रही है और 2070 तक इसके गिरकर 8.7 करोड़ रह जाने का अनुमान है। जन्म दर में गिरावट और बुजुर्गों की बढ़ती आबादी का अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भारी प्रभाव पड़ता है क्योंकि जापान, चीन की तेजी से बढ़ती क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं का मुकाबला करने के लिए अपनी सेना को मजबूत करना चाहता है।

### आतंकवाद रोधी अदालत ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की जमानत अवधि बढ़ाई

**लाहौर,।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान शुक्रवार को यहां स्थित आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) में पेश हुए और अदालत ने तीन मामलों में उन्हे मिली अग्रिम जमानत की अवधि 13 जून तक बढ़ा दी। अदालत के अधिकारी ने कहा कि इन तीन मामलों में लाहौर स्थित शीर्ष सैन्य कमांडरों के आवास पर हमले का मामला भी शामिल है। सत्तर वर्षीय इमरान एटीसी, लाहौर के समक्ष कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उपस्थित हुए और दोहराया कि उन्हे अपने जीवन पर गंभीर खतरे का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान अपनी पार्टी के कार्यकर्ता जिल्ले शाह की हत्या के मामले में मिली जमानत की अवधि बढ़वाने के अनुरोध के साथ लाहौर उच्च न्यायालय के समक्ष भी पेश हुए। लाहौर उच्च न्यायालय ने इमरान की जमानत अवधि को छह जून तक के लिए बढ़ा दिया।

### पाकिस्तान: पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार ने पीटीआई और राजनीति छोड़ने की घोषणा की

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री उस्मान बुजदार ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी और राजनीति छोड़ने की घोषणा की। देश में नौ मई की हिंसा के बाद से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से कई नेता इस्तीफा दे चुके है। बुजदार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, सबसे पहले मैं नौ मई की घटना की निंदा करता हूं। जिन सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया, वे पाकिस्तान राष्ट्र की संपत्तियां थी और मेरा मानना है कि हमें ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए। अल-कादिर मामले में खान की गिरफ्तारी के चलते शुरू हुई हिंसा के बाद खान की करीबी सहयोगी और पूर्व मानवाधिकार मंत्री शिरीन मजारी सहित पीटीआई के कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। जियो न्यूज के मुताबिक, बुजदार ने कहा कि वह हमेशा पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के साथ खड़े थे और आगे भी खड़े रहेंगे। एक समय खान के करीबी समझे जाने वाले बुजदार ने कहा, मैं हमेशा शराफत की राजनीति के लिए प्रतिबद्ध रहा हूं...लेकिन वर्तमान परिस्थितियों के कारण मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला किया है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए जॉर्डन से काहिरा पहुंचीं जिल बाइडन

**काहिरा()** पश्चिम एशिया, उत्तरी अफ्रीका और यूरोप में अपनी छह दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण में अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन काहिरा पहुंचीं। उनके इस दौरे का मकसद महिलाओं को सशक्त बनाना और युवाओं के लिए शिक्षा को बढ़ावा देना है। जिल बाइडन जॉर्डन के अम्मान से मिस्र की राजधानी पहुंचीं। अम्मान में उन्होंने बृहस्पतिवार को युवराज हुसैन और सऊदी वास्तुकार रजवा अल सेफ की शादी में भाग लिया। वह सोमवार को अपने दौरे के अंतिम पड़ाव पुर्तगाल जाने से पहले शनिवार को मोरक्को की यात्रा करेंगी। मिस्र अमेरिकी आर्थिक और सैन्य सहायता के मध्यपूर्व में सबसे बड़े प्राप्तकर्ताओं में से एक है और अमेरिका का पुराना सहयोगी है। हालांकि, हाल के वर्षों में अमेरिकी सांसदों ने यह शर्त लगाने की मांग की है कि मानवाधिकार में सुधार और सुधारों पर ही सहायता दी जाएगी। हवाईअड्डे पर जिल बाइडन का स्वागत मिस्र की पहली महिला एंतिसार आमेर द्वारा किया गया और बाद में राजधानी में एक तकनीकी स्कूल का दौरा करने से पहले उन्हें राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सिसी से मुलाकात करनी थी।

## ईरान ने ऑस्ट्रिया के दो, डेनमार्क के एक नागरिक को रिहा किया

**बर्लिन।** ईरान ने ऑस्ट्रिया के दो नागरिकों और डेनमार्क के एक नागरिक को रिहा किया है। यूरोपीय देशों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूरोपीय देशों ने इन नागरिकों की रिहाई के प्रयासों में मदद के लिए ओमान और बेल्जियम का आभार भी जताया। ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग ने कहा कि उन्हें यह जानकर बहुत राहत मिली है कि कामरान गदेरी और मसूद मोसाहेब को ईरान में वर्षों की कठिन कैद के बाद घर लाया जा रहा है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स एल. रसमुसेन ने कहा कि वह खुश और राहत महसूस कर रहे है कि हमारा एक नागरिक ईरान में कारावास के बाद डेनमार्क में अपने परिवार के पास लौट रहा है।

## वेस्ट बैंक में गोलीबारी में फलस्तीनी बच्चा गंभीर रूप से घायल

**यरुशलम।** वेस्ट बैंक में इजराइली गोलीबारी में तीन वर्ष का एक फलस्तीनी बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। सेना मामले की जांच कर रही है और उसका कहना है कि यह गैर इरादतन गोलीबारी की घटना है। सेना ने एक बयान जारी करके कहा कि बंदूकधारी ने बृहस्पतिवार देर रात वेस्ट बैंक के नेवेज जुफ इलाके की ओर गोलियां चलाईं और चौकी पर मौजूद सैनिकों ने जवाबी कार्वाई की।इसके कुछ ही वक्त के बाद इजराइली चिकित्सकों को खबर मिली कि फलस्तीन का एक व्यक्ति और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए है।

## स्पेनिश बिशप को 1945 के बाद से 728 यौन दुराचारियों का पता चला

**मैड्रिड।** स्पेन के कैथोलिक बिशप के सम्मेलन का कहना है कि इस मुद्दे पर अपनी पहली सार्वजनिक रिपोर्ट में 927 पीड़ितों की गवाही के माध्यम से 1945 से चर्च के भीतर 728 यौन दुराचारियों के साक्ष्य पाए गए है। चर्च ने कहा कि पीड़ितों में 83 प्रतिशत और दुर्व्यवहार करने वालों में 99 प्रतिशत पुरुष थे और 60 प्रतिशत से अधिक आरोपियों की मौत हो चुकी है। बृहस्पतिवार को पेश की गई एक रिपोर्ट में 50 प्रतिशत से अधिक अपराधियों को पादरी बताया गया। बाकी चर्च के अन्य अधिकारी थे। चर्च ने कहा कि ज्यादातर मामले पिछली शताब्दी में हुए, उनमें से 75 फीसदी 1990 से पहले के थे।

## ब्रिटिश सरकार ने बीबीसी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार को एलन क्लॉस स्टीफंस को बीबीसी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। सरकार ने यह नियुक्ति निवर्तमान अध्यक्ष रिचर्ड शार्प के इस्तीफे के पांच सप्ताह के बाद की है। संस्कृति मंत्री लुसी फ्रेजर ने स्टीफंस को 12 महीने या नया स्थाई अध्यक्ष नियुक्त होने, जो भी इनमें पहले हो तक के लिए कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल 27 जून को शुरू होगा। स्टीफंस सरकार द्वारा वित्तपोषित राष्ट्रीय प्रसारक के प्रबंधन मंडल में वर्ष 2010 से ही हैं। फ्रेजर ने कहा कि स्टीफंस को प्रबंधन मंडल में भारी समर्थन है और वह बीबीसी को स्थिरता प्रदान करेंगे।

## जापान में चक्रवात मावार से भारी बारिश, कुछ इलाकों में भूस्खलन का खतरा

**नाहा (जापान)।** चक्रवात मावार के कारण जापान में शुक्रवार को भारी बारिश हुई, जिससे दक्षिण तथा पश्चिमी इलाकों में बाढ़ आने तथा भू-धंसाव का खतरा बढ़ गया है। चक्रवात के कारण ट्रेन का परिचालन बंद हो गया है। पश्चिमी तथा मध्य जापान में शनिवार को सुबह तक 24 घंटे में 35 सेंटीमीटर बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। पश्चिम में वाकायामा, कोची और मध्य जापान में नागानो सहित संवेदनशील इलाकों के निवासियों को बाढ़ और भूस्खलन की चेतावनी जारी की गई है,।

## प्रधानमंत्री मोदी 22 जून को अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे

भाषा। वाशिंगटन

**जून को** अमेरिकी संसद के एक संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। प्रतिनिधि सभा और सीनेट के शीर्ष नेताओं ने शुक्रवार को यह घोषणा की। उन्होंने एक बयान में कहा, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा और सीनेट के नेतृत्व की ओर से आपको (प्रधानमंत्री मोदी को) 22 जून को कांग्रेस(संसद) की एक संयुक्त बैठक को संबोधित करने के लिए आमंत्रित करना हमारे लिए सम्मान की बात है। बयान पर प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष मैककार्थी, सीनेट के बहुमत नेता चक स्कमर, सीनेट के रिपब्लिकन नेता मिच मैककॉनवेल और प्रतिनिधि सभा के डेमोक्रेटिक नेता हकीम जेफरीज ने हस्ताक्षर किए हैं। यह दूसरा मौका है जब मोदी अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन, प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की।

# ब्रिक्स अब विकल्प नहीं, बल्कि वैश्विक विशेषता है: जयशंकर

भाषा। केपटाउन

**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिक्स समूह न केवल बहुध्रुवीयता का प्रतीक है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने के अनेक तरीकों की अभिव्यक्ति भी है। फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, ब्रिक्स अब विकल्प नहीं रहा, यह वैश्विक परिदृश्य की स्थापित विशेषता है। उन्होंने कहा कि पांच देशों-ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का समूह न केवल बहुध्रुवीयता का प्रतीक है बल्कि अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों से निपटने के अनेक तरीकों की अभिव्यक्ति है। जयशंकर ने ट्वीट किया, इसका ध्यान अधिक निष्पक्ष, समावेशी और खुले अंतरराष्ट्रीय ढांचे का निर्माण करने पर है जिसके केंद्र में सतत विकास हो। उन्होंने कहा, कोई छूट नहीं जाए, इसके लिए लचीली और प्रामाणिक आपूर्ति शृंखला बनाना अहम है। जयशंकर ने कहा कि फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा



परिषद में सुधार की पुरजोर वकालत करता है। भारत, सुरक्षा परिषद में सुधार के उद्देश्य से कई वर्षों से चल रहे प्रयासों में अग्रणी रहा है। जयशंकर ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने यहां आए हैं।

### इतर यूएई के विदेश मंत्री से मिले

केपटाउन, दो जून (भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद बिन सुल्तान अल नाहयान से ब्रिक्स की बैठक से इतर मुलाकात की और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे ले जाने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर यहां ब्रिक्स समूह के एक सम्मेलन में भाग लेने आए है। जयशंकर ने ट्वीट किया, हमारी नियमित बैठकें और निरंतर बातचीत हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे ले जाने में सहायक होती है। हमेशा वैश्विक राजनीति पर उनके विचार और दृष्टिकोण से लाभान्वित होते है। शेख अब्दुल्ला ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में है। वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ईरान, अल्जीरिया, सऊदी अरब और यूएई उन देशों की सूची में है जिन्होंने ब्रिक्स में शामिल होने के लिए या तो औपचारिक रूप से आवेदन किया है या इसमें शामिल होने में रुचि व्यक्त की है।

### ब्रिक्स देशों ने आतंकी पनाहगाहों से निपटने का संकल्प लिया

भाषा। केप टाउन

**पांच देशों** के संगठन ब्रिक्स ने आतंकवादियों के सीमा पार आवागमन, आतंकवाद के वित्त पोषण के नेटवर्क तथा सुरक्षित आतंकी पनाहगाहों सहित आतंकवाद के सभी स्वरूपों और तरीकों से निपटने का शुक्रवार को संकल्प लिया। ब्रिक्स में भारत, ब्राजील, रूस, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों की ओर से जारी संयुक्त बयान द केप ऑफ गुड होप में आतंकवाद को जब भी, जहां कहीं भी और चाहे जिसने भी अंजाम दिया हो उसकी कड़े शब्दों में निंदा की गई है। संयुक्त बयान में कहा गया , वे (मंत्री) आतंकवाद के सभी स्वरूपों तथा तरीकों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## सुरक्षा परिषद का मौजूदा ढांचा नई शक्तियों के उभार को प्रतिबिंबित नहीं करता : संरा राजदूत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का मौजूदा ढांचा विकृत और अनैतिक है, जो औपनिवेशीकरण व्यवस्था को जारी रखता है और नई शक्तियों के उभार एवं बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य को प्रतिबिंबित नहीं करता है। संयुक्त राष्ट्र के राजदूतों और नीति विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को यह दावा किया। उन्होंने यूएनएससी में तत्काल सुधार की जरूरत रेखांकित करते हुए कहा कि यथास्थिति अस्वीकार्य है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनाडाइन के स्थाई मिशन द्वारा सुरक्षा परिषद में सुधार विषय पर आयोजित गोलमेज बैठक में, विश्व निकाय में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा, सुरक्षा परिषद का मौजूदा ढांचा हमारी आपस में जुड़ी और बहु-ध्रुवीय दुनिया की वास्तविकताओं के अनुरूप नहीं रह गया है। उन्होंने कहा, एक अलग युग में तैयार यूएनएससी ढांचा नई शक्तियों के उभार, बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और एक निष्पक्ष एवं अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था के लिए प्रयासरत देशों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित नहीं करता है। यह गोलमेज बैठक ग्लोबल साउथ के विचार को लंबे समय से लंबित मुद्दों के परिपेक्ष्य में लाने के मकसद से आयोजित की गई थी, ताकि संयुक्त राष्ट्र में समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के प्रतिनिधित्व के लिए बहुपक्षवाद के एक परिष्कृत ढांचे के विकास के लिए दबाव बनाया जा सके।

## जर्मनी: सर्वेक्षण में धुर दक्षिणपंथी पार्टी को बढ़ते समर्थन से मुख्यधारा के राजनीतिक दल सतर्क

**बर्लिन।** जर्मनी में मुख्यधारा के राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं ने उस नए सर्वेक्षण के प्रति चिंता जाहिर की है, जिसमें धुर-दक्षिणपंथी पार्टी आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी के लिए समर्थन को रिकार्ड स्तर पर दिखाया गया है। सार्वजनिक प्रसारणकर्ता एआरडी के लिए किया गया द ड्यूशलैंडट्रेंड मासिक सर्वेक्षण बृहस्पतिवार को जारी किया। इसमें आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी को 18 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिलने का दावा किया गया है, जो चांसलर ओलाफ शोल्ज की पार्टी सोशल डेमोक्रेट के बराबर है। उल्लेखनीय है कि 2021 के चुनाव में, शोल्ज की पार्टी को 25.7 प्रतिशत, जबकि आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) को 10.3 प्रतिशत वोट मिले थे। मुख्य विपक्षी दल क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स के वरिष्ठ सांसद नोरबर्ट रोइटजेन ने कहा, ...यह एक त्रासदी है और सभी लोकतांत्रिक दलों को इसे एक खतरे की घंटी के तौर पर देखना चाहिए। सर्वेक्षण 30-31 मई को किया गया, जिसमें ।,302 लोगों को शामिल किया गया था। सर्वेक्षण में मुख्य विपक्षी दल क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स को 29 प्रतिशत वोट मिले। रोइटजेन ने कहा कि उनकी पार्टी को खुद से यह सवाल पूछना चाहिए कि सरकार के प्रति मतदाताओं की नाराजगी का लाभ उसे क्यों नहीं मिला। उनकी पार्टी की सांसद सेरप गुलेर ने कहा कि एएफडी के लिए मजबूत समर्थन के बाद अब सभी लोकतांत्रिक दलों को सतर्क हो जाना चाहिए।



एक कार्यक्रम के दौरान गिर गए राष्ट्रपति जो बाइडन

## अमेरिका परमाणु हथियार नियंत्रण ढांचे पर रूस के साथ वार्ता करने का इच्छुक

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका भविष्य के परमाणु हथियार नियंत्रण ढांचे के बारे में बिना किसी पूर्व शर्त के रूस के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है। अमेरिका हालांकि दोनों देशों के बीच अंतिम परमाणु हथियार नियंत्रण संधि को स्थगित करने संबंधी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के फैसले के जवाब में कदम उठा रहा है। व्हाइट हाउस प्रशासन के दो वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन शुक्रवार को शस्त्र नियंत्रण संघ के एक संबोधन के दौरान एक नए ढांचे के निर्माण पर वार्ता के लिए बाइडन प्रशासन की इच्छा को स्पष्ट करेंगे। पुतिन ने फरवरी में घोषणा की थी कि वह यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को लेकर वाशिंगटन और मॉस्को के बीच गहरे तनाव के बीच परमाणु हथियार और मिसाइल निरीक्षण के लिए न्यू स्टार्ट संधि के प्रावधानों के तहत रूसी सहयोग को रोक रहे हैं। हालांकि, रूस ने कहा था कि वह परमाणु हथियारों पर संधि की सीमा का सम्मान करेगा। अधिकारियों ने कहा कि सुलिवन इस बात को रेखांकित करेंगे कि रूस संधि का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध रहे,

# जलवायु ही नहीं-हम पृथ्वी की अधिकांश हदें पार कर चुके

## अब बचना है तो थमना होगा

भाषा। कैनबरा



**एक समय** लोगों का मानना था कि ग्रह हमेशा हमें समायोजित कर सकता है। पृथ्वी प्रणाली के लचीलेपन का मतलब है कि प्रकृति हमेशा हमें देती ही रहेगी। लेकिन अब हम जानते हैं कि ऐसा जरूरी नहीं है। दुनिया जितनी बड़ी है, हमारा प्रभाव भी उतना ही बड़ा है। आज जारी शोध में, पृथ्वी आयोग के वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम, जिसमें हम भी शामिल थे, ने पांच महत्वपूर्ण ग्रह प्रणालियों में फैली आठ ैसुरक्षितै और ैउचितै सीमाओं की पहचान की: जलवायु परिवर्तन, जीवमंडल, ताजा पानी, उर्वरकों में पोषक तत्वों का उपयोग और वायु प्रदूषण। यह पहली बार है जब सीमाओं के आकलन ने लोगों को पृथ्वी प्रणाली में परिवर्तन से होने वाले नुकसान की मात्रा निर्धारित की है। सुरक्षित का अर्थ है हमारी ग्रह प्रणालियों की स्थिरता और लचीलापन बनाए रखने वाली सीमाएं जिन पर हम भरोसा करते हैं। इस कार्य में ैउचितै, का अर्थ उन सीमाओं से है जो लोगों को होने वाले बड़े नुकसान को कम करती हैं। साथ में, वे ग्रह के लिए एक स्वास्थ्य बैरोमीटर हैं।हमारे ग्रह के स्वास्थ्य का आकलन करना एक बड़ा काम है। इसने प्राकृतिक और सामाजिक विज्ञान के 51 विश्व-अग्रणी शोधकर्ताओं की विशेषज्ञता ली।हमारे तरीकों में मॉडलिंग, इससे जुड़े साहित्य की समीक्षा और विशेषज्ञ निर्णय शामिल थे। हमने टिपिंग पॉइंट जोखिम, पृथ्वी प्रणाली के कार्यों में गिरावट, ऐतिहासिक परिवर्तनशीलता और लोगों पर प्रभाव जैसे कारकों का आकलन किया।चिंताजनक रूप से, हमने पाया कि मानवता ने पाँच में से चार प्रणालियों के लिए सुरक्षित और न्यायोचित सीमाओं को पार कर लिया है। एरोसोल प्रदूषण एकमात्र अपवाद है। सर्वोत्तम उपलब्ध विज्ञान के आधार पर तत्काल कार्वाई की अब आवश्यकता है।तो, हमने क्या पाया? हमारा काम ग्रहों की सीमाओं की प्रभावशाली अवधारणाओं पर आधारित है ताकि यह पता लगाया जा सके कि सुरक्षा के साथ-साथ सिस्टम कैसा दिखता है।महत्वपूर्ण रूप से, ग्रहीय प्रणालियों के आकलन और प्रबंधन के लिए उपयुक्त स्थानीय से वैश्विक स्थानिक पैमानों पर सुरक्षित और न्यायसंगत सीमाओं को परिभाषित किया गया है - जैव विविधता के मामले में एक वर्ग किलोमीटर जितना छोटा। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि कई प्राकृतिक कार्य स्थानीय पैमानों पर कार्य करते हैं।यहाँ सीमाएँ हैं:जलवायु सीमा - तापमान में वृद्धि को। डिग्री सेल्सियस तक बनाए रखें। हम जानते हैं कि 1.5 डिग्री सेल्सियस के पेरिस समझौते के लक्ष्य खतरनाक जलवायु टिपिंग पॉइंट्स को ट्रिगर करने के उच्च जोखिम से बचाते हैं।लेकिन अब भी, 1.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ, दुनिया भर में कई लोग जलवायु से जुड़ी आपदाओं से बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं(

### अटलांटिक तूफान सीजन 2023: अल नीनो और अटलांटिक महासागर की अत्यधिक गर्मी में हो सकता है टकराव

**एम्स (यूएस)।** अटलांटिक तूफान का मौसम एक जून से शुरू होता है, और पूर्वानुमान लगाने वाले अटलांटिक में ही नहीं बल्कि समुद्र के बढ़ते तापमान पर भी कड़ी नजर रख रहे हैं।विश्व स्तर पर, गर्म समुद्र की सतह का तापमान जो तूफान को बढ़ावा दे सकता है, 2023 के वसंत में अनुमान से दूर है, लेकिन अटलांटिक तूफान के लिए वास्तव में जो मायने रखता है वह है दो स्थानों पर समुद्र का तापमान: उत्तरी अटलांटिक बेसिन, जहां तूफान पैदा होते है और तीव्र होते हैं, और पूर्वी-मध्य उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर, जहां अल नीनो बनता है।इस साल, दोनों टकराव में है - और इनके अटलांटिक तूफान के मौसम को बनाने या तोड़ने वाली महत्वपूर्ण स्थितियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की संभावना है।इसका परिणाम कैरिबियन और अटलांटिक तटों के लिए अच्छी खबर हो सकती है: लगभग औसत तूफान का मौसम। लेकिन पूर्वानुमानकर्ता चेतावनी दे रहे है कि तूफान का पूर्वानुमान अल नीनो पर टिका है।एक तूफान की सामग्री - सामान्य तौर पर, तूफान के बनने और तीव्र होने की संभावना अधिक होती है जब एक उष्णकटिबंधीय कम दबाव प्रणाली गर्म ऊपरी-समुद्र के तापमान, वातावरण में नमी, अस्थिरता और कमजोर ऊर्ध्वाधर पवन कतरनी वातावरण का सामना करती है। समुद्र का गर्म तापमान तूफान को विकसित होने के लिए ऊर्जा प्रदान करता है।

# भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में 330 सीट जीतेगी: हरदीप पुरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को दावा किया कि अगले साल होने वाले संसदीय चुनावों में भाजपा की बहुत आसानी से जीत होगी और पार्टी 330 सीट जीतेगी।वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 543 में से 303 सीट पर जीत हासिल की थी। पुरी ने इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव में कहा, मुझे लगता है कि आप सिर्फ एक जीत नहीं बल्कि बहुत ही आसान जीत की ओर देख रहे हैं। इस बार मैं 330 सीट (भाजपा के लिए) कहूंगा। लोग लोकसभा चुनाव में मतदान करते समय गंभीर मुद्दों पर विचार करते हैं और वे अगले चुनावों में भारत के 7,000 साल पुराने गौरव को फिर से प्राप्त करेंगे। कर्नाटक में हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी की हार पर, पुरी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि भाजपा चुनाव हार गई, नहीं तो विपक्ष आरोप लगाता कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ठीक से काम नहीं कर रही हैं। एक सवाल के जवाब उत्तर में, उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पाखंडी और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को झूठा करार दिया। गांधी, केजरीवाल या ममता बनर्जी जैसे नेताओं के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव जीतने की संभावना सिर्फ एक प्रतिशत है। पुरी ने कहा कि यदि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ती रही तो मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करने से पहले ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। विपक्षी नेताओं के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि 2022-23 में भारत की वास्तविक आर्थिक वृद्धि पांच प्रतिशत थी न कि 7.2 प्रतिशत।

### मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव चौहान के नेतृत्व में लड़ेगी भाजपा

**भोपाल।** भाजपा मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में लड़ेगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य में साल के अंत तक चुनाव होने हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष विनय सहस्रबुद्धे ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में हम अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव में आगे बढ़ेंगे। यहां भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए, वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि मध्यप्रदेश में आने वाले चुनावों में पार्टी का चेहरा कौन होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता चौहान चार बार राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। राज्य की लगभग आधी आबादी ओबीसी है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस मुख्यमंत्री चहरे के रूप में वरिष्ठ नेता कमलनाथ को पेश कर चुनाव लड़ सकती है। कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने हाल ही में कहा था कि पार्टी मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के रूप में कमलनाथ के साथ सरकार बनाएगी।

## महाराष्ट्रः एसएससी के नतीजे घोषित, कुल 93.83 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण

**पुणोलातूर।** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को 10वीं कक्षा या एसएससी के परिणाम घोषित किए, जिसमें 93.83 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। बोर्ड के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में करीब तीन प्रतिशत कम है। पिछले साल कुल 96.94 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि लातूर संभाग के 108 समेत राज्यभर के 151 छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। पहले की तरह, लड़कियों ने फिर से लड़कों को पीछे छोड़ दिया। इस परीक्षा में 95.87 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण हुईं, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.05 रहा। बोर्ड के अध्यक्ष शरद गोसावी ने बताया कि कोंकण संभाग के 98.11 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए और वह बोर्ड परीक्षा में शीर्ष पर रहा, जबकि नागपुर संभाग 92.05 प्रतिशत के उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ सबसे नीचे रहा। कोल्हापुर संभाग में 96.73 प्रतिशत, पुणे संभाग में 95.64 प्रतिशत, मुंबई संभाग में 93.66 प्रतिशत, औरंगाबाद संभाग में 93.23 प्रतिशत, अमरावती संभाग में 93.22 प्रतिशत, लातूर संभाग में 92.67 प्रतिशत और नासिक संभाग में 92.22 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू से केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह राष्ट्रपति भवन में मुलाकात करते हुए।

## हिमाचल प्रदेश में नक्ली दवाओं के उत्पादन के मद्देनजर एनएचआरसी ने भेजे नोटिस

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उन खबरों पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) को नोटिस भेजा, जिनमें दावा किया गया है कि हिमाचल प्रदेश में भोजन की पूरक खुराक के नाम पर नकली विटामिन, सिरप और दवाओं के उत्पादन का केंद्र बन गया है। एनएचआरसी ने शुक्रवार को मीडिया में आई खबरों के हवाले से कहा कि पहाड़ी राज्य के सोलन जिले में स्थित कंपनियां सरकारी विभागों के बीच समन्वय की कमी का फायदा उठा रही हैं। एनएचआरसी ने एक बयान में कहा है कि कथित तौर पर, इस क्षेत्र में 100 से अधिक न्यूट्रास्यूटिकल कंपनियां सक्रिय हैं, जिनके पास खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत केवल खाद्य उत्पादों का उत्पादन करने का लाइसेंस है। इसलिए, ए डीसीजीआई और राज्य के खाद्य सुरक्षा विभाग के दायरे से बाहर हैं। एनएचआरसी ने कहा कि उसने मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लिया है कि हिमाचल प्रदेश में सोलन का बद्दी औद्योगिक क्षेत्र न्यूट्रास्यूटिकल कंपनियों द्वारा भोजन की पूरक खुराक के नाम पर नकली विटामिन, सिरप और दवाओं का उत्पादन केंद्र बन गया है। आयोग ने पाया है कि मीडिया की रिपोर्ट यदि सही है तो सरकारी विभागों की ओर से समन्वय की स्पष्ट कमी और उदासीनता के कारण लोगों के जीवन के अधिकार से संबंधित एक गंभीर मुद्दा उठता है। इसने कहा है कि तदनुसार आयोग ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के सचिव, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के अध्यक्ष और भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

### माहिरा , सरवत और निमरा की टेलीविजन पर वापसी

**मुंबई।** भारतीय उपमहाद्वीप के कुछ सबसे जान-माने लेखकों जैसे कि गुलज़ार, सादत हसन मंटो, इस्मत चुगताइ,मुंशी प्रेमचंद, अमृता प्रीतम द्वारा उर्दू और हिन्दी के महान लेखकों की जीवनगाथाओं पर नाटकीय रचनाओं की एक श्रृंखला ष्यार जुलाहे् का प्रसारण इस वीकेंड से ज़िंदगी की डीटीएच सेवाओं टाटा स्काई, डिश टीवी, डी2एच और एयरटेल पर किया जाएगा। ज़िंदगी ने हमेशा सीमा के दोनों तरफ के दर्शकों के लिये कुछ नया कंटेन्ट लाने का लक्ष्य रखा है। ष्यार जुलाहे् में दिखाई देने जा रहे पाठकों में फ़िल्म ⁄ रईस में शाहरुख खान के साथ काम कर चुकीं माहिरा खान, सरवत गिलानी, निमरा बुचा और एक्टर् डायरेक्टर सरमद खूसत जैसे दिग्गज शामिल हैं।ष्यार जुलाहे के चार एपिसोड्स का प्रसारण जून में ज़िंदगी के डीटीएच प्लेटफॉर्म्स पर चार वीकेंड्स में होगा और पहले वीकेंड के एपिसोड में पाकिस्?तानी अभिनेत्री माहिरा खान को अहमद नदीम कासमी की क्लासिक कहानी गुड़िया् पढ़ते दिखाया जाएगा।

## एनआईए ने कोयम्बटूर विस्फोट मामले में दूसरा आरोप-पत्र दायर किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले साल अक्टूबर में हुए कोयम्बटूर कार बम विस्फोट मामले में शुक्रवार को पांच लोगों के खिलाफ नया आरोप-पत्र दायर किया और कहा कि प्रमुख आरोपी इस आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए कथित रूप से कट्टरपंथी आईएसआईएस विचाराधारा से प्रभावित था। एजेंसी ने इससे पहले मामले में अप्रैल में छह लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया था। मामला 23 अक्टूबर को तमिलनाडु के कोयम्बटूर में एक प्राचीन मंदिर के बाहर हुए विस्फोट से जुड़ा है। मंदिर के सामने एक कार में विस्फोट किया गया था। एनआईए ने कहा कि कार को चलाने वाला मुख्य आरोपी जमेशा मुबीन विस्फोट में मारा गया था।

एनआईए के बयान के अनुसार मुबीन कथित रूप से इस जघन्य आतंकवादी कृत्य को अंजाम देने की कट्टरपंथी आईएसआईएस सोच से प्रभावित था। गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत शुक्रवार को पांच लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया गया जिनमें उमर फारुक, फिरोज खान, मोहम्मद तौफीक, शेख हिदायतुल्ला और सनोफर अली हैं। मोहम्मद असरुतीन, मोहम्मद तलहा, फिरोज, मोहम्मद रियास, नवास और अफसार खान के खिलाफ 20 अप्रैल को दायर शिकायत के मामले में आरोप-पत्र दाखिल किया गया था। एनआईए की जांच में सामने आया कि मुबीन ने मोहम्मद असरुतीन, उमर फारुक, शेख हिदायतुल्ला और सनोफर के साथ मिलकर कोयम्बटूर शहर में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की साजिश रची थी। एनआईए ने कहा, हमले से कुछ दिन पहले बनाए गए एक इकबालिया बयान वाले वीडियो में कहा गया था कि काफिरों से बदला लेने के लिए हमले की साजिश रची गई। उसने कहा कि असरुतीन और अफसार ने जामेशा मुबीन को विस्फोटकों को खरीदने, मिलाने में मदद की, वहीं तलहा ने अपराध में इस्तेमाल कार का बंदोबस्त किया था। एजेंसी के मुताबिक तीन आरोपियों फिरोज, रियास और नवास ने आईईडी बनाने में इस्तेमाल ड्रम और गैस सिलेंडर समेत अनेक चीजें कार में रखवाने में मुबीन की मदद की थी। एनआईए का आरोप है कि तमिलनाडु के इरोड जिले में सत्यमंगलम के जंगल में साजिश रची गई जहां उमर फारुक को हमले को अंजाम देने के लिए आमिर (कमांडर) चुना गया।एजेंसी ने कहा कि साजिश का बड़ा मकसद सामान्य प्रशासन, पुलिस और न्यायपालिका जैसी अनेक शाखाओं पर निशाना साधकर भारत सरकार के खिलाफ जंग छेड़ना था।

### क्विक न्यूज

### सरकार परामर्श के बाद राजद्रोह कानून पर सुविज्ञ और तर्कपूर्ण निर्णय लेगी : कानून मंत्री मेघवाल

**नई दिल्ली।** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार राजद्रोह पर विधि आयोग की रिपोर्ट पर सभी हितधारकों के साथ परामर्श करने के बाद एक सुविज्ञ और तर्कपूर्ण निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मे की गई सिफारिशे सुझाव स्वरूप है न कि बाध्यकारी। मेघवाल की टिप्पणी राजद्रोह के मामलो मे जेल की न्यूनतम सजा को मौजूदा तीन साल से बढ़ाकर सात साल करने की विधि आयोग की सिफारिश के मद्देनजर आई है। मेघवाल ने ट्विटर पर कहा, यह रिपोर्ट व्यापक परामर्श प्रक्रिया के चरणो मे से एक है। रिपोर्ट मे की गई सिफारिशे सुझाव स्वरूप है बाध्यकारी नही। उन्होंने कहा कि इस मामले मे अंतिम फैसला हितधारकों से परामर्श के बाद किया जाएगा। मेघवाल ने कहा, अब जबकि हमें रिपोर्ट मिल गई है, हम अन्य सभी हितधारकों के साथ भी परामर्श करेंगे ताकि हम जनहित मे एक सुविज्ञ और तर्कपूर्ण निर्णय ले सकें। आयोग ने राजद्रोह के मामलों मे कारावास की सजा को कम से कम तीन वर्ष से बढ़ाकर सात वर्ष करने की सिफारिश की है। आयोग ने तर्क दिया है कि इससे अदालतों को किए गए कृत्य के स्तर और गंभीरता के अनुरूप सजा देने की अधिक गुंजाइश रहेगी।

### कन्नूर ट्रेन आगजनी मामले में पुलिस ने पश्चिम बंगाल के निवासी को गिरफ्तार किया

**कन्नूर।** केरल पुलिस ने बृहस्पतिवार तड़के कन्नूर रेलवे स्टेशन पर रुकी एक एक्सप्रेस ट्रेन के कोच मे आग लगाने के आरोप मे पश्चिम बंगाल के एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी एक भिखारी था जो मानसिक आघात से गुजर रहा था। उत्तर क्षेत्र के आईजी नीरज कुमार गुप्ता ने कहा कि भिखारी पर इस घटना को अंजाम देने का संदेह है कि क्योंकि उसे राज्य मे भीख मांगने से कोई पैसा नही मिल रहा था और उसने मानसिक आघात के कारण यह कृत्य किया। गुप्ता ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जांच के आधार पर पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना से प्रसूनजीत सिक्दर को गिरफ्तार किया गया और उसे अदालत मे पेश किया जाएगा। गुप्ता ने कहा, वह करीब तीन दिन पहले यहां पहले थालास्सेरी आया था। इसके बाद वह कन्नूर चला गया। रात मे वह इसी कोच मे गया। वह बीड़ी पीने वाला व्यक्ति है। उसने एक माचिस का इस्तेमाल किया और ट्रेन के कुछ हिस्से को जला दिया जो बाद मे भी जलता रहा और आग से पूरा कोच जलकर खाक हो गया।

### तेलंगाना विविध भाषाओं, संस्कृतियों का मिलन स्थल है : आंध्र प्रदेश के राज्यपाल

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने तेलंगाना स्थापना दिवस की 10वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य मे शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी राज्य विविध भाषाओ और संस्कृतियो का मिलन स्थल है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना अपनी गंगा-जमुनी तहजीब के लिए प्रसिद्ध होने सहित भारत की समग्र संस्कृति, बहुलवाद और समावेशिता का सबसे अच्छा उदाहरण है। राज्यपाल ने राजभवन से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति मे कहा, तेलंगाना स्थापना दिवस जैसे अवसरों का उत्सव विभिन्न राज्यो के लोगों को एक साथ लाता है और हमें एक-दूसरे को बेहतर परिप्रेक्ष्य में जानने का अवसर देता है।

### दालें-बादाम देते हैं भरपूर प्रोटीन

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ वर्षों में, जैसा कि दुनिया भर में खाने-पीने की आदतों में व्यापक बदलाव देखा गया है, कुछ लोग पौधों पर आधारित जीवन शैली अपनाने का विकल्प भी चुन रहे हैं। नेहा रंगलानी, इंटीग्रेटिव न्यूट्रीशनिस्ट एवं हैल्थ कोच ने कहा आप अपने आहार में नीचे दिए प्रोटीन से भरपूर खाद्यों को शामिल करके वीगेन बनने का विकल्प चुन सकते हैं बादाम - टोफू- दालें-बादाम प्रोटीन से भरपूर होते हैं और इन्हें विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि प्रोटीन की उच्च मात्रा के चलते बादाम का सेवन करने के बाद पेट भरा होने का अहसास होता है और व्यायाम करने के बाद ये क्षतिग्रस्त मांसपेशियों की मरम्मत में मददगार होते हैं। अक्सर मुट्ठी भर बादाम खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि इनसे भूख को नियंत्रित रखने और शरीर में कैलोरी की मात्रा कम रखने में मदद मिलती है। इसके अलावा, बादाम पोषक तत्वों से भरपूर और एक सुविधाजनक स्नैक भी हैं। इनमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, रिबोफ्लेविन, जिंक आदि 15 प्रमुख आवश्यक पोषक तत्व होते हैं।बादाम स्वाद ब?ाने और सीजनिंग के लिए अच्छे रहते हैं और इन्हें किसी भी भारतीय मसाले के साथ मजे से प्रयोग किया जा सकता है। एक वीगेन के रूप में, आप अपने आहार में बादाम का दूध भी शामिल कर सकते हैं। दालें-मूंग, अरहर, चना, मसूर, उड़द आदि दालें लाल, पीले और सफेद रूपों में मिलती हैं।

### पंकजा मुंडे अपने मंत्री कार्यकाल के दौरान जारी जीआर को पुस्तक के रूप में पेश करेंगी

**औरंगाबाद।** भाजपा की राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे ने शुक्रवार को कहा कि वह राज्य मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान जारी किए गए सरकारी प्रस्तावों (जीआर) को एक किताब के तौर पर संकलित करेंगी। उनके द्वारा शुरू की गईं कई योजनाएं उनके दिवंगत पिता गोपीनाथ मुंडे से प्रेरित रहीं। पंकजा ने भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस नीत महाराष्ट्र सरकार के कार्यकाल में ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री के रूप में कार्य किया था। फडणवीस 2014 से 2019 के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे थे। बीड में दिव्यांगों के लिए एक शिविर का उद्घाटन करने के बाद पंकजा ने कहा, गोपीनाथ मुंडे की कई यादें हैं। उनकी प्रत्एक स्मृति ने मुझे प्रोत्साहित किया और उसमें से एक (जन कल्याण) योजना निकली। मेरे कार्यकाल में जो जीआर पारित हुए हैं, उनकी एक किताब तैयार की जाएगी। अपने भाषणों का जिक्र करते हुए कहा, मैं अपने मन की बात कहती हूं।

## कांग्रेस नेता बाजवा ने मंत्री के खिलाफ यौन दुराचार के आरोपों पर पंजाब के राज्यपाल को पत्र लिखा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह यौन दुराचार के आरोपों का सामना कर रहे मंत्री लाल चंद कटारुचक से संबंधित मामले को स्वत: संज्ञान के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भेज दें। पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाजवा ने एक ट्वीट में कहा, मंत्री लाल चंद कटारुचक के मामले में न्याय के लिए मैं पंजाब के राज्यपाल से आग्रह करता हूं कि वह इस मामले को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भेज दें, ताकि इसे स्वत: संज्ञान रिट याचिका के रूप में लिया जा सके और निष्पक्ष जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपा जाए। उन्होंने दावा किया कि राज्यपाल के स्तर पर वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि के बाद भी, मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने कदम पीछे खींच रहे हैं और दागी मंत्री के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं कर रहे हैं।

पुरोहित को लिखे अपने पत्र में बाजवा ने लिखा है कि मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार में मंत्री कटारुचक से जुड़ा मामला चर्चा का विषय बन गया है और आपके (राज्यपाल) स्तर पर वीडियो की प्रामाणिकता की वैज्ञानिक पुष्टि के बाद भी उनके मंत्री बने रहने के कारण पद की मर्यादा तार-तार हो रही। मंत्री के खिलाफ यौन दुराचार के आरोप की जांच के लिए पंजाब पुलिस द्वारा तीन सदस्ईय विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने का उल्लेख करते हुए, बाजवा ने लिखा कि साफ तौर पर मंत्री के खिलाफ कार्वाई को लंबा खींचने के लिए ऐसा किया गया है।

राज्यपाल ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री मान से कटारुचक के खिलाफ कार्वाई करने को कहा। मंत्री पर जघन्य अपराध करने का आरोप लगाते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्हें मंत्रिमंडल में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। इससे पूर्व, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने कटारुचक के खिलाफ गुरदासपुर के एक पुरुष पीड़ित द्वारा यौन दुराचार की शिकायत के बाद पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया था। पंजाब पुलिस ने बाद में एसआईटी का गठन किया था।

इस मुद्दे को लेकर आप सरकार की आलोचना हो रही है और विपक्षी दल कटारुचक के खिलाफ कार्वाई की मांग कर रहे हैं। एनसीएससी ने पीड़ित की शिकायत के हवाले से कहा था कि मंत्री ने कथित तौर पर 2013-14 में फेसबुक पर दोस्ती का प्रस्ताव भेजकर पीड़ित से संपर्क किया था और जब उसने इसे स्वीकार कर लिया, तो कटारुचक ने गलत हरकतें करनी शुरू कीं। पीड़ित ने दावा किया था, चूंकि वह (कटारुचक) एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं, उन्होंने मुझे सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, जिसके कारण मैं चुप रहा। मैं उस समय बहुत छोटा था, जिससे चीजें समझ नहीं पाया। लेकिन उनका यौन दुराचार 2021 तक जारी रहा।

### नए संसद भवन में लगाया भित्तिचित्र प्रागैतिहासिक अशोक साम्राज्य के प्रसार को दर्शाता है: बागची

**नई दिल्ली।** भारत ने नए संसद भवन में एक भित्तिचित्र पर नेपाल और पाकिस्तान में कुछ चिंताओं की पृष्ठभूमि में कहा कि यह भित्तिचित्र प्रागैतिहासिक अशोक साम्राज्य के प्रसार को दर्शाता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने मीडिया ब्रीफिंग में भित्तिचित्र को एक ऐसी कृति बताया जो प्रागैतिहासिक अशोक साम्राज्य के प्रसार को चित्रित करती है। इस मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में बागची ने कहा, उक्त भित्तिचित्र अशोक साम्राज्य के प्रसार को और जिम्मेदार तथा जन-हितैषी शासन के उस विचार को रेखांकित करता है जिसे उन्होंने (सम्राट अशोक ने) अपनाया था और प्रसारित किया था। यही बात भित्तिचित्र के सामने लगी पट्टिका में लिखी है। मुझे इस बारे में वाकई और कुछ नहीं कहना। मैं उन बयानों पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा जो अन्य नेताओं ने दिए हो सकते हैं। भित्तिचित्र पर नेपाल में विवाद खड़ा हो गया है जिसे अखंड भारत का मानचित्र बताया जा रहा है। नए संसद भवन में लगाए गए भित्तिचित्र में भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण साम्राज्यों और शहरों को अंकित किया गया है और इसमें तत्कालीन तक्षशिला (इस समय के पाकिस्तान में) में प्राचीन भारत के प्रभाव को दर्शाया गया है। नेपाल में कुछ नेताओं ने भित्तिचित्र पर कड़ा ऐतराज जताया और कुछ ने तो अपने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड से भारत के साथ इस मुद्दे को उठाने को कहा। नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड इस समय भारत यात्रा पर हैं। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रचंड ने अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत में भित्तिचित्र के मुद्दे को नहीं उठाया। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि क्या नेपाल में इस मामले में प्रदर्शन हो रहे हैं। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टराई ने बृहस्पतिवार को कहा था कि नए संसद भवन में अखंड भारत के भित्तिचित्र में उसके निकट पड़ोस में प्राचीन भारत के प्रभाव को दर्शाने से अनावश्यक कूटनीतिक विवाद पैदा हो सकते हैं।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में शिवकुमार के खिलाफ सीबीआई जांच पर रोक की अवधि बढ़ाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में राज्य के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच पर रोक की अवधि शुक्रवार को उस समय तक के लिए बढ़ा दी, जब तक कि सुनवाई जारी रखने से जुड़े एक सवाल पर एकल पीठ को मुख्य न्यायाधीश की राय नहीं मिल जाती है। शिवकुमार ने मामले में अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को अदालत में चुनौती दी है। याचिका, आज न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। हालांकि, ग्रीष्मावकाश से पहले याचिका पर आंशिक सुनवाई न्यायमूर्ति के. नटराजन ने की थी। इसलिए, न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने रजिस्ट्रार को मामले की फाइल मुख्य न्यायाधीश के समक्ष पेश करने को कहा और इस बारे में उनकी (मुख्य न्यायाधीश की) राय मांगी है कि क्या वह इस याचिका पर सुनवाई जारी रख सकते हैं। उन्होंने पूर्व में लगाई गई रोक को जारी रखा और सुनवाई स्थगित कर दी।

शिवकुमार ने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की थीं। इनमें से एक याचिका, उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सीबीआई को 25 सितंबर 2019 को दी गई राज्य सरकार की मंजूरी के खिलाफ थी, जबकि दूसरी याचिका में, तीन अक्टूबर 2020 को केंद्रीय एजेंसी द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय मुकदमे की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिका को पूर्व में खारिज कर चुका है। आयकर विभाग ने शिवकुमार के कार्यालय और आवास पर 2017 में तलाशी और जब्ती अभियान चलाया था। इसके आधार पर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवकुमार के खिलाफ अपनी जांच शुरू की थी। इसके बाद, सीबीआई ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए राज्य सरकार की मंजूरी मांगी थी।

## कर्नाटक मंत्रिमंडल ने कांग्रेस की सभी पांच चुनावी गारंटी को लागू करने का फैसला किया, समय सीमा तय

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा कि मंत्रिमंडल ने सत्तारूढ़ दल कांग्रेस की पांच गारंटी को बिना किसी जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव के लागू करने का फैसला किया है और इस वित्त वर्ष के भीतर योजनाओं को शुरू करने के लिए एक समयसीमा तय की गई है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक सरकार के फैसले की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी पार्टी जो कहती है वह करती है। मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने वाले सिद्धरमैया ने संवाददाताओं से कहा कि मंत्रिमंडल ने पांच गारंटी और उसके क्रियान्वयन के रे में विस्तृत चर्चा की और निर्णय पर पहुंचा। हालांकि, उन्होंने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि पांच गारंटी योजनाओं को लागू करने से सरकारी खजाने पर कितना बोझ पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं इस बारे में विवरण बाद में साझा करूंगा।

उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने इसे एक ऐतिहासिक दिन बताया क्योंकि कांग्रेस नीत सरकार चुनावी गारंटी को पूरा करने जा रही है, और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक समयसीमा तय की है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, कांग्रेस जो कहती है वो करती है, भाजपा जैसे खोखले वादे नहीं करती। कर्नाटक में पांच गारंटी लागू हो गईं। गृह ज्योति: 200 यूनिट मुफ्त बिजली। गृह लक्ष्मी: महिलाओं को 2000 रुपए, अन्न भाग्य: गरीबों को 10 किलो चावल, युवा निधि: स्नातक उतीर्ण बेराजगार युवाओं को 3000 रुपए, शक्ति: महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा।

विधानसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस ने सत्ता में आने पर सभी घरों (गृह ज्योति) को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, हर परिवार की महिला मुखिया (गृह लक्ष्मी) को 2,000 रुपए मासिक सहायता, गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवार (अन्न भाग्य) के प्रत्एक सदस्य को 10 किलोग्राम मुफ्त चावल का वादा किया था। इसके अलावा, बेरोजगार स्नातक युवाओं के लिए हर महीने 3,000 रुपए और बेरोजगार डिप्लोमा धारकों (दोनों 18-25 आयु वर्ग में) को दो साल के लिए।,500 रुपए (युवा निधि) और



सार्वजनिक परिवहन बसों (शक्ति) में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा का भी वादा किया गया था। सिद्धरमैया ने कहा कि हर घर को प्रति माह 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की गृह ज्योति योजना एक जुलाई से लागू की जाएगी। हालांकि, योजना का फायदा उठाने के लिए उपभोक्ताओं को बकाया राशि का भुगतान करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत, सरकार एक साल के औसत बिजली खपत को ध्यान में रखेगी और औसत उपयोग से 10 प्रतिशत अधिक मुफ्त बिजली देगी। उन्होंने कहा, यह दुरुपयोग से बचने के लिए है। किसी का बिजली खर्च 12 महीने में 70 यूनिट प्रति माह को पार नहीं किया, क्या वह अचानक 150 या 200 यूनिट का इस्तेमाल कर सकता है। क्या ऐसा हो सकता है? इसलिए हम औसत तय करने का फैसला किया। शिवकुमार ने कहा कि 200 यूनिट की सीमा है।

यह योजना 200 यूनिट से कम का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के लिए लागू होगी, यह उल्लेख करते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि पिछली खपत से असामान्य वृद्धि होती है, तो उपभोक्ता को अंतर का भुगतान करना होगा। अधिकारी ने कहा, जो भी (उपभोक्ता का) खपत का पिछला स्तर है, उसके बिल की भरपाई उतनी सीमा तक की जाएगी, बशर्ते कि वह प्रति माह 200 यूनिट खपत के भीतर हो। तो उसे जीरो बिल मिलेगा और भुगतान नहीं करना पड़ेगा। यदि असामान्य वृद्धि होती है, तो अंतर का भुगतान करना पड़ेगा। परिवार की महिला मुखिया को प्रति माह 2,000 रुपए प्रदान करने के लिए गृह लक्ष्मी योजना के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे 15 अगस्त से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवेदन 15 जून से 15 जुलाई तक जमा किया जा सकता है और जो आवेदक इस योजना के तहत लाभार्थी बनना चाहते हैं उन्हें अपने आवेदन के साथ अपना आधार और बैंक खाता विवरण जमा करना होगा। आवेदन ऑनलाइन भी किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना बीपीएल और एपीएल कार्ड धारकों दोनों के लिए लागू होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा।

सिद्धरमैया ने यह भी घोषणा की कि अन्न भाग्य योजना के तहत एक जुलाई से बीपीएल परिवार के प्रत्एक सदस्य और अंत्योदय कार्ड धारकों को 10 किलो अनाज दिया जाएगा। उन्होंने कहा, यह योजना एक जुलाई से शुरू की जाएगी क्योंकि जून महीने के लिए खाद्यान्न पहले ही भेज दिया गया है और अतिरिक्त खाद्यान्न की खरीद की जानी है। सिद्धरमैया ने कहा कि शक्ति योजना के तहत एक जून से कर्नाटक में एसी, लग्जरी बसों को छोड़कर सार्वजनिक परिवहन की बसों में महिलाएं मुफ्त यात्रा कर सकती हैं। बेंगलुरु महानगर परिवहन निगम (बीएमटीसी) और कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) बसों में छात्रों सहित सभी वर्गों की सभी महिलाएं राज्य के भीतर मुफ्त यात्रा कर सकती हैं...इस योजना के तहत महिलाएं 94 प्रतिशत बसों की सेवाओं का लाभ उठा सकती हैं।

# एकादश टीम चुनने में मौजूदा परिस्थितियों का ध्यान रखें : प्रसाद

## दो साल पहले की तरह पूर्व निर्धारित सोच से बचे भारत


अभ्यास करते पुजारा

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व मुख्य** चयनकर्ता एमएसके प्रसाद को लगता है कि भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए अंतिम एकादश पूर्व निर्धारित अनुमान से नहीं चुननी चाहिए और साथ ही उनका मानना है कि चोटिल ऋषभ पंत की जगह भरना भी मुश्किल होगा क्योंकि विदेश में उनकी उपलब्धियां शानदार हैं। भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 डब्ल्यूटीसी फाइनल में दो स्पिनरों – रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा – को चुनने का फैसला उलटा पड़ गया था क्योंकि तेज गेंदबाजों ने साउथम्पटन में बारिश के हालात में दबदबा बनाया। सात जून से लंदन के द ओवल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में स्पिन की भूमिका हो सकती है लेकिन प्रसाद ने सलाह दी कि टीम को उस समय की परिस्थितियों के हिसाब से फैसला करना चाहिए। भारत के पूर्व विकेटकीपर ने पीटीआई से कहा, हमने दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज चुने थे लेकिन बारिश आ गई, हमें अपनी योजना में बदलाव करना चाहिए था, लेकिन हम उसी अंतिम एकादश पर डटे रहे। लेकिन अब यह बीती बात हो गया है। उन्होंने कहा, यह सब द ओवल में परिस्थितियों पर निर्भर करता है। पिच और परिस्थितियां अहम हैं। हमें नहीं पता कि ए पांच दिन में कैसे होंगे इसलिए हमें पूर्व अनुमान नहीं रखना चाहिए और परिस्थितियों को समझकर ही फैसला करना चाहिए। पंत इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में शतक जड़ चुके हैं और अगर शीर्ष क्रम विफल होता है तो वह बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभालने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। प्रसाद को लगता है कि पंत की अनुपस्थिति में के एस भरत ही विकेटकीपिंग के लिए स्वत: विकल्प होंगे। पर उनका मानना है कि पंत की काबिलियत की तुलना नहीं कर सकते। भरत को (ईशान किशन पर तरजीह देकर) चुनना काफी स्पष्ट फैसला है। पर ऋषभ की जगह भरना वास्तव में काफी मुश्किल है, विशेषकर विदेशों में हो रही श्रृंखला में। पूरे भारतीय क्रिकेट में, कोई भी अन्य विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं है जिसने इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया में शतक जड़े होंगे इसलिए उसकी जगह भरना काफी मुश्किल है। आपको ऐसे विकेटकीपर की जरूरत है जो 100 ओवर तक फिट रहे और अच्छा करे। यह टेस्ट मैच है और हम इस पहलू से सोचने की जरूरत है। भारत के स्टार सुसज्जित शीर्ष चार में रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली शामिल हैं जिनके मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे गेंदबाजों के खिलाफ अच्छा करने की उम्मीद है। अजिंक्य रहाणे भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी इकाई के अनुभव में इजाफा करते हैं। प्रसाद ने कहा, हमारा शीर्ष क्रम उनके तेज गेंदबाजी आक्रमण का किस तरह सामना करता है।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की गेंदबाजी को लेकर असमंजस में आस्ट्रेलिया



**लंदन।** आस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि सात जून से ओवल पर शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में रविंद्र जडेजा भारत की अंतिम एकादश में होंगे लेकिन रविचंद्रन अश्विन को लेकर स्थिति उनके लिए स्पष्ट नही है। भारत ने हाल ही मे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला मे अश्विन (25 विकेट) और जडेजा (22) दोनो को उतारा था और उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने श्रृंखला 2-1 से जीती। केंट काउंटी क्रिकेट मैदान पर आस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र से पहले सहायक कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि टीम प्रबंधन ने भारत के संभावित गेंदबाजी आक्रमण को लेकर काफी बात की है। उन्होने कहा , हम इस पर बात कर रहे है। मुझे लगता है कि जडेजा खेलेगा क्योंकि वह उपयोगी बल्लेबाज भी है। चौथे गेंदबाज और हरफनमौला को लेकर शार्दुल ठाकुर या अश्विन में से एक हो सकता है लेकिन दोनो अच्छे विकल्प है। अश्विन ने इंग्लैड मे सात टेस्ट मे 18 विकेट लिए है लेकिन ओवल पर एक ही मैच खेले है। अश्विन शानदार गेंदबाज है और अधिकांश टीमो मे पहली पसंद होगा लेकिन ओवल के हालात मे टीम संयोजन को देखते हुए उसे शायद बाहर रहना पड़ सकता है। विटोरी ने यह भी कहा कि आईपीएल मे शानदार प्रदर्शन के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल मे कैमरन ग्रीन की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा , अब तैयारी के लिए कोई भी प्रारूप हो सकता है।वह आईपीएल के दौरान भी लगातार टेस्ट का अभ्यास कर रहा था। भारत के खिलाफ श्रृंखला मे और आईपीएल में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है जो टीम के काम आएगा।

## खबरें स्टेडियम से

### भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल हमारा ग्रैंड फाइनल है : लियोन



**मेलबर्न।** आफ स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि एशेज को लेकर हो रही बातचीत से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए आस्ट्रेलिया की तैयारियां बाधित नही होंगी और उन्होंने भारत के खिलाफ आगामी फाइनल को ग्रैंड फाइनल भी करार दिया। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से ओवल पर खेला जाएगा। वही इंग्लैड के खिलाफ पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला 16 जून से शुरू होगी। लियोन ने आस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस से कहा , हम एशेज खेल रहे है लेकिन उससे पहले एक बड़ा मैच खेलना है। डब्ल्यूटीसी फाइनल हमारा ग्रैंड फाइनल है और यही से सत्र शुरू होगा। उन्होंने कहा , हर आस्ट्रेलियाई प्रशंसक को एशेज का इंतजार है लेकिन इस मैच को लेकर भी रोमांच होना चाहिए। आस्ट्रेलियाई टीम कोई भी अभ्यास मैच खेले बिना एशेज मे उतरेगी। लियोन ने कहा कि भारत में टेस्ट श्रृंखला मे।. 2 से मिली हार का इस मैच पर कोई असर नही होगा।

### बीसीसीआई ने एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप के लिए भारत ए टीम का ऐलान किया

**नई दिल्ली।** बल्लेबाजी हरफनमौला श्वेता सहरावत हांगकांग में 12 जून से होने वाले एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप मे 14 सदस्ईय भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तान होगी। भारत ए टीम 13 जून को पहला मैच हांगकांग से खेलेगी। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा , अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने शुक्रवार को आगामी एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप के लिए भारत ए टीम का चयन किया है। टूर्नामेंट मे आठ टीमो को दो समूहो मे बांटा जाएगा। भारत समूह ए मे हांगकांग, थाईलैड ए, पाकिस्तान ए के साथ है जबकि बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए , मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात ग्रुप बी में है। फाइनल 21 जून को खेला जाएगा। भारत ए (इमर्जिंग टीम) : श्वेता सहरावत (कप्तान), सौम्या तिवारी, तृषा गोंगाडी, मुस्कान मलिक, श्रेयांका पाटिल, कनिका आहूजा, उमा छेत्री, ममता मडीवाला, टिटास संधू, यशश्री एस, काशवी गौतम, पार्श्वी चोपड़ा, मन्नत कश्यप, बी अनुषा। मुख्य कोच : नूशिन अल खादीर, भारत ए का कार्यक्रम : 12 जून बनाम हांगकांग, 15 जून बनाम थाईलैड ए, 17 जून बनाम पाकिस्तान ए।

### भारत आईसीसी राजस्व के 38 प्रतिशत का हकदार, कहा ईसीबी सीईओ ने

**दुबई।** इंग्लैड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गूड का मानना हे कि विश्व क्रिकेट के विकास और राजस्व के सृजन मे भारत का बड़ा योगदान है और वह 2024 से 2027 के बीच आईसीसी के प्रस्तावित वित्तीय मॉडल के तहत 230 मिलियन डॉलर सालाना पाने का हकदार है। नए प्रस्तावित मॉडल के तहत भारतीय क्रिकेट बोर्ड को 600 मिलियन डॉलर राजस्व मे से 38 . 5 प्रतिशत मिल सकता है जबकि ईसीबी को 41 . 33 मिलियन और क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 37 . 53 मिलियन डॉलर मिलेगा। पीसीबी को 34 . 51 मिलियन (5.75 प्रतिशत) मिलेगा जबकि बाकी की रकम शेष पूर्णकालिक सदस्यो मे बांट दी जाएगी। कुल 12 पूर्णकालिक सदस्यो को 532 . 84 मिलियन (88.81 प्रतिशत) और बाकी को 67 . 16 मिलियन डॉलर (11 . 19 प्रतिशत) मिलेगा। आईसीसी से अभी इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलनी बाकी है। इस मॉडल की यह कहकर आलोचना हो रही है कि इससे वित्तीय असमानता बढेगी। गूड ने हालांकि इसका समर्थन करते हुए कहा , राजस्व के सृजन और खेल को आगे ले जाने मे भारत की भूमिका को देखे तो यह सही है। एक अरब और 40 करोड़ लोग, एक खेल , दस (आईपीएल) टीमें, एक अंतरराष्ट्रीय टीम। इसके अलावा मुझे विश्व क्रिकेट को आगे ले जाने मे मदद का रवैया बहुत पसंद है। भारत इतने अंतरराष्ट्रीय मैच खेलता है और ऐसा इसलिए क्योंकि उसे पता है कि उसके दौरे से दर्शकों की रुचि बढती है और घरेलू बोर्ड का राजस्व भी। भारत नही होगा तो खेल में इतना राजस्व भी नही आएगा।

### इंग्लैंड ने आयरलैंड पर शिकंजा कसा

**लंदन।** ओली पोप के करियर के पहले दोहरे शतक और बेन डकेट के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 252 रन की साझेदारी के मदद से इंग्लैड ने शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी चार विकेट पर 524 रन पर समाप्त घोषित करके आयरलैड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना मजबूत शिकंजा कस दिया।पोप ने 205 रन की लाजवाब पारी खेली जबकि डकेट ने 182 रन बनाए। इन दोनों के प्रयास से इंग्लैड ने खेल के दूसरे दिन पहली पारी में 352 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। आयरलैड ने अपनी पहली पारी में 172 रन बनाए थे। पोप ने अपनी पारी में 22 चौके और तीन छक्के लगाए जबकि डकेट की पारी में 24 चौके और एक छक्का शामिल है। इन दोनों के अलावा जो रूट ने 56 रन का योगदान दिया। उन्होने और पोप तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। रूट के आउट होने से यह साझेदारी टूटी।एंडी मैक ब्रायन ने रूट को आउट करने के बाद पोप को भी पवेलियन भेजा। इंग्लैड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पोप के आउट होने के तुरंत बाद पारी समाप्त घोषित कर दी।

### प्रधानमंत्री ने भारतीय टीम को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जूनियर एशिया कप हॉकी का खिताब जीतने के लिए भारतीय टीम को शुक्रवार को बधाई दी और कहा कि यह सफलता देश के युवाओं की बढ़ती प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है।मोदी ने एक ट्वीट मे कहा, हमारी जूनियर पुरूष हॉकी टीम को पुरूष जूनियर एशिया कप मे उनकी शानदार जीत के लिए हार्दिक बधाई। उनकी जीत हमारे युवाओ की बढ़ती प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। उन्होने भारत को बहुत गौरवान्वित किया है।

### अदिति अशोक अमेरिका ओपन में दूसरे स्थान पर

**न्यू जर्सी।** भारत की अदिति अशोक यहां मिजुहो अमेरिका ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे बोगी रहित पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह पहले दौर के बाद दूसरे स्थान पर है। महिला गोल्फ के विश्व मे सबसे बड़े पेशेवर मंच पर भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय अदिति ने पहले दौर मे पांच बर्डी बनाई और इस बीच एक भी बोगी नही की। वह पहले दौर के बाद लॉरेन हार्टलेज (65) से दो शॉट पीछे है।

### वालारिवान और जाधव का उपकरणों की मरम्मत का प्रस्ताव स्वीकार

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने ओलंपियन निशानेबाज इलावेनिल वालारिवान और तीरंदाज प्रवीण जाधव का उपकरणों की मरम्मत और नवीनीकरण का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। इलावेनिल जर्मनी की वाल्थर फैक्ट्री में यह काम कराएगी जबकि प्रवीण तीरंदाजी के उपकरणो का दूसरा सेट खरीदेंगे क्योकि टूर्नामेंट के दौरान उपकरणो में खराबी आने पर सर्विसिंग के लिए समय नही होता।

### अफगानिस्तान ने पहले वनडे में श्रीलंका को छह विकेट से हराया

**हंबनटोटा।** इब्राहिम जादरान केवल दो रन से शतक से चूक गए लेकिन उनकी शानदार पारी के दम पर अफगानिस्तान ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां श्रीलंका को छह विकेट से हराकर तीन मैचो की श्रृंखला मे शुरुआती बढ़त हासिल की। अफगानिस्तान के सामने 269 रन का लक्ष्य था जो उसने चार विकेट खोकर 19 गेंद शेष रहते हुए हासिल किया।

# 1983 विश्व कप विजेता टीम पहलवानों के समर्थन में

## हड़बड़ी मे फैसला नही लेने का किया अनुरोध



**भाषा।** नई दिल्ली

**1983 विश्व कप** विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को पहलवानों के समर्थन में उतरते हुए उनसे आनन फानन में कोई फैसला नहीं लेने का अनुरोध किया और उम्मीद जताई कि उनके मसलों को सुना जाएगा और उसका हल निकाला जाएगा। एक संयुक्त बयान में 1983 विश्व कप विजेता टीम ने कहा कि वे चैम्पियन पहलवानों के साथ बदसलूकी की तस्वीरें देखकर काफी व्यथित हैं। लेकिन उन्हें उम्मीद है कि कानून अपना काम करेगा। भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों में गिरफ्तार करने की मांग को लेकर विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया 30 मई को हरिद्वार गए थे लेकिन पदकों को गंगा में विसर्जित नहीं किया। दिल्ली पुलिस ने 28 मई को प्रदर्शनकारी पहलवानों को कानून और व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में हिरासत में लिया था जब वे अनुमति के बिना नई संसद की तरफ मार्च कर रहे थे। पुलिस ने जंतर मंतर पर से उनका सामान भी हटा दिया और कहा कि पहलवानों को अब वहां प्रदर्शन के लिए लौटने की अनुमति नहीं मिलेगी। 1983 विश्व कप विजेता टीम ने पीटीआई को जारी बयान में कहा , हम चैम्पियन पहलवानों के साथ बदसलूकी की तस्वीरें देखकर काफी व्यथित हैं। हमें इसकी काफी चिंता है कि वे मेहनत से जीते गए पदकों को गंगा में बहाने की सोच रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा , इन पदकों के पीछे बरसों के प्रयास, बलिदान, समर्पण और मेहनत शामिल है। वे उनका ही नहीं बल्कि देश का गौरव हैं। हम उनसे अनुरोध करते हैं कि इस मामले में आनन फानन में फैसला नहीं ले और हम उम्मीद करते हैं कि उनकी शिकायतें सुनी जाएंगी और उनका हल निकाला जाएगा। कानून को अपना काम करने दीजिए। कपिल देव की कप्तानी में विश्व कप 1983 जीतने वाली टीम में सुनील गावस्कर, मोहिंदर अमरनाथ, के श्रीकांत, सैयद किरमानी, यशपाल शर्मा, मदन लाल, बलविंदर सिंह संधू, संदीप पाटिल, कीर्ति आजाद और रोजर बिन्नी थे। कपिल ने कहा , मैं व्यक्तिगत तौर पर कुछ नहीं कहूंगा। 1983 की पूरी टीम का समर्थन उस बयान को है जो हमने जारी किया है। इससे पहले अनिल कुंबले, रॉबिन उथप्पा और इरफान पठान जैसे पूर्व क्रिकेटरों ने भी पहलवानों का समर्थन किया था। सक्रिय क्रिकेटरों ने अभी तक इस पर कोई बयान नहीं दिया है। भालाफेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा और ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत के लिए पहला पदक जीतने वाले निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने भी नाराजगी जताई थी कि पहलवानों को इंसाफ के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।

## भारत को बिश्केक में दूसरे दिन कोई पदक नहीं

**भाषा।** बिश्केक

**भारतीय पहलवान** साजन भनवाल ने 0-7 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की लेकिन दूसरे पीरियड मे लय गंवाकर कांस्य पदक प्लेऑफ मे हार गए जबकि तीन महिला पहलवान शुक्रवार को यहां शुरु में ही बाहर हो गई जिससे देश यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट के दूसरे दिन कोई पदक हासिल नही कर सका। भानवाल (77 किग्रा) मुकाबले में शुरु मे काफी सुस्त लग रहे थे जिससे वह चीन के रूई लियू से पार टेरे दाव से अंक गंवा बैठे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए लगातार पांच अंक हासिल कर अंतर कम किया।चीन का पहलवान थका हुआ था लेकिन पूरी ताकत झोंकने के बावजूद भानवाल पांच अंक ही जुटा सके और 5-7 से हार गए। विकास को 72 किग्रा वजन वर्ग के कांस्य पदक प्लेऑफ मे जॉर्जिया के ओटार अब्दुलाद्जे से हार मिली। भारतीय ग्रीको रोमन की टीम इस तरह महज एक पदक - कांस्य - के साथ लौटेगी जो मंजीत ने 55 किग्रा वर्ग में हासिल किया था। राष्ट्रीय कोच हरगोबिंद सिंह ने पीटीआई से कहा, हम इस टूर्नामेंट मे कम से कम चार से पांच पदक जीत सकते थे।

# हरमनप्रीत के दो गोल, भारत जीता



## बेल्जियम को 5-1 से रौंदा

**भाषा।** लंदन

**कप्तान हरमनप्रीत** सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय हॉकी टीम ने शुक्रवार को यहां ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम को 5–1 से हराकर उलटफेर करते हुए एफआईएच प्रो लीग में अपने यूरोपीय चरण में लगातार हार के बाद शाानदार वापसी की। मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद ने मैच के दूसरे ही मिनट में भारत को बढ़त दिला दी और फिर हरमनप्रीत (20वें और 30वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दाग दिए। अमित रोहिदास (29वें मिनट) और दिलप्रीत सिंह (60वें मिनट) ने भारत के लिए अन्य दो गोल किए। बेल्जियम के लिए चौथे क्वार्टर में विलियम घिसलेन (46वें मिनट) ने गोल किया। भारतीय टीम प्रो लीग अंक तालिका में शीर्ष टीम के तौर पर यूरोप पहुंची थी। लेकिन यूरोपीय चरण के शुरुआती मैच में 26 मई को बेल्जियम से 1–2 से हार गई और फिर अगले दिन उसे ब्रिटेन से 2–4 से पराजय झेलनी पड़ी। भारतीय टीम बदला चुकता करने के इरादे से मैदान में उतरी और उसने शानदार शुरूआत की और दूसरे ही मिनट में मैदानी गोल कर दिया जिससे मुकाबले की लय तय हो गई।

## भारतीय महिला टीम की नजरें पहले जूनियर एशिया कप हॉकी खिताब पर

**काकामिगाहारा।** भारतीय पुरूष जूनियर टीम को मिली कामयाबी के बाद भारतीय महिला टीम भी शनिवार से शुरू हो रहे जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट मे खिताबी जीत के साथ उसे दोहराना चाहेगी। भारतीय जूनियर पुरूष टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को ओमान के सालालाह मे 2-1 से हराकर चौथी बार एशिया कप खिताब जीता। अब उससे प्रेरणा लेकर जूनियर टीम की नजरे भी पहले एशिया कप खिताब पर लगी है। भारत को पहले मैच मे शनिवार को उजबेकिस्तान से खेलना है। महिला जूनियर एशिया कप इस साल के आखिर मे होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप के लिए क्वालीफायर भी है। महिला जूनियर एशिया कप मे शीर्ष तीन टीमो को चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप मे सीधे प्रवेश मिलेगा।

# लक्ष्य थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में

## किरण हारे



**भाषा।** बैंकॉक

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को यहां पुरुष एकल में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ पर सीधे गेम में जीत से थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अल्मोड़ा के 21 साल के खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के क्वालीफायर को 21–19, 21–11 से हराया। इस जीत से वह इस सत्र में पहली बार अंतिम चार में पहुंचे। वह इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वार्टरफाइनल में हार गए थे। अब सेमीफाइनल में सेन का सामना चीन के पांचवें वरीय लु गुआंग जु और थाईलैंड के दूसरे वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वहीं एक अन्य पुरुष एकल मैच में किरण जॉर्ज का सफर फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से 16–21, 17–21 से हारकर समाप्त हो गया।

## पेरिस ओलंपिक की तैयारी यूटीटी के चौथे सत्र से शुरु होगी : शरत

**मुंबई।** शीर्ष भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल का कहना है कि अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारी अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के चौथे सत्र से शुरु हो जाएगी जो पुणे में 13 से 30 जुलाई तक खेला जाएगा। शरत ने कहा कि 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले हांगजोऊएशियाई खेलों के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं लेकिन मुख्य रूप से ध्यान 2024 पेरिस ओलंपिक पर लगा होगा। अभी लक्ष्य एशियाई खेलों का है लेकिन टीम इंडिया का मुख्य लक्ष्य पेरिस ओलंपिक है। जब यूटीटी शुरु होगा तो उलटी गिनती 12 महीनों के लिए होगी और मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से तैयारी इसी से शुरु होगी। जहां तक एशियाई खेलों का संबंध है तो हम तैयारियों के अंतिम चरण में हैं और तैयारी हो चुकी है।

# फ्रेंच ओपन : पेगुला तीसरे दौर में हारी





**भाषा।** पेरिस

**अमेरिका** की तीसरी वरीय जेसिका पेगुला को शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में एलिसे मर्टन्स से 1–6, 3–6 से हार का सामना करना पड़ा। पेगुला हाल में पांच मेजर टूर्नामेंट में से चार में क्वार्टरफाइनल में पहुंची थी जिसमें एक साल पहले रोलां गैरां भी शामिल है। हालांकि वह ग्रैंडस्लैम में इससे अगले दौर में नहीं पहुंची हैं। पेगुला को बेल्जियम की 28वीं वरीय मर्टन्स से हार मिली जो 2018 आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में और दो बार अमेरिकी ओपन के क्वार्टरफाइनल में भी पहुंची थी। मर्टन्स अब रविवार को 2021 फ्रेंच ओपन उप विजेता अनास्तासिया पावलयुचेंकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने 24वें नंबर की अनास्तासिया पोटापोवा को 4–6, 6–3, 6–0 से शिकस्त दी। इस तरह फ्रेंच ओपन से शीर्ष 10 में से चार महिला वरीय अब तक बाहर हो चुकी हैं जिसमें पेगुला के अलावा कैरोलिन गार्सिया, मारिया सकारी और पेत्रा क्वितोवा शामिल हैं। अन्य मैचों में अमेरिका की पेटोन स्टेर्न्स को दारिया कास्तकिना से 0–6, 1–6 से हार मिली। वहीं शुक्रवार को दूसरे नंबर की खिलाड़ी और आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन आर्यना सबालेंका और 11वें वरीय पुरुष खिलाड़ी कारेन खाचानोव ने जीत हासिल की।

# महर्षि दयानंद व दिल्ली विवि को बैडमिंटन में स्वर्ण

## पुरुष फुटबाल में एडमस कोलकाता और महिला फुटबॉल में गुरू जम्बेश्वर यूनिवर्सिटी चैंपियन

## तीरंदाजी में रिकर्व व्यक्तिगत में चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ के अंकितको स्वर्ण पदक

## तलवारबजी में हीं गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने महिला टीम सैबर और ईपी वर्ग के स्वर्ण पदक जीते



**लखनऊ।** पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2022 में प्रतिभाग कर रही यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की टीम ने आज बैडमिंटन में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। पुरुष बैडमिंटन में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक जीतने का गौरव हासिल किया। वहीं पुरुष फुटबाल में एडमस यूनिवर्सिटी कोलकाता और महिला फुटबॉल में गुरू जम्बेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार चैंपियन बने। तीरंदाजी में रिकर्व व्यक्तिगत के मुकाबलों में पुरुषों में चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ के अंकित राना और महिला में कोल्हन यूनिवर्सिटी की अंशिका कुमार सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। रिकर्व मिक्स टीम इवेंट में कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी हरियाणाए महिला रिकर्व टीम इवेंट में गुरु जंबेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार ओर पुरुष रिकर्व टीम इवेंट में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी चैंपियन बने। तलवारबाजी में पुरुष टीम फायल में बाबा साहेब अंबेडकर मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने तहलका मचाते हुए महिला टीम सैबर और महिला टीम ईपी दोनों वर्गो के स्वर्ण पदक जीते। जूडो में एआर अर्जुन, विशाल , नंदिनी वत्स और रोशनी लैसराम देवी ने अपनी श्रेष्ठता साबित की।बीबीडी यूनिवर्सिटी बैडमिंटन अकादमी के कोर्ट पर खेले जा रहे बैडमिंटन के मुकाबलों में महिला वर्ग के फाइनल में यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली ने जैन यूनिवर्सिटी को एकतरफा 2–0 से हराया। स्पर्धा का कांस्य पदक एडमस यूनिवर्सिटी को मिला। पुरुष बैडमिंटन का स्वर्ण पदक महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी ने सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को 3–2 से हराकर जीता। इस स्पर्धा का कांस्य पदक जैन यूनिवर्सिटी को मिला। महिला बैडमिंटन के फाइनल में आज यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली ने जैन यूनिवर्सिटी के खिलाफ पूरे मैच में दबदबा बनाये रखा। पहले सिंगल्स में यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की लिखिता श्रीवास्तव ने जैन यूनिवर्सिटी की जान्हवी को 21–18, 21–10 से हराया। इसके बाद डबल्स में यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की दीपशिखा व काव्या गुप्ता को जैन यूनिवर्सिटी के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में जीत के लिए खासा पसीना बहाना पड़ा। यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की जोड़ी ने यह मैच 15–21, 21–15, 21–8 से जीता। इससे दिल्ली ने खिताबी जीत अपनी झोली में डाल ली।

## साइकिलिंग दिवस पर साइकिल रैली आज

**लखनऊ।** बेहतर स्वास्थ्यए फिटनेसए इम्यूनिटी और पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिलिंग अपनाने के प्रति जागरूकता लाने के लिए विश्व साइकिलिंग दिवस के अवसर पर साइकिल रैली का आयोजन 3 जून 2023 को किया जाएगा। पेडल यात्री साइकिलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस साइकिल रैली की शुरुआत 1090 चौराहे से सुबह पांच बजे होगी तथा इसका समापन केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर होगा। पीसीए के सचिव व आयोजन सचिव आनंद किशोर पाण्डेय ने जानकारी दी।

## जिला एक्वाटिक आज से

लखनऊ। लखनऊ एमेच्योर एक्वाटिक एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल ने 33वीं लखनऊ जिला एक्वाटिक चैंपियनशिप-2023 का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र सरोजनी नगरए कानपुर रोड लखनऊ में 3 व 4 जून 2023 को करने की घोषणा की। आयु प्रमाण पत्र जमा करना सुबह 7: 00 बजे शुरू होगा और कार्यक्रम सुबह 8: 00 बजे से शुरू होंगे। यूपीएसए के नियमों के अनुसार लड़कों और लड़कियों के लिए तैराकी स्पर्धाओं में चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।